राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-185
लखनऊ, गुरुवार 22 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



निर्देशों का कड़ाई से पालन कराएं जिला निर्वाचन अधिकारी : रिणवा 03

भारत को विश्वगुरु बनाना प्रधानमंत्री का संकल्प : सीएम धामी 12

# कड़ी सुरक्षा में यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

## परीक्षा में गड़बड़ी और मिलीभगत पर आरोपियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

▶ सोशल मीडिया पर निगरानी को क्यूआरटी टीम गठित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में बोर्ड परीक्षा के दौरान भ्रामक खबरों की जानकारी और सच का पता लगाने के लिए क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। वहीं, गड़बड़ी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यूपी बोर्ड परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी और मिलीभगत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और जेल भी भेजा जाएगा। 22 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षा 12 कार्य दिवसों में पूरी होकर 9 मार्च को समाप्त हो जाएगी।

लखनऊ में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने प्रेसवार्ता की और तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रीक्षा समाप्त होने से पहले पेपर सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी। वहीं, भ्रामक खबरों की जानकारी व सच का पता लगाने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का भी गठन किया गया है। वर्तमान सरकार द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, उनकी धारण क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए, साफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन कराया गया। 2017 से पहले 12 हजार से भी अधिक केन्द्र बनते थे किन्तु ऑनलाइन केन्द्र निर्धारण व्यवस्था से कम परीक्षा केन्द्र (वर्ष 2024 की परीक्षा में 8265) बने, जिससे उनका पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण सुगम हुआ।

बोर्ड परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन कराने के लिए विगत वर्षो में अपनाई गई प्रक्रिया को और सुदृ? किया गया है। राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केन्द्र लखनऊ और परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमाण्ड एवम कन्ट्रोल सेंटर स्थापित किये गये हैं, जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं जनपद स्तरीय कन्ट्रोल एवम मॉनीटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जायेगी। परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निदान हेतु 02 हेल्प नम्बर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श हेतु 02 हेल्प नम्बर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किये गये हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं करायी गयी है। इनके माध्यम से जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की जायेगी। जनपदीय कन्ट्रोल सेन्टर को संचालित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा नामित प्रशासनिक अधिकारी को तैनात किया गया है। नकल की सम्भावनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रश्नपत्रों को खोलने की कार्यवाही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जायेगी तथा संकलन केन्द्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घण्टे निगरानी के लिए सशस्त्र बल एवं लाइव सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गयी है। स्ट्रांग रूम का प्रातः कालीन सचल दल द्वारा निरीक्षण की व्यवस्था की गयी है। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी समाज विरोधी तत्वों अथवा वाह्य व्यक्तियों को एकत्र न होने देने हेतु जिला प्रशासन को दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत धारा-144 लागू करने सहित अन्य सभी एहतियाती उपाय करने के निर्देश दिये गये हैं।

### 8,265 परीक्षा केंद्र बनाए गए

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए 8,265 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 15,71,184 छात्र तथा 13,76,127 छात्राएं (कुल-29,47,311) एवं इण्टरमीडिएट के 14,28,323 छात्र तथा 11,49,676 छात्राएं (कुल-25,77,997) सम्मिलित होंगे। कुल 55,25,308 परीक्षार्थियों में से 53,60,745 संस्थागत एवं 164563 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। नकल पर प्रभावी रोकथाम के कारण वर्ष 2024 में 1,64,563 छात्र/छात्राएं व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पंजीकृत हुए हैं जबकि 2017 में यह संख्या 3,53,106 थी। इसके अन्तर्गत बाह्य प्रदेशों से 2017 में पंजीकरण कराने वाले 1,50,209 परीक्षार्थियों के स्थान पर वर्ष 2024 में बाह्य प्रदेशों व अन्य बोर्डो के परीक्षार्थियों की संख्या भी मात्र 4905 रह गयी है।

### कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

**बलिया।** 22 फरवरी से शुरू होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा के साथ जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले में संचालित होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए बने स्ट्रांग रूम की भी निगरानी किया। जिलाधिकारी द्वारा पहले से ही स्ट्रांग रूम के बाहर और भीतर दो कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए थे। कंट्रोल रूम के माध्यम से उसके पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी का प्रबंध किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम में स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तीन शिफ्टों में 22 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में ड्यूटी कर रहे सभी कर्मचारियों को विद्यालयों में बनाये गये स्ट्रांग रूम की निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को कंट्रोल रूम में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के काम करने का समय, नाम और मोबाइल नंबर कंट्रोल रूम के बाहर चिपकाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए उपस्थिति रजिस्टर बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों से स्ट्रांग रूम के बाहर और स्ट्रांग रूम के भीतर के सीसीटीवी कैमरे संबंधी अन्य तैयारियों की ओके रिपोर्ट मंगवा लें।

## अपरम्पार है नैमिषारण्य की महिमा : मुख्यमंत्री योगी



▶ मुख्यमंत्री ने राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**नैमिषारण्य।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां कहा कि नैमिषारण्य की महिमा अपरंपार है। सभी धार्मिक ग्रंथों ने इस पावन तीर्थ की महिमा का गान किया है। तीरथ वर नैमिष विख्याता, अति पुनीत साधक सिद्धि गाथा... संत तुलसीदास ने सबसे विख्यात ग्रंथ रामचरित मानस में भी नैमिषारण्य की महिमा का ज्ञान किया है। मुख्यमंत्री योगी ने आज यहां श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना-प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। मंदिर में उन्होंने पूजन-अर्चन भी किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भगवान वेदव्यास के सानिध्य में हजारों ऋषियों ने यहां साधना की थी। 88 हजार ऋषियों ने इस क्षेत्र में साधना कर भारत की ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को वैदिक ज्ञान के रूप में लिपिबद्ध कर विरासत के रूप में दिया था।

देवासुर संग्राम में महर्षि दधीचि ने यहीं अस्थि दान किया था। सती के जिह्वा का भाग ललिता देवी के रूप में इसी स्थल पर गिरा था। शक्तिपीठ मां ललिता देवी का पावन धाम व चक्रतीर्थ यहीं पर है। इस कड़ी को जोड़ते हुए संत सनमुखानंद पुरी जी महराज ने राजराजेश्वरी मंदिर व आश्रम की स्थापना कर नई ऊंचाइयां प्रदान करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश, समाज व लोक की व्यवस्था को लोककल्याण के पथ पर उन्मुख करने के लिए जिस देवी का अनुष्ठान करते हैं, वह जगदंबा राजराजेश्वरी हैं, जो सबको नियंत्रित कर सन्मार्ग पर ले चलने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। नैमिश तीर्थ के महात्म्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इसे तीर्थ के रूप् में विकसित करने की कार्रवाई चल रही है। योगी ने कहा कि भारत की विरासत को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्रारंभ हुए कार्य अद्भुत हैं।

### विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म को बचाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजन सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। शास्त्र कहता है कि धर्म से हीन व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्म शाश्वत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से हम लोग अनुशासन, कर्तव्य व सदाचार का पाठ पढ़ते हैं। इनसे जुड़े नैतिक मूल्य का समन्वय ही वास्तव में धर्म है। पंथ-संप्रदाय, उपासना विधियां आएंगी-जाएंगी, लेकिन धर्म हमेशा शाश्वत रहता है। सनातन धर्म इस सृष्टि व मानवता का धर्म है। जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सनातन धर्म पर खतरा आएगा तो विश्व मानवता पर खतरा आएगा। सनातन धर्म का मूल यज्ञ है। यह ऋषि-मुनियों की साधना है। संत सनमुखानंद पुरी जी महराज ने नर्मदा नदी के तट पर कई वर्षों तक साधना की। उस साधना का प्रसाद सिद्धि के रूप में राजराजेश्वरी आश्रम व मंदिर के रूप में देखने को मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### छह प्रधानाध्यापकों सहित 44 के वेतन पर लगी रोक

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के छजलैट ब्लाक के खंड शिक्षाधिकारी मोहित कुमार ने दो दिन पहले छह परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में सामने आई खामियों और इन विद्यालय को निपुण बनाने में अनदेखी पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजित कुमार के निर्देश पर बुधवार को 6 प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज अध्यापकों सहित 44 के वेतन और मानदेय को रोक लगाई गई है। साथ ही इन सभी से जल्द विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए कहा गया है।

### बिहार विस उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बिहार विधानसभा सचिवालय की अधिसूचना के अनुसार, श्री महेश्वर हजारी ने बुधवार पूर्वाह्न से उपाध्यक्ष का पद त्याग दिया है । श्री हजारी के पद त्यागने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। श्री हजारी राज्य में सत्तारूढ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कल्याणपुर विधानसभा सीट से विधायक है।

### गडकरी आज 13 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**बेंगलुरु।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कर्नाटक में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए गुरुवार को राज्य का दौरा करेंगे। गडकरी उत्तर कर्नाटक क्षेत्र में 6,975 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं को हरी झंडी देंगे। वह 6,168 करोड़ रुपये की विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री एक विशेष उड़ान से गुरुवार सुबह नयी दिल्ली से बेलगावी पहुंचेंगे।

## यूएई सहित 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित होगी नीट की परीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले भारतीय प्रवासी छात्रों की सुविधा के लिए 14 विदेशी शहरों में नए केंद्र आवंटित किए हैं।

एनटीए की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत के बाहर इस वर्ष की मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए संयुक्त अरब अमीरात को तीन परीक्षा केंद्रों के आवंटन की घोषणा की गई है। ये परीक्षा केंद्र दुबई, आबू धाबी और शारजाह में होंगे। कुवैत सिटी (कुवैत), थाईलैंड की राजधानी बैंकाक, श्रीलंका की राजधानी कोलंबो, कतर की राजधानी दोहा, नेपाल की राजधानी काठमांडू, मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर, नाइजीरिया के लागोस, बहरीन की राजधानी मनामा, ओमान की राजधानी मस्कट, सऊदी अरब की राजधानी रियाद और सिंगापुर शहर में भी होगी। विदेशों के इन 14 शहरों के अलावा नीट 2024 पूरे भारत के 554 शहरों में आयोजित की जाएगी। नीट 2024 आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 9 मार्च है। आवेदन सुधार विंडो अप्रैल के पहले सप्ताह में खुलने की संभावना है। नीट 2024 भारतीय समय के अनुसार 5 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5.20 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### उप्र में 23 तक बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना

**कानपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के साथ सक्रिय चक्रवात से उत्तर प्रदेश के मौसम में बराबर बदलाव देखा जा रहा है। पूर्वानुमान के अनुसार बुन्देलखण्ड और उससे सटे जनपदों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है। इससे किसानों में चिंता की लकीरें खिंच गई क्योंकि फसल का नुकसान हो रहा है। अभी 23 फरवरी तक स्थानीय स्तर पर पूरे यूपी में ओलावृष्टि के साथ बारिश की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे सटे उत्तरी पंजाब और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में बना हुआ है।

## ट्रक व ऑटो रिक्शा की टक्कर में नौ की मौत

▶ बिहार के लखीसराय-सिकंदरा मार्ग पर हादसा, पांच घायल

एजेंसी

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक आउट पोस्ट क्षेत्र के बिहरौरा गांव में लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार रात डेढ़ बजे एक ट्रक और ऑटोरिक्शा के बीच हुई सीधी टक्कर में ऑटो चालक समेत नौ युवक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 21 फरवरी को रात्रि करीब 01:30 बजे रामगढ़ चौक ओपी स्थित बिहरौरा के समीप लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक की ऑटोरिक्शा से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार कुल चौदह लोगों में से आठ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ऑटो चालक समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लखीसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑटो चालक मनोज कुमार (28) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह लखीसराय के रहने वाले थे। चिकित्सकों ने शेष पांच घायलों को आरंभिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल रेफर कर दिया।

### पीएम मोदी ने हादसे को लेकर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय में एक सड़क दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से 'एक्स पर किए गए एक पोस्ट के मुताबिक मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

## शंभू व खनौरी बॉर्डर पर टकराव में 23 किसान हुए घायल, एक की मौत

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा सीमा पर किसानों का आंदोलन जारी है। बुधवार को किसानों ने दिल्ली कूच किया तो पुलिस से झड़प हो गई। 23 आंदोलनकारी घायल हुए हैं। बठिंडा के एक नौजवान की मौत हो गई।

पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने घायल किसानों से अस्पताल में मिले और उनका हालचाल जाना। किसानों और हरियाणा पुलिस के बीच टकराव हो गया। इस दौरान 23 लोग घायल हुए हैं। वहीं एक नौजवान की मौत हो गई। नौ आंदोलनकारी शंभू और 14 खन्नौरी बॉर्डर पर घायल हुए हैं। शंभू बॉर्डर पर घायल होने वाले सभी नौ किसानों को मामूली चोट आई है।

### शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालें किसान : मुंडा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर आंदोलनकारी किसानों के साथ बातचीत का प्रस्ताव दिया है। पार्टी ने किसानों से शांतिपूर्वक तरीके से समाधान निकालने की अपील की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में किसानों के लिए बहुत काम किया है। किसानों का विकास हमारी प्राथमिकता है और हमेशा रहेगी।

### ईडी ने बिश्नोई गिरोह मामले में चीकू को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह एवं अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। अदालत ने उसे पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 5 दिसंबर, 2023 को हरियाणा और राजस्थान में गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गिरोह और खालिस्तानी आतंकी समूहों के नजदीकी गुर्गे चीकू और अन्य से संबंधित 13 परिसरों पर छापेमारी की थी।

## समुद्री सुरक्षा के लिए मिलन अभ्यास महत्वपूर्ण

▶ विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री ने नौसैन्य अभ्यास का किया उद्घाटन

एजेंसी




**विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास %मिलन-2024% का विशाखापत्तनम में औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने इस अभ्यास में शामिल हो रहे 50 मित्र देशों को हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि हमें समुद्र में लोकतांत्रिक और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के अनुरूप सकारात्मक शांति की अपेक्षा करनी चाहिए, जहां व्यक्तिगत देश साझा शांति और समृद्धि प्राप्त करने के लिए एक-दूसरे के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। शांति की यह अवधारणा प्रत्यक्ष सैन्य संघर्ष से अलग है, क्योंकि इसमें सुरक्षा, न्याय और सहयोग की व्यापक धारणाएं शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा ऐतिहासिक अनुभव हमें बताता है कि सशस्त्र बल भी शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे निवारण, संघर्ष निवारण एवं शांति-रक्षण जैसी अवधारणाओं और प्रथाओं में और विशेष रूप से आपदाओं के दौरान विभिन्न मानवीय सहायता प्रयासों में भी देखा जाता है। रक्षामंत्री ने इस अवसर पर मिलन गांव का भी उद्घाटन किया। मिलन गांव में दो दर्जन से अधिक स्टाल लगाए गए हैं इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना को इस मिलन के दौरान अपने दोस्तों और भागीदारों के साथ सार्थक बातचीत, रचनात्मक जुड़ाव और सकारात्मक परिणामों की उम्मीद है। इसलिए हमारे प्रतिभागियों को सर्वव्यापी अनुभव प्रदान करने के लिए इस बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन : 17 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस, न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच सीटों पर सहमति होने के बाद दोनों दलों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में गठबंधन का एलान किया है और मीडिया को संबोधित किया। यूपी में लोकसभा चुनाव के लिए सपा व कांग्रेस के बीच गठबंधन का एलान हो गया है। कांग्रेस 17 सीटों चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी बची 63 सीटों पर हमारे सभी सहयोगी दलों को जगह दी जाएगी।

लखनऊ में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि हम मिलकर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस पूरे देश को जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि हम उनके प्रति आभार जताते हैं कि उनके प्रयासों से ही यह गठबंधन अंजाम तक पहुंचा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी सुविधानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। सपा के नेता व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि हम भारत को बचाने के लिए और भाजपा को हटाने के लिए एक साथ आए हैं। आज किसान परेशान हैं। जवान परेशान हैं। लोकतंत्र खतरे में है। ऐसे में हम भाजपा को हटाने के लिए संकल्प लेकर एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से हटाने में सक्षम है।

### इन सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया। संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी और सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उपस्थित रहे।

मुलाकात

### प्रधानमंत्री मोदी और ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस ने हैदराबाद हाउस में की वार्ता

## 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करना हमारा लक्ष्य

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। पीएम मोदी ने ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

पिछले वर्ष मेरी ग्रीस यात्रा के बाद उनकी यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का संकेत है और 16 वर्षों के बाद ग्रीस के प्रधानमंत्री का भारत आना अपने आप में एक ऐतिहासिक उत्सव है। हमारी आज की चर्चाएं बहुत सार्थक रहीं। पीएम मोदी ने कहा, हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए तेजी से अग्रसर हैं। हमने अपने सहयोग को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए कई नए अवसरों की पहचान की है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को आपस में जोड़ने पर सहमति जताई है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और ग्रीस की चिंताएं और प्राथमिकताएं समान हैं। हमने इस क्षेत्र में अपने सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की है। पीएम मोदी ने ग्रीक के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, हमने कई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान वार्ता और कूटनीति से ही किया जाना चाहिए। हम इंडो-पैसिफिक में ग्रीस की भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं। भारत और ग्रीस वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा।

### पीएम गुजरात और उ.प्र. को देंगे परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 और 23 फरवरी को गुजरात और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात में 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे, कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और काम की शुरुआत करेंगे। वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। गुजरात से जुड़ी विकास परियोजनाओं से राज्य में सड़क, रेल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, इंटरनेट कनेक्टिविटी, शहरी विकास, जल आपूर्ति और पर्यटन सहित क्षेत्रों को प्रमुख बढ़ावा मिलेगा। वाराणसी और आस-पास के क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं से क्षेत्र में सड़क, उद्योग, पर्यटन, कपड़ा, स्वास्थ्य क्षेत्रों को प्रमुख प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री संत गुरु रविदास जन्मस्थली पर पूजा और दर्शन करेंगे। बीएचयू के स्वतंत्रता सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह में हिस्सा लेंगे।

# धक्के के सहारे एम्बुलेंस, खुद को इलाज की जरूरत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित सरकारी एंबुलेंस कब कहां जवाब दे जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर नहीं हो पा रही हैं। सोशल मीडिया पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ की एक एंबुलेंस में धक्का लगा रहे लोगों का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सरकारी एंबुलेंस स्टार्ट नहीं हो पा रही है इसके बाद कुछ लोग एंबुलेंस में धक्का लगाते नजर आ रहे हैं। ऐसी एंबुलेंस यदि मरीज को ले जा रही है और मार्ग में बंद हो जाए तो मरीज की स्थिति क्या होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग में प्रदेश सरकार द्वारा भले ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लगातार दुरुस्त बनाने की बात कही जा रही हो। लेकिन तस्वीर देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजुआ में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की किस तरह पोल खुल रही है। त्वरित उपचार कराने को लेकर जीवनदायिनी एम्बुलेंस संचालित की जा रही है। इस समय एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग सरकारी एंबुलेंस में धक्का लगाकर स्टार्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।



सरकारी एंबुलेंस में धक्का लगाने का मामला ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के बस्तौला के पास का है। यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ की एक सरकारी एंबुलेंस अचानक खराब हो गई इसके बाद कुछ लोग उसमें धक्का लगाते नजर आ रहे हैं। जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो इस समय खूब वायरल हो रहा है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर किसी मरीज को एंबुलेंस की तत्काल आवश्यकता पड़ जाए तो इस एंबुलेंस को समय रहते मरीज तक कैसे पहुंचाया जा सकता है। गंभीर मरीजों को लाने व ले जाने के लिए सरकार ने एंबुलेंस व्यवस्था चालू की थी लेकिन समय के थपेड़ों के चलते आज यह एंबुलेंस खटारा हो चुकी हैं।एम्बुलेंसों का यह हाल है कि किसी के टायर खराब है तो किसी की बैटरी खराब है किसी की सेल्फ खराब है।

**एंबुलेंस में धक्का लगाकर स्टार्ट करने का प्रयास किया जा रहा है परंतु वीडियो देखकर यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह एंबुलेंस कहां की है। किसी एंबुलेंस में खराबी होने पर मेरे पास सूचना आ जाती है। किसी भी खराब एंबुलेंस की सूचना नहीं प्राप्त हुई है यदि सूचना प्राप्त होगी तो अवगत करा दिया जाएगा।**

**रविंद्र मौर्या एंबुलेंस प्रभारी लखीमपुर खीरी**

जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खस्ता हाल एंबुलेंस को स्टार्ट करने में चालकों को पसीना आ जाता है। तीमारदारों का कहना है कि नई एंबुलेंस मंगाई जाएं ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके।

# ब्लॉक ऑफिस में नही पेयजल-शौचालय की सुविधाएं, शोपीस बने आरओ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिस कार्यालय से गांवो के विकास की नींव रखी जाती है उसी कार्यालय प्रांगण में पानी की व्यवस्था नही है। सिरौलीगौसपुर विकास खण्ड परिसर में लगे आरओ मशीन से पानी नही निकल रहा।

शौचालय में भी पानी नहीं रहता है जिससे ब्लाक कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी को प्यास बुझाने के लिए घर से पानी लाना पड़ता है बोतल का पानी खरीदना पड़ रहा है। वही शौच के लिए शौचलय में पानी ने होने से कर्मचारियों व फरियादियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक परिसर में पानी की व्यवस्था न होने से कर्मचारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ब्लाक के ऊपर बने काम्प्लेक्स शौचलय में ताला लगा रहता है नीचे शौचलय में पानी नही आता जिससे शौच के साथ ही पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है।

ब्लॉक के एक कर्मचारी ने बताया कि वह परिसर में पीने के लिए पानी घर से लाते हैं । लेकिन शौच जाने के लिए पानी की लिए तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में प्रभारी बीडीओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल ने बताया पानी की व्यवस्था जल्द ही करवाती हूँ।

## आरटीओ की आमद से गलियों में छुपे ऑटो चालक

**जैदपुर, बाराबंकी।** आरटीओ की आमद से गलियों में छुपे रहे आटो चालक, नाबालिग चालक भी ई रिक्शा लेकर इधर उधर खरगोश की कान खड़े कर अधिकारियों के जाने का रास्ता देखते रहे। घंटों तक अफरा तफरी का महोल बना रहा। जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुबह थाना जैदपुर क्षेत्र में आरटीओ के आने की सूचना आग की तरह फ़ैल गयी। जिसे लेकर एक दूसरे की सूचना पर वाहन चालक सही जगह देख वाहन को खड़ा कर आरटीओ के वापस जाने की राह देखते रहे। जबकि कस्बे में तमाम ई रिक्शा चालक भी अपना रिक्शा लेकर भागने लगे। भारी संख्या में नाबालिग और बिना लाइसेंस के चालक एक दुसरे से उनके जाने की खबर लेते रहे। और जैसे ही आरटीओ की गाड़ी वापस गयी। फिर से चालकों का वहीं पूरा काम चालू हो गया।



## सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था ने किया प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर राजगढ़ स्थित सामाजिक कार्यालय सिक्योर वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन संस्था चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण प्रोग्राम जो महिलाओं द्वारा संचालित किये जाते हैं ,द्वारा जय कोचिंग क्लासेस फिजिक्स , एल आई सी के पीछे गोला गोकरण नाथ में आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति वितरण किये गये। महिला सशक्तिकरण प्रोग्राम में महिलाओं द्वारा संचालित किये जा रहे वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स के बैच में छात्र प्राची वर्मा , राधा बाबा , निधि यादव , अनुपम सक्सेना , सरिता देवी , आस्था राठौर , दीक्षा सक्सेना , भावना सिंह कश्यप , शबीना , कीर्ति , नंदनी गुप्ता , माधुरी आदि छात्रों को मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर महेंद्र सोनर द्वारा स्कालरशिप व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर अध्यापिका कल्पना देवी , साधना गुप्ता , मीना सक्सेना ने अपना मानदेय मुख्य अतिथि द्वारा प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एडवाइजर मति अल्पना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के जिला को-ऑर्डिनेटर हर्ष सक्सेना , कार्यालय प्रमुख कशिश गुप्ता तथा अध्यापिका गीता शर्मा , मीना सक्सेना , सुषमा शुक्ला , स्वाति दीक्षित , कल्पना देवी , समीक्षा वर्मा , अर्चना जायसवाल , अंश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# वाहन से चौकीदार की मौत, कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए किया रेफर**

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटनाओ में अज्ञात वाहन से कुचलकर जहां चौकीदार की दर्दनाक मौत हो गई वहीं तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

कोतवाली क्षेत्र में बहादुरपुर मजरे नैपुरा गांव निवासी हरिशंकर रावत 60 वर्ष कोतवाली का चौकीदार था। सुबह लगभग 5 बजे हरिशंकर सड़क से थोड़ी दूर पर स्थित अपने घर से शौच के लिए निकला था। सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया दुर्घटना के बाद कई वाहन लाश को कुचलते हुए निकल गए। परिजनों ने कपड़ों व चप्पल से मृतक की पहचान की। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय रवाना कर दिया। वही दूसरी घटना लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर नहर कॉलोनी के निकट हुई जिसमे 35 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

जनपद रायबरेली के थाना महाराजगंज अंतर्गत भैयापुर गांव निवासी 35 वर्षीय रमेश चंद किसी कार्य से अपनी बाइक से हैदरगढ़ की ओर आ रहा था कि नगर के भटखेरा वार्ड में नहर कॉलोनी के निकट स्थित कट पर पीछे से आ रही तेज रफ़्तार वरूना कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक द्वारा दुर्घटना स्थल पर छोड़ी गई कार को अपने कब्जे में लेकर घटना की छानबीन कर रही है।

## युवक का शव जंगल मे पेड़ से लटकता मिला, शिनाख्त नहीं

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैदपुर रोड पर स्थित जंगल मे एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पेड़ के फंदे से लटकता मिला शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की घटनास्थल से करीब 5 सौ मीटर की दूरी पर मृतक की साईकिल भी बरामद हुई है। बुधवार की सुबह सफदरगंज चौराहे के निकट उस समय हड़कंप मच गया जब सराय का स्थान गांव के निकट स्थित जैदपुर सफदरगंज मार्ग से थोड़ी दूर पर एक युवक का शव बबूल के पेड़ मे गमछे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों मे लटक रहे शव को पेड़ से उतरवा कर शिनाख्त की कोशिश की परन्तु शिनाख्त न हो पाने पर पुलिस ने अज्ञात दशा मे पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ( घटनास्थल से 5 सौ मीटर की दूरी पर मिली तालाबंद साईकिल) मृतक का शव जिस जगह पर लटक रहा था उससे करीब 5 सौ मीटर की दूरी पर एक साईकिल खड़ी मिली जिसकी चाभी व एक रुपये का सिक्का मृतक की जेब से बरामद हुआ। साइकिल पर पड़ी पानी की बूंदो से अंदाजा लगाया जा रहा हैं घटना रात्रि मे हुई बारिश से पहले का है। बहरहाल साईकिल से आकर फांसी लगाने वाला कही दूर का न होकर पास पड़ोस का ही हो सकता है लेकिन शव की शीनख्त न होना पाना पुलिस के लिए सिरदर्द है।



## गठबंधन की घोषणा से कांग्रेस सपा कार्यकर्ताओं ने किया मुह मीठा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन की घोषणा होने पर कांग्रेस व सपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बाराबंकी सीट कांग्रेस के खाते में जाने की उम्मीद को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तनुज पुनिया को बधाई भी देने लगे । कस्बा बदोसराय में अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष इंतिखाब आलम नोमानी, बीके सिंह, परवेज आलम सहित तमाम लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई।वही ग्राम पंचायत पंजरौली में कांग्रेस कार्यकर्ता शिव कुमार वर्मा ने हनुमान मनक्सीर पर प्रसाद चढ़ाया और मिठाई का वितरण किया। इस अवसर निर्मल वर्मा, गोपी चंद वर्मा, मोहम्मद इरफान, अमन वर्मा, रमन वर्मा श्याम कुमार वर्मा डॉक्टर शिव शंकर वर्मा राजकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पीएम आवास योजना का कल होगा सोशल ऑडिट

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 23 फरवरी 2024 को नगर पंचायत रामनगर में लाभार्थियों के सामाजिक मूल्यांकन हेतु सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया है जिसमें डूडा के अधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी एवं सभासद समेत स्थानीय लाभार्थी भी प्रतिभागी करेंगे। गोष्ठी का आयोजन सरकार की संस्था क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ एवं राज्य नगरीय विकास अभिकरण(सूडा) उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला नगरी विकास अभिकरण (डूडा) बाराबंकी के परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी ने दी।

### शारदा सहायक नहर में युवक का शव बरामद

**बेलहरा,बाराबंकी।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगौली के पास शारदा सहायक नहर मे एक युवक का शव बरामद हुआ। शव की पहचान जनपद सीतापुर के महमूदाबाद थाना क्षेत्र निवासी एक युवक के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के मदारपुर निवासी 28 वर्षीय रामकरन पुत्र राम नरेश बीते 13 फरवरी को घर से अचानक लापता हो गया था जिसकी परिजनो द्वारा थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। वहीं दूसरे दिन पैंतेपुर पुल के पास शारदा नहर में किसी युवक के डूबने की सूचना पर पुलिस ने एसडीआर टीम और गोताखोरों की मदद से नहर में काफी दूर तक सर्च ऑपरेशन चलाया मगर युवक का कहीं पता नही चल सका था।बुधवार को भागौली रेगुलेटर पर शारदा सहायक नहर मे मिले शव की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने शव की पहचान रामकरन के रूप में की।परिजनो ने बताया की युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था जो इधर-उधर घूमता रहता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### नाले में बच्ची के गिरने से मौत, परिजनों में कोहराम

**सिंगाही खीरी।** कस्बे में डेढ साल की अबोध बालिका की नाला में गिर जाने की वजह से डूबकर मौत हो गई। दूध मुही बच्ची की मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बुधवार को सुरेश गुप्ता निवासी वार्ड नम्बर चार भेडौरा डेढ़ साल की अबोध बच्ची मानवी भेडौरा के बरम बाबा पूज्यनीय स्थल पर अपनी बहन हेमलता गुप्ता व पीहू गुप्ता के साथ खेल रही थी। बरम बाबा के स्थान के किनारे बने चिरकुवा सड़क पर जाने वाला नाला में बच्ची का पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरी नाला में सफाई के अभाव में पानी अधिक था। जिसमें डूब कर उसकी मौत हो गई। नाले में गिरते देख उसकी बहन दौड़ती हुई घर पहुंची और अपने मां-बाप को सारा वाकया सुनाया जब तक घर वाले आते तब तक बच्ची की डूब कर मौत हो चुकी थी बच्ची की मौत से परिजनों रो-रोकर उनका बुरा हाल है।

# मांगों को लेकर स्वच्छताग्राही कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन



**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

ग्रामीण स्वच्छताग्राही कर्मचारी संघ ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी व लोक निर्माण मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जितिन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने न्यूनतम वेतनमान दिए जाने की मांग की। स्वच्छता ग्राही संघठन के जिला अध्यक्ष मानिक चन्द प्रजापति ने कहा कि पुरे प्रदेश से सक्रिय करीब 69000 स्वच्छताग्राही के द्वारा लखनऊ में आठ जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना इको गार्डन में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। क्योंकि स्वच्छताग्राही को मुख्यमंत्री ने एक अक्तूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के मौके पर सीतापुर के नेमि शारण्य में न्यूनतम वेतन देने की बात कही थी। लेकिन इस घोषणा के बाद अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने न्यूनतम वेतनमान को जारी किए जाने की मांग की है।

## कांग्रेस का साथ दे रही सपा नही है दूध की धुली

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

धोखेबाज कांग्रेस का साथ दे रही समाजवादी पार्टी भी दूध की धुली नही है। दोनों के पाप और फरेब तराजू में बराबर बैठते हैं। पूर्व में प्रयोग कर फेल हो चुके राहुल व अखिलेश एक बार फिर झूंठ के सहारे मैदान में आ चुके हैं मगर इनकी नीयत और फितरत व आदत से वाकिफ जनता इन्हें फिर घर वापस भेज देगी। लोकसभा चुनाव से पहले ही इन दोनों का अंजाम तय हो चुका है। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने सबसे पहले कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबंध लगाकर कांग्रेस अरसा पहले ही अपनी नीयत का प्रदर्शन कर चुकी है। पसमांदा समाज को वोटबैंक बनाकर कांग्रेस ने सिर्फ इस्तेमाल करना ही सीखा, सत्ता सदन व संगठन से बरसो दूर रखा, वही दशा आज भी है।

# भाकियू के नेतृत्व में किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

**मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज**

भाकियू के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टर रैली गोला मण्डी से मोहम्मदी मण्डी तक निकालकर प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम 15 सूत्री मांग पत्र एसडीएम डॉ अवनीश कुमार को सौंपकर समस्याओं को हल कराने की मांग की। यह भी स्पष्ट किया कि मांगें पूरी नहीं की गईं तो रैली को आंदोलन का रूप देकर प्रदर्शन किया जाएगा। बुधवार को भाकियू (क्रांति) के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान गोला मण्डी में एकत्रित हुए। यहां से ट्रैक्टरों पर सवार होकर मोहम्मदी तहसील मण्डी की तरफ रवाना हुए। ट्रैक्टर रैली गोला मण्डी से शुरू होकर ममरी, हैदराबाद, रेहरिया, लखहा गुरुद्वारा पहुंची, गोमती मोड़ होती हुई, बरवर चौराहा होते हुए, मोहम्मदी मण्डी पहुंची। यहां किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। साथ ही भारी पुलिस बल तैनात था। अरुण कुमार सिंह और कोतवाली प्रभारी चन्द्र शेखर सहित कई थानों का फोर्स मौजूद थे। यहां किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। किसान नेता ने कहा कि सरकार से लेकर सरकारी विभाग किसानों का शोषण करते आ रहे हैं। ऊर्जा निगम, चकबंदी विभाग, तहसील आदि जगह किसानों की समस्याएं हल नहीं हो रही हैं। किसानों को छोटी से छोटी समस्या के लिए धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ता है। इस दौरान मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार को किसानों ने राष्ट्रपति के नाम 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा। उन्होंने समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किसान नेताओं सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# भारत-नेपाल सीमा स्थित कवच आउटपोस्ट गौरीफंटा का एसपी ने किया लोकार्पण

**गौरीफंटा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला लखीमपुर खीरी की इंडो नेपाल सीमा पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा विधि विधान से पूजन करके भारत नेपाल सीमा स्थित कवच आउटपोस्ट गौरीफंटा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी पलिया, प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीफंटा व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण, एसएसबी तथा वन विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण तथा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति तथा स्थानीय जनता उपस्थित रही। नवनिर्मित कवच आउट पोस्ट में आने वाले समय में अपनी सार्थकता को सिद्ध करेगी तथा कवच आउट पोस्ट द्वारा भारत नेपाल बॉर्डर के सीमा पर होने वाली तस्करी एवं अन्य अनैतिक व्यापार व आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम में काफी मदद मिलेगी एवं सुरक्षा के दृिष्टगत भारत नेपाल सीमा पर आने जाने वाले संदिग्ध लोगो पर नजर रखी जायेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा भारत नेपाल राष्ट्र की सीमा पर विशेष चौकसी बरतने के संबंध में एसपी द्वारा आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। उक्त कवच आउट पोस्ट पर नियुक्त पुलिस कर्मियों हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा निम्न दिशानिर्देश दिये गये है। कवच आउट पोस्ट पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा स्थानीय एसएसबी व वन विभाग कर्मियों से समन्वय स्थापित करके प्रभावी गस्त एवं निगरानी की जायेगी।



स्थानीय नागरिकों को सी प्लान के तहत जोड़ा जायेगा जिससे महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान में मदद मिलेगी। थाना/कवच आउट पोस्ट पर नियुक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पड़ोसी नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती इलाके में नियुक्त अपने अपने काउन्टर पार्ट/समरैंक पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण/संवेदनशील सूचनाओं का आदान प्रदान किया जायेगा। जिससे संदिग्धों की पहचान/कार्यवाही में मदद मिल सकेगी।

## कच्ची शराब व उपकरण सहित अभियुक्त समेत दो गिरफ्तार

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने कच्ची शराब व वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर एक शातिर अभियुक्त समेत दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने शातिर अभियुक्त के पास से भारी मात्रा में अपमिश्रित कच्ची शराब व यूरिया समेत शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देशन में कच्ची शराब व वांछित वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआई गौरव कुमार द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें नवल किशोर निवासी लठौनापुरवा खखरा के पास से पुलिस ने दस लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब, शराब में मिलाने के लिए



रखी लगभग तीन किलो यूरिया व शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद करने का दावा किया है। इसके अलावा पुलिस ने माखन निवासी श्रीपालपुर को वारंट के तहत गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि नवल किशोर शातिर अभियुक्त है जिसके विरुद्ध हत्या, शस्त्र अधिनियम व आबकारी अधिनियम के तहत कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। इसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के साथ साथ मिलावटखोरी की धारा में अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# वैज्ञानिक खेती से देश का बढ़ा खाद्यान्न सामर्थ्य: अंगद सिंह

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग ये स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा जेबीएस महाविद्यालय दुलहदेपुर में पूरेडलई विकास खण्ड के कृषकों की जागरूकता के लिए ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में पूरेडलई ब्लाक क्षेत्र के किसान, स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारी एवं कृषक समूहों के सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों सहित ढाई सौ से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह, राज्य



कृषि मौसम सेवा, मौसम विज्ञान केन्द्र अमौसी, लखनऊ के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह, कृषि वैज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर कुमार पांडेय एवं संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया तथा प्रतिभागियों को कृषि मौसम सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह कहा कि जिस समय देश आजाद हुआ था उस समय देश की आबादी करीब 38 करोड़ थी, देश में खाद्यान्न संकट था, लोग भूखों मर रहे थे, आज देश की आबादी लगभग चार गुना बढ़ी है, 140 करोड़ देशवासियों के लिए रहने का घर, स्कूल, कालेज, सड़कें बनानी पड़ी हैं। विकास के इस दौर में कृषि भूमि घटी है फिर भी आज देश मे खाद्यान्न की कमी नही है, हम दूसरे को खिलाने की सामर्थ्य रखते हैं यह सामर्थ्य कृषि के वैज्ञानिक और उन्नत तरीको से आई है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार, राज्य कृषि मौसम सेवा केंद्र,मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ अतुल कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को पावर प्रजेंटेशन के द्वारा मौसम आधारित परामर्श के आधार पर खेती करने के लिए बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा समीर कुमार पांडेय ने जैविक और प्राकृतिक खेती पर जोर देकर प्रतिभागियों को बताया कि हमारी खेती मौसमी तत्वों पर निर्भर करती है, मौसमी तत्व, फसलों के प्रकार व विभिन्न प्रजातियाँ, फसलों में होने वाली बीमारियाँ, कीट से बचाव का प्रबंधन इत्यादि की जानकारी रखनी चाहिए। कृषि जोखिम का बचाव की जानकारी मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय समय पर दी जा रही है। अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार व जिला समन्वयक जियालाल तथा महामंत्री विनोद कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रगतिशील किसान बाल गोविंद वर्मा, डॉ सुरेश चंद्र शर्मा, राजेश कुमार, रम्पता, पूजदेवी, रीता तिवारी,संतोष कुमारी, उषा देवी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ता जियालाल, विनोद कुमार, स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मोटे अनाज के उत्पादन की पद्धति प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तृतीय वाहिनी एसएसबी के द्वारा सीमा चौकी चंदन चौकी के कार्यक्षेत्र में 25 एवं 60 ग्रामीणों को रोजगार सृजन के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन एवं कृषि विकास हेतु मशरूम, हल्दी एवं मोटे अनाज के उत्पादन हेतु महिन्द्रा स्किल्स एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड 23 जनवरी से 21 फरवरी तथा 12 फरवरी से 21 फरवरी तक (30 दिन एवं 10 दिन) चलने वाले प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती नागरिकों को कृषि क्षेत्र के विकास एवं रोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के विकास में योगदान देना था। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति उप कमांडेंट, तृतीय वाहिनी एसएसबी बृजेश यादव, चंदन चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार और पंचायत के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।



इस कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रीशियन एवं मशरूम, हल्दी एवं मोटे अनाज उगने की पद्धति के प्रशिक्षण के अतिरिक्त ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत अभियान, साइबर क्राइम तथा स्वच्छ भारत अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया और केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पंचायत के प्रधान, स्कूल के प्रधानाध्यापक तथा 25 एवं 60 प्रशिक्षु, 65 स्थानीय लोग कुल 150 लोग समिल्लित रहे । इस कार्यक्रम का समापन बृजेश यादव, उप कमांडेंट, तृतीय वाहिनी, लखीमपुर खीरी, श्री हर्षल, प्रबंधक, महेंद्रा स्किल्स एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा किया गया। तृतीय वाहिनी की तरफ से समवाय चंदन चौकी प्रभारी श्री रिनझीन अंगचुक, सहायक कमांडेंट, समवाय पंचपेड़ा प्रभारी निरीक्षक(सामान्य) गौड़ मोहन राय, निरीक्षक(सामान्य) अनिल कुमार चौरसिया एवं अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालयों पर सत्याग्रह करेगा इप्सेफ, पीएम व सीएम को देंगे ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सत्याग्रह और पीएम व सीएम को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

श्री मिश्र ने बताया कि रेलवे रिजर्वेशन न मिलने एवं पंजाब के किसानों के आंदोलन के कारण हिमाचल एवं पंजाब के पदाधिकारी शामिल नहीं हो सके फिर भी उनसे फोन पर बात कर निर्णय लिया गया। इप्सेफ के राष्ट्रीय सचिव इपसेफ एवं महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने बताया कि प्रधानमंत्री को कई पत्र भेजकर आग्रह किया गया आंदोलन के जरिए भी ज्ञापन भेज कर आग्रह किया गया कि मांगों पर लोकसभा चुनाव से पूर्व निर्णय कर दें तथा मांगों पर वार्ता भी करके आप सद्भाव बनाए परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। कर्मचारियों में अत्यधिक निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है,इसलिए महात्मा गांधी के सिद्धांतों के अनुरूप 6 मार्च को सत्याग्रह का निर्णय लेना पड़ा है। उनकी प्रमुख मांगे क्रमशः पुरानी पेंशन की बहाली, आठवां वेतन आयोग का गठन, और आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी की सेवा सुरक्षा के लिए नीति बनाकर उन्हें नियमित करने की कार्यवाही की जाए तथा उन्हें न्यूनतम वेतन दिया जाना हैं।

# 23 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी 14 राज्यों की महिला खिलाड़ी

## यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में चार दिवसीय लीग के मुकाबले 21 से 24 सितंबर तक होंगे केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पूरे देश की 400 से अधिक महिला खिलाड़ी लखनऊ में आयोजित लखनऊ में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में दांव पर लगे 23 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगे। केंद्रीय खेल व युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय इस लीग के मुकाबले 21 से 24 सितंबर 2024 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में होंगे। लीग के पहले दिन प्रतिभागी 14 राज्यों की टीमों में शामिल खिलाड़ियों का वजन किया गया। लीग के बारे में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार ने बताया कि सीनियर, जूनियर व कैडेट वर्ग में होने वाली इस लीग में क्योरगी में सीनियर के आठ, जूनियर के 10 व कैडेट के 5 सहित कुल 23 भार वर्गों में मुकाबले होंगे।

सचिव राजकुमार ने बताया कि लीग में मुकाबलों की शुरुआत 22 फरवरी को सुबह नौ बजे से होगी जबकि औपचारिक उद्घाटन दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री श्री आशीष पटेल (तकनीकी शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण) करेंगे। उन्होंने बताया कि इस लीग में 14 राज्यों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है जिनके बीच दांव पर लगे 23 स्वर्ण, 23 रजत व 46 कांस्य सहित कुल 92 पदकों के लिए मुकाबले होंगे। इस लीग का समापन 24 सितंबर को होगा। उन्होंने बताया कि लीग के पहले फेज का आयोजन मेघालय में 14 से 17 फरवरी 2024 तक किया गया था।

### प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में भाग लेगी उत्तर प्रदेश की 46 सदस्यीय टीम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की 46 सदस्यीय टीम प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 में दम–खम दिखाने उतरेगी। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम के कोच देवेंद्र कुमार सिंह व रंजीत यादव होंगे। मैनेजर मयंक भारती व हर्षिता सिंह राठौर होंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफत ज़ुबैर रिजवी और अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने भी टीम में शामिल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं लकी प्रजापति, रिजु सिंह, खुशी कुमारी, आयुषी कुशवाहा, सना शर्मा, तनु शर्मा, अन्वेषा जैन, आध्या जायसवाल, नव्या सिंह, अशिका मौर्या, सृष्टि सिंह, मीनू कुमारी, आयुषी यादव, नगन परवीन, विशाखा, महक निषाद, नमिता यादव, प्रतिभा यादव, तुषिका वर्मा, रानी कुमारी, प्रांजलि सिंह, कृतिदा यादव, अक्षिता सिंह, जोया खान, नेहा यादव, शिवानी यादव, प्रियांशी जुगरान, रौनक शर्मा, श्रेया शर्मा, गार्गी कृष्णा, सोनम निषाद, भूमि, प्रिया सिंह, अनुपम, तुलसी यादव, शिवानी दीक्षित, प्रिया मौर्या, रोजी बानो, अंजू कुमारी, प्रीति जायसवाल, श्रद्धा तिवारी, स्नेहा सिंह निषाद, शिवानी गौर, दुर्गेश शर्मा, बलवंत साहनी, आरती शर्मा।

## खबरें एक नजर में

### करोड़ों के गृहकर बकायेदारों को दिया गया अंतिम नोटिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम अपनी सीमा में आने वाले ऐसे बड़े बकायेदारों पर कुर्की की कार्रवाई करेंगे जिन्होंने गृहकर का करोड़ों रुपया जमा नहीं किया है। ऐसे 87 बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी की गई है। जिसमें गृहकर नहीं जमा करने पर उनके खिलाफकुर्की और सीलिंग की कार्रवाई करने की बात कही गई है। मिली जानकारी के अनुसार 87 बड़े बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी किया है। इनमें गृहकर के ऐसे बकायेदार शामिल हैं, जिन पर 14 करोड़ से ज्यादा का बकाया है। सबसे अधिक बकाया शिक्षण संस्थानों और सरकारी विभागों के भवनों पर है। इन सभी बकायेदारों का 5 से 10 वर्ष का गृहकर जमा होना है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि बड़े बकायेदारों की सूची सभी जोन कार्यालयों को भेज दी गयी है। इनको जोन स्तर पर अंतिम नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह में बकाया गृहकर जमा नहीं किया गया तो सभी के खिलाफ कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

### अचानक बारिश से बढ़ी ठंड, अगले दो दिन बदला रहेगा मौसम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीते तीन दिनों से ठण्ड का असर काफी काम हो गया था। दिन में तेज धूप के चलते गर्मी का एहसास होने लगा था। इस बीच मंगलवार देर रात राजधानी में बारिश से मौसम बदल गया। बुधवार सुबह लोगों को सामान्य से ज्यादा ठण्ड महसूस हुई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दो दिनों में बारिश की सम्भावना है साथ ही प्रदेश के कई इलाकों में तेज हवाएं भी चलेंगी। मंगलवार देर रात लखनऊ समेत पड़ोसी जिलों सीतापुर, हरदोई और उन्नाव में भी बारिश हुई। हरदोई में कई जगहों पर ओलावृष्टि से फसलों को भी नुक्सान पहुंचा है। हालाँकि बुधवार को सुबह मौसम खुला है लेकिन दोपहर बाद हलके बादल छाने और तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी की सम्भावना मौसम विभाग की तरफसे जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश होने से अगले दो दिन पारा सामान्य रहेगा।

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग की नवज्योतिका संस्था द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने हिंदी और उसकी बोलियों पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इतिहास विभाग की प्रो0 शोभा मिश्रा, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो0 मंजुला यादव, प्रो0 अमिता रानी सिंह, डा0 अपूर्वा अवस्थी, श्रीमती अंकिता पांडे, सुश्री मेघना यादव उपस्थित रहीं। छात्रा काजल अवस्थी ने कहा कि हिन्दी की अनेक बोलियां हैं जिनका अपना महत्व है। ये बोलियां ही हिंदी की शक्ति हैं आज लगभग 43 :लोगो ने हिंदी को अपनी मातृभाषा के रूप में अपनाया है। पूजा सिंह ने बोलियों की विशेषता बताते हुए कहा कि हिन्दी की प्रमुख बोलियों का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान है।

### सनातन महा समागम व आदि गंगा मां गोमती आरती कल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा की ओर से हर महीने पूर्णिमा पर होने वाली 122वी आदि गंगा मां गोमती महाआरती का भव्य आयोजन इस बार 23 फरवरी दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे सनातन घाट झूलेलाल वाटिका गोमती तट पर किया जायेगा। अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण ने बताया कि इस बार विश्व में सनातन धर्म के विस्तार एवं भारत में धर्माचार्यो की महत्ता को लेकर सनातन महा समागम का संतो व राजनेताओं की उपस्थिति में आयोजन होगा और माघी पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे साथ ही 12 विशिष्ट सनातन शिरोमणि सम्मान के साथ पदाधिकारी शपथ ग्रहण भी होगा, बाद में भंडारा प्रसाद वितरण भी होगा।

### एक हजार गांव बने 'संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम'

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डाकघरों में एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें बहुद्देशीय बनाया गया है। बदले दौर में डाक विभाग अब पत्र–पार्सल के साथ–साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। ऐसे में डाकघरों की सर्वसुलभता बेहद जरुरी है। पीएमजी वाराणसी परिक्षेत्र कृष्ण कुमार यादव ने वाराणसी में महमूरगंज उपडाकघर में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महिलाओं को महिला सम्मान बचत पत्र एवं बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि खाते की पासबुक देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की।

### भाजपा-सपा के बीच 27 फरवरी को सीधी जंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्यसभा की दस सीटों पर चुनाव में भाजपा और सपा के बीच 27 फरवरी को सीधा मुकाबला होगा। नामांकन वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। राज्यसभा चुनाव में भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, नवीन जैन, तेजवीर सिंह, साधना सिंह, संगीता बलवंत बिंद और संजय सेठ उम्मीदवार हैं। दूसरी ओर सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन और आलोक रंजन चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा को आठवीं और सपा को तीसरी सीट के लिए संघर्ष करना होगा। भाजपा के पास आठ सीटों के लिए एनडीए गठबंधन, संभावित सहयोगी विधायकों सहित करीब 288 मत हैं जबकि जीत के लिए पार्टी को 296 मतों की आवश्यकता है। सपा और कांग्रेस मिलकर लड़े तो ठीक वर्ना सपा को झटका लग सकता है। सपा के 108 विधायक हैं। सपा को तीन सीटें जीतने के लिए 111 मतों की आवश्यकता है। सपा विधायक इरफान सोलंकी और रमाकांत यादव जेल में हैं। इन दोनों विधायकों को जेल से मतदान करने की मंजूरी नहीं मिली तो सपा के पास 106 वोट ही रहेंगे। ऐसे में यदि सपा को कांग्रेस के दो विधायकों का वोट नहीं मिला तो तीसरी सीट पर तलवार लटक सकती है।

# ऋण देने में संकोच न करें बैंक : योगी

## मुख्यमंत्री ने की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष की तिमाही की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 फीसद होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण देने में संकोच न करें, लाभार्थी को प्रशिक्षण सरकार दिलाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध करायें ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस एक कार्यक्रम ने महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है और यह फाइनेंशियल इनक्लूजन का शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। हालिया पेटीएम पेमेंट बैंक प्रकरण से उपजी स्थितियों से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने पर जोर दिया। बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज को पुलिस व प्रशासन को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने के लिए सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत बताई।

### सीएम ने किया, 111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ

उन्होंने कहा कि 2016–17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साहजनक है। मुख्यमंत्री ने बड़ौदा–यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1,111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफइंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जनपद में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

# केजीएमयू के बाद बलरामपुर में सर्वर बाधित, मैन्युअल चला काम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ की किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के बाद बलरामपुर अस्पताल में सर्वर की समस्या रही। जिसके चलते मरीजों को इलाज मिलने में संकट रहा। यहां की ओपीडी में औसतन 4 से 5 हजार से ज्यादा मरीज रोजाना आते हैं। सर्वर में दिक्कत के चलते मरीजों को पर्चे बनाने से लेकर जांच के सैंपल देने और भर्ती व डिस्चार्ज कराने में बाधा उत्पन्न हो जाती हैं। पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी की ज्यादातर जांच रिपोर्ट बारकोड के आधार पर दी जाती है। इससे पहले केजीएमयू में सोमवार और मंगलवार को भी सर्वर ने मरीजों के इलाज में बाधा डाल रखी थी।

केजीएमय के बाद बुधवार को बलरामपुर अस्पताल में सर्वर ठप हो गया। इसकी वजह से मरीजों को ओपीडी पर्चा बनवाने में खासी दिक्कते हुई। हंगामे के बाद अस्पताल प्रशासन ने मैन्युअल पर्चा बनवाने के निर्देश दिए। तब जाकर मरीजों ने राहत की सांस ली। बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना चार से पांच हजार मरीज आ रहे हैं। बुधवार को सुबह से सर्वर डाउन हो गया। इसकी वजह से ओपीडी का पंजीकरण ठप हो गया। सैकड़ों की संख्या में मरीज काउंटर के सामने कतार में लगे रहे। आधे घंटे बाद भी जब पर्चा बनाने का काम चालू नहीं हुआ तो मरीजों का गुस्सा भड़क उठा। अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन अस्पताल प्रशासन ने मैन्युअल पर्चा बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारियों ने मैनुअल पर्चा बनाने की प्रक्रिया शुरू किया। जबकि पैथोलॉजी जांच कराने वाले सैकड़ों मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल पाई। कर्मचारियों ने बताया कि पर्चे पर बारकोड होता है। मशीन से बारकोड पढ़कर ही रिपोर्ट मिलती थी। नए मरीजों की जांच में भी अड़चन आई। बड़ी संख्या में मरीज बिना जांच कराएं ही लौट गए। केजीएमयू में भी सर्वर प्रभावित रहा। मरीज पर्चा बनवाने और जांच रिपोर्ट के लिए मरीज खासे परेशान रहें। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश सिंह ने बताया कि सर्वर में कुछ समस्या आ रही थी पर दोपहर बाद ठीक हो गई।

# जल निकासी की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज

> नगरीय जल निकासी कार्यक्रम पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण जल निकासी की समस्या गंभीर होती जा रही है। इसी समस्या से निपटने के लिए नगर विकास विभाग के नगरीय निकाय निदेशालय में 'नगरीय जल निकासी कार्यक्रम' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न विभागों, विशेषज्ञों और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास विभाग ने कहा कि 'अनियोजित विकास और जल निकासी मार्गों के अतिक्रमण से शहरों में बाढ़ जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिससे नागरिकों का जीवन प्रभावित होता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरों में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना और बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करना है।' कार्यशाला में एस.पी. पटेल, विशेष सचिव, नगरीय विकास विभाग ने जल निकासी की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे खराब जल निकासी यातायात जाम, संपत्ति को नुकसान और जनजीवन अस्त-व्यस्त करती है। प्रोफेसर नदीम खलील, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। उन्होंने केस स्टडी के माध्यम से बताया कि कैसे अन्य शहरों ने जल निकासी प्रणाली में सुधार कर बाढ़ की समस्या को कम किया है। जी.एस. नवीन कुमार, राहत आयुक्त ने नगरीय जल निकासी प्रणाली के लिए शमन अपनाने की योजना पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे नई तकनीकों और समुदाय की भागीदारी से जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे जलवायु परिवर्तन के कारण अचानक होने वाली अत्यधिक वर्षा, शहरों में अपर्याप्त जल निकासी व्यवस्था, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पर्यावरणीय कारकों की अनदेखी बाढ़ का खतरा बढ़ा रही है। उदाहरण के लिए, सड़कें और इमारतें जैसे पक्के सतहों में वृद्धि के कारण तेजी से और अधिक तीव्र अपवाह होता है, जो पारंपरिक जल निकासी प्रणालियों की क्षमता से अधिक हो जाता है।

### एंबुलेंस से निकलते थे चोरी करने, पांच गिरफ्तार

**लखनऊ।** आपने शातिर से शातिर चोर देखे होंगे लेकिन आज हम आपको चोरों के एक ऐसे गैंग के बारे में बताने जा रहे हैं जो फिल्मी स्टाइल में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। यह गैंग न सिर्फ शातिराना अंदाज में चोरी की घटनाओं को करता था बल्कि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए एंबुलेंस की मदद लेता था। एंबुलेंस की मदद से ही यह लोगों को और पुलिस को गुमराह करते हुए बच के निकलते थे। हालांकि पुलिस ने अब इस गैंग के पांच सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की है और इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से चोरी करने वाले सुनील कुमार, सैफ अली, सचिन, मनीष कुमार व साजिद को गिरफ्तार किया है, इनके पास से गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पेट्रोमैक्स सिलेंडर, लैपटॉप बहुत सारा चोरी किया गया सामान बराबर किया है। आरोपियों के पास से अवैध असलहे भी बरामद किए गए हैं। यह गैंग फिल्मी स्टाइल में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था, खास तौर पर गैंग के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक दुकानों को टारगेट करते थे। रात में यह लोग दुकान पर एंबुलेंस से पहुंचते थे। जिसके बाद गैस कटर की मदद से दुकान का ताला या शटर काट दिया जाता था।

# ग्राम चौपालों में हुआ तीन लाख 43 हजार समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण : केशव

> अब तक 79543 ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के निर्देशों के क्रम में निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपालों का अनवरत रूप से आयोजन किया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग के अनुसार अब तक 79 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन कियाजा चुका है, जिनमें 59 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 3 लाख 43 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं, के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे, लेकिन जिन ग्रामों में ग्राम चौपाल हो चुकी हैं।

### सभी दल आज भाजपा ज्वाइन करना चाहते हैं

**लखनऊ।** इलाहाबाद विवि की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह आज बीजेपी में शामिल हुई हैं। उनके साथ ही कई और नेता भी भाजपा में शामिल हुए हैं। इन सभी नेताओं द्वारा भाजपा ज्वाइन करने पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उनका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जो भी बीजेपी ज्वाइन कर रहे है उनका अभिनंदन। सपा हो, बसपा हो, कांग्रेस हो सब जगह भगदड़ की स्थित है। सब भाजपा जॉइन करना चाहते है। आज जितने भी भाजपा ज्वाइन कर रहे है उनका अभिनंदन है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 में एक बार फिर भाजपा जीतने जा रही है। 2024 का चुनाव 5 साल का चुनाव नहीं है, यह देश को 100 साल आगे ले जाने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी की गारण्टी की गाड़ी गांव–गांव तक पहुंच रही है। वहीं, केशव मौर्य ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी का नाश पहले ही अमेठी के जनता ने उतार दिया।

# ग्राम प्रधान के पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों के मनरेगा में कार्य पर सत्यापन अनिवार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे परिवारों के वयस्क सदस्यों को मांग के अनुरूप एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस का गारण्टीयुक्त अकुशल श्रम का रोजगार उपलब्ध कराना है।

उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार पात्र लोगों को मनरेगा में काम जरूर दिया जाय। नियमानुसार उनके पारिश्रमिक के समय से भुगतान की कार्यवाही की जाय। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्गत मार्ग निर्देशिका में जॉब कार्ड जारी किये जाने की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए जॉब कार्ड जारी किये जाने से पूर्व सत्यापन किये जाने हेतु ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया है।महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यरत कार्मिकों तथा ग्राम प्रधान के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा मनरेगा योजना में जॉब कार्ड बनवाए जाने, योजना में कार्य किये जाने का एवं भुगतान की कतिपय शिकायतें प्राप्त होती रहती है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि यदि योजना में कार्यरत कार्मिकों तथा ग्राम प्रधान के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा मनरेगा योजना में जॉब कार्ड बनवाये जाने हेतु आवेदन दिया जाता हैं अथवा योजना में अकुशल श्रम हेतु कार्य की मांग की जाती है तो ऐसी दशा में संबंधित को भुगतान से पूर्व संबंधित द्वारा वास्तव में कार्य किया गया है।

### 69000 शिक्षक भर्ती : आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मिले राहुल

**लखनऊ।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उन्नाव पहुंचने पर 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 शिक्षक अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को अपने पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि वह लगभग 2 साल से अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार उनकी बातों को नहीं सुन रही। अमरेंद्र पटेल के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को बताया कि उक्त शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ व्यापक स्तर पर भेदभाव किया गया। आरक्षित वर्ग को उनके पदों पर नियुक्ति की जानी चाहिए थी लेकिन नियुक्ति नहीं की गई। अमरेंद्र ने राहुल गाँधी से बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में भी अनियमितता की पुष्टी की गई है।

बैठक

## प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने चुनाव को लेकर बैठक में कहा

# निर्देशों का कड़ाई से पालन कराएं जिला निर्वाचन अधिकारी

> आयोग ने लगाई निर्वाचन कार्यों में बच्चों के उपयोग पर पाबंदी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बालश्रम कानून के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन, विधानसभा सामान्य निर्वाचन तथा उप निर्वाचन के समय निर्वाचन संबंधी कार्यों, प्रचार अभियानों व अन्य चुनावी गतिविधियों में बच्चों के उपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देते हुए राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन मशीनरी को निर्वाचन संबंधी कार्यों व अन्य गतिविधियों में नाबालिग बच्चों के उपयोग न करने का निर्देश दिया। आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे पोस्टर,पैम्फ्लेट बांटने या नारेबाजी करने, प्रचार अभियान रैलियों व अन्य चुनावी गतिविधियों में तथा निर्वाचन की बैठकों आदि में भाग लेने सहित किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी अभियानों में बच्चों का उपयोग से बचना चाहिए।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनैतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये हैं कि चुनाव के दौरान बच्चों को रैलिया निकालने, नारे लगवाने, पोस्टर एवं पैम्फ्लेट्स बांटने या निर्वाचन संबंधी अन्य गतिविधियों व प्रचार अभियानों में शामिल न किया जाए। साथ ही राजनैतिक नेताओं एवं अभ्यर्थियों द्वारा बच्चों को गोद में लेने, वाहन या रैलियों में बच्चे को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राजनैतिक दलों को किसी भी तरह के प्रचार अभियान गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना होगा।इसके अतिरिक्त कविता, गीतों, मौखिक शब्दों का प्रयोग करने, राजनैतिक दल व अभ्यर्थी के प्रतीक चिह्नों का प्रदर्शन करने, राजनैतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन करने, किसी राजनैतिक दल की उपलब्धियों को बढ़ावा देने या विरोधी राजनैतिक दलों व अभ्यर्थियों की आलोचना करने सहित किसी भी प्रकार से राजनैतिक प्रचार-अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों का उपयोग करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। फिर भी इसके अलावा यदि किसी राजनैतिक नेता के समीप अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ किसी ऐसे बच्चे की उपस्थिति पाई जाती है, जो राजनैतिक दल के किसी निर्वाचन प्रचार अभियान में शामिल नहीं है, तो इसे बालश्रम कानून के उल्लंघन के तौर पर नहीं माना जाएगा।मुख्य निर्वाचनअधिकारी ने बताया कि आयोग ने निर्वाचनपदाधिकारियों और मशीनरी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि वे निर्वाचन-संबंधी कार्यों व गतिविधियों के दौरान बच्चों को किसी भी हैसियत से शामिल करने से बचें।

जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अन्य निर्वाचन प्राधिकारियों समस्त राजनैतिक दलों निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को बालश्रम कानून से संबंधित संगत अधिनियमों और कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचन के दौरान बालश्रम कानून के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान बन्धुओं की बैठक सम्पन्न

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।

बैठक में किसानों द्वारा खाद, बीज, सिंचाई, केसीसी, ऋण, विद्युत, गन्ना, सहकारी समितियां, छुट्टा पशु, आदि को लेकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें। कृषि विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई। बैठक में किसानों के द्वारा अवगत कराये गये समस्या का समाधान समय से न करने एवं बिना किसी सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गए हैं। अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस की बैठक का आयोजन निरंतर होता रहेगा। प्रशासन पूरी तरह से किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और निस्तारण के लिये निरंतर प्रयास कर रहा है। किसान बंधु इस बैठक में अपनी समस्या लेकर आते हैं तो उनका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उचित निस्तारण कराया जाएगा। इसके अलावा भी किसान बंधु अन्य दिनों में कार्यालय में संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, एक्सईएएन सिंचाई विभाग, नहर विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।




बैठक में प्राप्त शिकायतों का समय से करें समाधान संबंधित अधिकारी : जिलाधिकारी

### नकलविहीन परीक्षा कराने में सहयोग करें केंद्र व्यवस्थापक : डीएम

परीक्षा की शुचिता और पवित्रता बनाए रखना आप सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। नकलविहीन परीक्षा करना ही हमारा लक्ष्य है। सभी केंद्र व्यवस्थापक इसमें पूरा सहयोग करें। जिन केंद्रों पर परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े जाएंगे, वहां के कक्ष निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह बातें जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कही। जिला पंचायत सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर बुलाई गई केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के बाहर धारा 144 लागू रहेगी। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत सीसी टीवी कैमरा एवं वायस रिकार्ड की निगरानी में पूरी परीक्षा होगी। यदि निरीक्षण के दौरान या कंट्रोल रूम से यह शिकायत प्राप्त होगी की कैमरा बंद है तो उक्त परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने में सभी केंद्र व्यवस्थापक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट वह अन्य अधिकारियों का सहयोग करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सभी संबंधित अधिकारीगण व सभी केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

# एक बार फिर गरमाने लगा है बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा

समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पोती है

नरेंद्र लाल गुप्ता

गोंडा, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के द्वारा श्रेया वर्मा को लोकसभा प्रत्याशी घोषित करने के बाद क्षेत्र में एक बार फिर जोर पकड़ने लगा है बाहरी का मुद्दा यहां कहने का तात्पर्य है की जिले में इनसे पहले इनके बाबा बेनी प्रसाद वर्मा आए और किराए का मकान लेकर यहां से चुनाव लड़े उन्होंने कहा कि मकान मैंने खरीदा है अब मैं यहीं रह करके जनता की सेवा करूंगा जनता ने उनको अपना वोट देकर सा सम्मान जिताया किंतु जीतने के बाद वह पुनः गोंडा छोड़कर चले गए और 5 साल बाद तब दिखाई पड़े जब चुनाव करीब आया जनता ने उनको सर आंखों पर बिठाया और फिर ठगी रह गई गोंडा की जनता आज जिस प्रत्याशी को समाजवादी पार्टी ने लोकसभा प्रत्याशी बनाया है यह बेनी प्रसाद वर्मा की पोती हैं इस कारण एक बार फिर से बाहरी का मुद्दा जोर पकड़ने लगा है वैसे तो चुनाव में क्या होता है यह कोई नहीं जानता किंतु अब जनता सब कुछ समझ रही है इस कारण उनका चुनावी सफर इतना आसान नहीं रह गया है !



# शिक्षा विभाग ने विद्यालयों को नोटिस देकर की इतिश्री

रुपईडीह/ गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

अपने ही आदेश का पालन नहीं कर पा रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्यारे शिक्षण संस्थान एक सप्ताह पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस देते हुए विद्यालय बंद करने का निर्देश दिया था। केजी से मान्यता थी। लेकिन इंटर तक विद्यालय संचालित किया जा रहा था जिसकी खबर कुछ जिले के मुख्य अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।जिसको जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल विद्यालय के संचालक को नोटिस देकर विद्यालय को बंद करने का निर्देश दिया था।लेकिन विद्यालय के संचालक द्वारा ना तो विद्यालय बंद किया गया ना ही नोटिस का असर दिखा और धड़ल्ले से विद्यालय संचालित हो रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का फरमान हवा हवाई साबित हो रहा है। जबकि विद्यालय के संचालक कन्हैयालाल से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरी बात साहब से हो गई है। और हमें बताए हैं विद्यालय चलाने के लिए इसलिए मैं विद्यालय चल रहा हूं। इसी प्रकार सरहरा में ब्राइट पब्लिक स्कूल केजी से इंटर तक संचालित हो रहा है।जिसका मान्यता कुछ भी नहीं है। जबकि विद्यालय के प्रबंधक से दूरभाष पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी हमारे स्कूल को जानते हैं।

इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से फोन पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय संचालक को नोटिस भेज दी गई है विद्यालय बंद करने का आदेश दिया गया है। अगर विद्यालय नहीं बंद करते हैं। तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।




### थाना इटियाथोक पुलिस ने दहेज के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-68/24, धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डीपी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश सोनकर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 20.02.2024 को वादी द्वारा थाना इटियाथोक में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी लडकी की शादी 26.05.2021 को राजेश सोनकर के साथ हुई थी। वादी की लड़की को ससुरालजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जान से मार दिए है। प्राप्त तहरीर की आधार पर थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाये गए आरोपी अभियुक्त राजेश सोनकर को आज दिनांक 21.02.2024 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# समाधि स्थल की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने की मांग

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से जेसीबी से अवैध रूप से गिराये गये काफी संख्या में हरे भरे पेंड़



तहसील क्षेत्र के थाना कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम राजगढ़ अमीनपुर में ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से जेसीबी से अवैध रूप से हरे भरे पेंड़ों को काफी संख्या में गिराकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही कई वर्षों पूर्व से स्थापित संत श्री एकांता अद्वैत धन जगतगुरु वृंदावन चित्रकूट के समाधि स्थल वाली भूमि पर रंजिश वश पानी टंकी का निर्माण करवाने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत यहाँ के बलराम दास चेला वंश गोपाल दास व अन्य ग्रामीणों ने अधिकारियों से करते हुए ग्राम सभा में गाटा संख्या 627 में स्थित समाधि स्थल की सुरक्षा हेतु उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

मामला तहसील कर्नलगंज के अन्तर्गत थाना कटरा बाजार क्षेत्र से जुड़ा है। यहाँ के ग्राम सभा राजगढ़ अमीनपुर के ग्राम प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से जेसीबी से अवैध रूप से हरे भरे पेंड़ों को काफी संख्या में गिराकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही कई वर्षों पूर्व से स्थापित समाधि स्थल वाली भूमि पर रंजिश वश पानी टंकी का निर्माण करवाने का आरोप है। बलराम दास चेला वंश गोपाल दास ग्राम सभा राजगढ़ अमीनपुर परगना पहाड़ापुर ने अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि गाटा संख्या 627/0.134 हे0 स्थित मौजा राजगढ़ अमीनपुर परगना पहाड़ापुर तहसील करनैलगंज में संत श्री एकांता अद्वैत धन जगतगुरु वृंदावन चित्रकूट की समाधि स्थल वर्ष 1996 से स्थापित है तथा समाधि स्थल पर पूजा प्रतिज्ञा होती रहती है। वर्तमान ग्राम प्रधान जिन्हें धार्मिक कर्मकाण्ड में आस्था नहीं है वह उपरोक्त पूजा स्थल,समाधि स्थल को तोड़वा देना चाहते हैं। जिसके लिए उन्होंने लेखपाल से कहकर जल संसाधन मंत्रालय द्वारा आवंटित पानी की टंकी के निर्माण हेतु इसी समाधि स्थल वाली गाटा संख्या 627 उपरोक्त को चयनित करना चाहते हैं। गाटा संख्या 627 उपरोक्त नवीन परती की स्थिति में दर्ज है इसके अतिरिक्त बहुत 2 हेक्टेयर से अधिक नवीन परती की जमीन उपलब्ध है लेकिन रंजिश वश समाधि स्थल वाली भूमि पर ही पानी टंकी का निर्माण करवाना चाहते हैं। बताया कि समाधि स्थल से गांव के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है,यदि समाधि स्थल नष्ट हो गया तो हिंदुओं की भावनाएं आहत होंगी। उन्होंने गाटा संख्या 627 स्थित राजगढ़ अमीनपुर उपरोक्त में स्थित समाधि स्थल की सुरक्षा हेतु उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### मीना मंच के बच्चों ने कार्यशाला में किया प्रतिभाग



बहराइच, समृद्धि न्यूज। बुधवार को विकासखंड जरवल के कंपोजिट विद्यालय जमापुर में मीना मंच के सदस्यों की एकदिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन यूनिसेफ के सहयोग से एक्शन एड संस्था द्वारा संचालित नई पहल शिक्षा परियोजना के तहत किया गया। कार्यशाला में मीना मंच की सदस्या छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें उन्होंने बालिका शिक्षा, साफ-सफाई व बाल अधिकार से सम्बंधित स्लोगन लिखे आकर्षक चित्र कैनवास पर उकेरे। कार्यशाला की मुख्य अतिथि कार्यवाहक बाल विकास परियोजना अधिकारी जरवल रिंकू सिंह द्वारा शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव व बचाव आदि के बारे मे बताया गया, उन्होंने छात्राओं को जेंडर इक्विटी व लैंगिक भेदभाव की विस्तृत जानकारी दी तथा बालिकाओं को शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा किशोरी स्वास्थ्य से सबंधित व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी भी दी गयी। कार्यशाला में ग्राम प्रधान जमापुर शादाब अली, सहायक अध्यापक नवरतन सिंह, जितेन्द्र कुमार भारती, आंगनवाड़ी सहायिका गीता गुप्ता समेत स्थानीय ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे।

### शिक्षिका ने स्वयं के खर्चे पर छात्रों को कराया शैक्षिक भ्रमण






मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज। सरकारी विद्यालय के बच्चे भी कुछ जुनूनी शिक्षक शिक्षिकाओं के वजह से वह सब कुछ करने, देखने,सीखने व बनने में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की बराबरी ही नहीं कर रहे बल्कि आगे बढ़ते हुए अपना भविष्य संवार रहे हैं। इसी क्रम में शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए जुनून व संकल्प देखने को मिल रहा है। स्वयं व बच्चों के तमाम उपलब्धियों के साथ ही आज अपने स्कूल के चालिस छात्र छात्राओं का स्वयं के खर्च से लखनऊ के चिड़ियाघर, अम्बेडकर पार्क के साथ ही अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया। इससे बच्चे बहुत उत्साहित दिख रहे थे। चिड़ियाघर में रिया, कुमकुम,रिशा, अनीशा,सौरभ, मुकेश, निखिल, खुशबू, अर्चना आदि बच्चों ने जिराफ़, गैड़ा, हिरन, बारहसिंगा, शेर, चीता, तेंदुआ, भालू, खरगोश , लोमड़ी आदि को पास से देखकर बहुत खुश हुए। किताबों में जिन जन्तुओं को देखकर बच्चों में जिज्ञासा पैदा होती थी।काश इन जानवरों को हम पास देख पाते उनकी हशरत पूरी हुई। शिक्षिका वन्दना पटेल से जब पूंछा गया कि आज तो स्कूल खुले थे फिर आप कैसे बच्चों को घुमाने लाईं।इस पर उन्होंने बताया कि बाकायदा विभाग से लिखित परमीशन प्राप्त करके फिर हम शैक्षिक भ्रमण पर आए। शिक्षिका के इस निःस्वार्थ व्यक्तिगत प्रयास की प्राचार्य/एडी बेसिक अतुल कुमार तिवारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद यादव भूरि भूरि प्रशंसा की।

# रसिक बिहारी महाविद्यालय में विधायक ने वितरित किये स्मार्ट फोन

821 छात्रों को वितरित किया स्मार्ट फोन

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

विशेश्वरगंज में स्थित रसिक विहारी महाविद्यालय में बुधवार को एक भव्य कार्यक्रम के तहत स्नातक छात्र छात्राओं को विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी द्वारा स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा आनंद पांडेय व मंडल अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल ने किया।

विधायक द्वारा शिवांगी सिंह, नूर आपसा, साक्षी यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, उदयराज सहित कई छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । विद्यालय में सत्र 2023 में स्नातक में सफल हुए कुल 821 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। साथ मे ही विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व प्रदीप त्रिपाठी ने बच्चों को नमो एप्प भी डाउनलोड कराया।



कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, प्रशासक प्रभात श्रीवास्तव, संस्थापक सतीश चंद्र श्रीवास्तव, संरक्षक नीरज श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रदीप तिवारी, सक्षम त्रिपाठी, संचित, अजय सहित विद्यालय के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान नेताओं ने ट्रैक्टर लेकर डीएम कार्यालय में दिया धरना

एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को किसानों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली मार्च निकाला। सभी एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर ट्रैक्टर और ट्राली लेकर डीएम कार्यालय के सामने पहुंच गए। डीएम को राष्ट्रपति का संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी राम कुमार वर्मा की अगुवाई में बुधवार को किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉली से प्रदर्शन मार्च निकाला। सभी गांवों से दर्जन भर ट्रैक्टर ट्रॉली से कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद सभी ट्रैक्टर से ही कलेक्ट्रेट के अंदर डीएम कार्यालय के सामने पहुंच गए। यहां पर सभी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन डीएम मोनिका रानी को सौंपा। जिसमें एमएसपी लागू करने, किसान आयोग का गठन करने, स्वमनीथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर फसल मूल्य तय करने,भूमि अधिग्रहण विधेयक 2013 लागू करने, लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा देने समेत सात सूत्रीय मांग पत्र शामिल रहे। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया, कोतवाली नगर और देहात पुलिस के साथ काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।






### और ट्रैक्टर लेकर घुस गए अंदर

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस तैनात रही। इसके बाद भी किसान अंदर जाने की जिद पर अड़ गए। इसके बाद सभी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर डीएम कार्यालय के सामने पहुंच गए। पुलिस भी आजादी का हवाला देकर असहाय दिखी।

# हेल्पलाइन नम्बर 112 या 1098 पर करें काल ताकि कोई बालिका न बने बधू

बाल विवाह के दुष्परिणामों से रूबरू हुए ग्राम मुखिया

गांव को बाल विवाह से मुक्त बनाने की ली शपथ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बाल विवाह लड़का व लड़की दोनों पर असर डालता है, लेकिन इसका प्रभाव लड़कियों पर अधिक पड़ता है। जिन लड़कियों की शादी कम उम्र में हो जाती है उनके स्कूल से निकल जाने की संभावना बढ़ जाती है। अधूरी शिक्षा और कौशल ज्ञान न होने के कारण उनके पास अपने परिवार की गरीबी दूर करने और नौकरियाँ पाने की क्षमता भी कम हो जाती है। इसके अलावा कम उम्र में शादी करने से जीवन काल में बच्चों की संख्या भी ज्यादा होती है। इससे घरेलू खर्च का बोझ बढ़ता है। साथ ही उन्हें कम उम्र में गर्भावस्था और प्रसव के दौरान गंभीर समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। यह बातें जरवल ब्लॉक सभागार में आयोजित बाल विवाह के विरुद्ध अभियान पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम में अपर विकास अधिकारी राजेश सिंह ने कही।

स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग व उम्मीद परियोजना के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा बाल विवाह एक कलंक है इसके विरुद्ध आवाज घर-घर तक पहुंचाने में सभी ग्राम प्रधान अपनी भूमिका निभाएँ। उपस्थित ग्राम प्रधानों ने बताया उन्होंने अपने गाँव में बाल विवाह से सम्बन्धित दीवार लेखन कराना शुरू कर दिया है। इस मौके पर बाल विवाह के विरुद्ध अभियान के लिए शपथ लिया गया और इससे सम्बन्धित पाँच पोस्टर का अनावरण भी किया गया। मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा सेव अ मदर जरवल ब्लॉक में उम्मीद परियोजना चला रही है । जिसका उद्देश्य जनसमुदाय में बाल विवाह की रोकथाम व परिवार नियोजन संबंधी जागरूकता एवं स्वीकार्यता को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया प्रत्येक राजस्व गाँव में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वी.एच.एस.एन.सी.) के माध्यम से गाँव स्तर पर दीवार लेखन व जन-जागरूकता कार्यक्रम करने के प्रयास किए जा रहे हैं । इसके अलावा ग्राम प्रधानों के सहयोग से समुदाय के साथ बैठक, सेल्फी, वीडियों संदेश आदि के माध्यम से जन जागरूकता कार्य किया जाना है। इस मौके पर आजीविका मिशन से जितेन्द्र सिंह , शैलेन्द्र यादव, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से बलबीर सिंह, अभिषेक पाठक व सेव अ मदर से बिंदु और अवधेश के अलावा ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।






### बाल विवाह कानूनी अपराध

महिला एवं बाल कल्याण विभाग की संरक्षण अधिकारी सेविका मौर्या ने बताया बाल विवाह को रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 है। इसके अंतर्गत दण्ड का प्रावधान भी है। इस अधिनियम के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु का लड़का और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को बाल-विवाह के रुप में परिभाषित किया गया है। यदि कहीं पर बाल विवाह हो रहा हो, तो इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर 112 तथा 1098 पर सूचना दिया जा सकता है। अधिनियम का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम, बाल विवाह में शामिल बच्चों की सुरक्षा और अपराधियों पर मुकदमा चलाना है।

# विद्यालय के कार्यक्रम में छात्रों ने लहराया फिलिस्तीन का झंडा

फ्री अल अओसा की उठाई मांग, बच्चों के हाथ में फिलिस्तीन के झंडे का फोटो और वीडियो हुआ वायरल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के कटिलिया चौराहे पर स्थित सीबीएसई बोर्ड के इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों के हाथ में फिलिस्तीन का झंडा और फ्री अल अओसा की मांग के स्लोगन लिखे तख्तियां सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि यह फोटो और वीडियो कब की है। इसकी पुष्टि समृद्धि न्यूज़ अखबार नहीं करता है।रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम पंचायत कटिलिया चौराहा के हशमत नगर में सिद्दीकिया इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन होता है। इस स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के तहत कक्षा एक से कक्षा 10 तक की पढ़ाई होती है। इस स्कूल में कुछ दिन पूर्व एक समारोह का आयोजन हुआ था। जिसमें स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के हाथ में फिलिस्तीन का झंडा और फ्री अल अओसा के आजादी की मांग का स्लोगन हाथ में लिखे दिखे। यह फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी हुई है। जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्य के आधार पर केस दर्ज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि फोटो जनवरी माह का है।







# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर मासूम की मौत

पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर दर्ज किया केस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी एक चार वर्षीय बालक खेलते समय सड़क पार करने लगा। तभी वह ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गया। जिला अस्पताल ले जाते समय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे का केस दर्ज कर दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है।रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत के मजरा टेपरा निवासी साजिद (4) पुत्र शुभान मंगलवार शाम को खेल रहा था। इसके बाद वह अकेले सड़क पार करने लगा। तभी सामने से एक ट्रैक्टर ट्रॉली आ गई। ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में बालक आकर कुचल कर घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर हादसे का केस दर्ज किया गया है। चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।



### सीएचसी परिसर से निकाला गया परिवार नियोजन जागरूकता वाहन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। सीएचसी परिसर से परिवार नियोजन जागरुकता वाहन सारथी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद से सारथी वाहनों को सीएचसी अधीक्षक डा कुंवर रितेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि इन वाहनों के माध्यम से दस दिवस तक ब्लॉक के समस्त नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जाएगा। जागरूकता वाहन सारथी के माध्यम से माइकिंग के द्वारा पुरुष व महिला नसबंदी, छोटे परिवार का सन्देश देने और दो बच्चों के जन्म में तीन साल का अन्तर रखने का सन्देश दिया जाएगा। साथ ही इच्छुक दम्पत्ति को सारथी वाहन परिवार नियोजन किट भी वितरित करेगा।

# तेज आंधी में पेड़ कार पर गिरी, बाल बाल बचे सवार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सड़क पर लगा जाम, पेड़ हटवाने के बाद जाम से मिली निजात



लखनऊ बहराइच मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद के निकट मंगलवार रात में आंधी तूफान से लखनऊ से बहराइच जा रही कार पर विशालकाय पेड़ गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार में सवार दो लोग हल्का चोटहिल हो गए। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर पेड़ को कटवा कर घंटे बाद रोड से हटवाया। तब जाकर आवागमन बहाल हो सका।जरवल रोड थाना अंतर्गत लखनऊ बहराइच मार्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद के निकट रात करीब 1ः00 बजे रात आंधी तूफान बरसात में बद्री प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल के सर्जन डॉक्टर सर्वेश शुक्ला की इनोवा क्रिस्टा कार पर पेड़ गिर गया। कार चालक धर्मेंद्र शुक्ला 35 वर्ष व बद्री प्रसाद मेमोरियल चिकित्सालय के मैनेजर सुरेश मिश्रा 45 वर्ष दोनों लोग लखनऊ से वापस बहराइच आ रहे थे। लोगों को हल्की चोट लगी। जानकारी के अनुसार डॉक्टर सर्वेश शुक्ला आवश्यक कार्य से बेंगलुरु जाना था। डॉक्टर शुक्ला को एयरपोर्ट पर छोड़कर कार सहित दो लोग बहराइच वापस आ रहे थे। बरसात हो ने कार धीमी गति से चल रही कार चालक धर्मेंद्र शुक्ला ने पेड़ गिरते हुए देखा आनन फानन में ब्रेक का इस्तेमाल कर गाड़ी को कंट्रोल कर लिया। अगर 2 सेकंड आगे कार बढ़ जाती तो पूरा पेड़ कार पर गिर जाता। पेड़ की मोटी टहनियां ही कार पर गिरी थी सूचना पर थानाध्यक्ष जरवल रोड ब्रिज प्रसाद, उपनिरक्षक राणा राज सिंह, हेड कांस्टेबल शकील अहमद समेत एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी तथा लेबर के साथ पहुंचकर घंटो मशक्कत के बाद पेड़ को काट काट कर हटवाया गया।थानाध्यक्ष बृज प्रसाद ने बताया कि लखनऊ बहराइच मार्ग छोटे बड़े मिलाकर कई पेड़ डालियां सड़क पर गिरी थी। लेबर व पुलिसकर्मी की सहायता से आवा गमन बहाल हुआ कोई जनहानि नहीं हुई है।

# 25 फरवरी को एम्स रायबरेली को समर्पित करेंगे पीएम

- सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रहेंगी मौजूद
- राहुल गांधी के बयानों पर केंद्रीय मंत्री ने दी प्रतिक्रियाएं



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल एक दिवसीय दौरे पर बुधवार को रायबरेली के एम्स में पहुंचे। एम्स में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद बघेल ने कहा कि 25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के राजकोट से एम्स के वर्चुअल तरीके से लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य मन्त्रीगण भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

**हमने नही किया बदले की भावना से काम :-** उन्होंने बताया कि 2009 में एम्स की स्वीकृति दी गई थी। केंद्र में 5 साल कांग्रेस की सरकार रही। वह चाहते तो एम्स को अच्छा बना सकते थे। लेकिन 2014 से 2024 के बीच में एम्स का कायाकल्प हुआ। हमने बदले की भावना से काम नहीं किया।एम्स को असली मुहूर्त रूप देने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया। यहां पर 100 सीटें एमबीबीएस की रखी गई हैं । 610 बेड का अस्पताल है। 30 बिस्तर आईसीयू के हैं। इसके अलावा अनेक सर्जरी की भी सुविधाओं को दिया गया है।

### राहुल गांधी के 'यूपी का युवा शराब पीकर सड़कों पर नाच रहा है' बयान पर दी प्रतिक्रिया

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी डॉक्टरी नहीं हुई है। नहीं तो मालूम चल जाता कि कौन पीता है कौन नहीं पीता। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि यह उत्तर प्रदेश की युवाओं का दुर्भाग्य है कि उनके पूर्वज देश को विश्व की जीडीपी में 11वें नंबर पर छोड़कर गए थे। हमने उसे 5वें नंबर पर ला दिया है। जी-20 की अध्यक्षता हम कर चुके हैं। यूपी देश का सातवां सबसे बड़ा हिस्सा जीडीपी में दे रहा है। आईटी सेक्टर में भी यूपी का नाम हो रहा है। यूपी का युवा देश की सुरक्षा भी कर रहा है। यह बयान देकर राहुल गांधी देश के पढ़े-लिखे नौजवानों का अपमान कर रहे हैं।

### पत्रकार की जाति पूछकर हुई मारपीट पर कही यह बात

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा पत्रकार की जाति पूछने व कार्यकर्ताओं द्वारा पिटाई के मामले पर बघेल ने कहा कि मैं कुछ ज्यादा अचंभित नहीं हूं। 1975 में आपातकाल के दौरान इलेक्शन को बोगस कर दिया गया था। रातों-रात इमरजेंसी लगाई गई थी। पत्रकारों की स्वतंत्रता को भी नष्ट कर दिया गया था। उसे जमाने में इंदिरा गांधी किसी को भी जेल भेज देती थी। दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार दुष्यंत सिंह को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बूढ़ा आदमी है जो मुल्क में, अंधेरे में रोशनदान की तरह। उनका इशारा तब जयप्रकाश पर था। तब विरोधियों के साथ साथ चौथे खंबे व डेमोक्रेसी का सबसे बड़ा अपमान किया गया था। राहुल गांधी का तुम्हारा मालिक कौन है उसका नाम बताओ। उनका लहजा बहुत तल्ख़ रहा। वह फिर जात पर आ जाते हैं। जो पत्रकार के साथ घटना हुई मैं इसकी घोर निंदा करता हूं । उन्होंने यह भी कहा कि नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह सरकार में यदि वे जनता के साथ न्याय करते तो आज न्याय यात्रा न निकालनी पड़ती।

# कुछ किसानों को मिली राहत तो कुछ किसानों पर आफत बनकर बरसे बदरा

- चली आंधी से किसानों की फसल जमीन में गिरीं



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कुछ किसानों को मिली राहत तो कुछ किसानों पर आफत बनकर बरसे बदरा ।सरसों धनिया गेहूं की फसल जिसमें बाली आ गई थी उनका काफी नुकसान हुआ है वही जिन किसानों के गेहूं में बाली नहीं आई थी उन किसानों के लिए तो अमृत का काम किया बारिश ने ।बारिश जहां फायदा कर रही थी तो वहीं चली आंधी ने किसानों को हिला कर रख दिया ओथी गांव निवासी किसान राम सजीवन ने बताया कि हमने करीब 12 विश्वा में धनिया तैयार कर रखी थी बारिश और आंधी के कारण पूरी फसल तबाह हो गई ।वहीं ग्राम टूक के ऋतुराज सिंह सिया राम राम नरेश मौर्य संतोष मौर्य कन्हैया जय राम आदि किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल हम लोगों की तैयार हो गई थी और बाली निकल आई थी आंधी और बारिश के कारण पूरी फसल जमीन में लेट गई बिन मौसम हुई बरसात से जहां किसानों की नींद उड़ा दी तो वही उन किसानों को फायदा भी पहुंचा है जिनके गेहूं देर से बुवाई हुई थी।

# कप्तान साहब जनपद में नहीं थम रही छिनैती व टप्पेबाजी की घटनाएं



- बाइक सवार बदमाशों ने सरेनी में युवक से मारपीट कर छींना मोबाइल
- लालगंज में युवती से हुई छिनैती, नहीं हुई कार्रवाई
- लालगंज पुलिस ने युवती से हुई छिनैती के मामले को दबाया, उच्चाधिकारियों को भी नहीं लगने दी भनक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद में टप्पेबाजी व छिनैती की घटनाओं को रोंकने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। आय दिन छिनैती व टप्पेबाजी की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं, बावजूद जिम्मेदार तमाशाई की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को दिनदहाड़े कोचिंग पढ़कर घर जा रहे एक युवक से नकाबपोश बदमाशों ने मारपीट कर उससे उसका मोबाइल छीन लिया गया। उक्त आशय की शिकायत पीडित युवक ने पुलिस से की है ।पीडित जतिन राज पुत्र राम सर्वेश निवासी कहिंजर ने पुलिस को दिये गए शिकायती पत्र में बताया है कि मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे वह सरेनी से कोचिंग पढ़कर साइकिल से घर जा रहा था और जैसे ही वह धूरेमऊ-कहिंजर मार्ग के रामखेड़ा गांव के रामचंद्र यादव की चक्की से कुछ आगे पहुंचा तभी पीछे से काली रंग की नयी बजाज पल्सर बिना नंबर की बाइक में सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक कर मारपीट कर उसका मोबाइल छीन ले गये ।वहीं सूचना के बाद फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। एक ऐसा ही छिनैती का मामला लालगंज क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है,जिस पर पुलिस ने अभी तक न कोई एक्शन लिया और न ही मामले की भनक उच्चाधिकारियों को लगने दी। सूत्रों की मानें तो लालगंज पुलिस ने अपनी नाकामी छुपाने और किरकिरी से बचने के लिए किसी तरह पीडिता को समझा बुझाकर मामले को दबाने में कामयाब रहे ।जानकारी के मुताबिक सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पर्वतखेड़ा गांव की रहने वाली सन्नो देवी पुत्री केशन लाल पासी बीती 17 फरवरी को दोपहर लगभग एक बजे बैट्री वाले ई-रिक्शा में बैठकर लालगंज जा रही थी और जैसे ही लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पलिया के पुल के पास पहुंची तभी पीछे से एक बाइक में सवार दो लोग आये और सन्नो का पर्श छींनकर लालगंज की ओर भाग गए। पर्श में दो हजार रुपये, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व सोने की नाक की कील थी, जिसको छींनकर बाइक सवार बदमाश रफूचक्कर हो गए। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो पीडिता ने घटना से संबंधित शिकायती पत्र भी पुलिस को दिया लेकिन पुलिस ने उक्त संबंध में मामला पंजीकृत करना मुनासिब नहीं समझा और न ही घटना की भनक अपने उच्चाधिकारियों को लगने दी,घटना को हजम कर चुप्पी साध कर बैठ गए ।बताया जाता है कि अपनी नाकामी छुपाने व किरकिरी से बचने के लिए लालगंज पुलिस ने एक नुस्खा अपनाया और शक के आधार पर दो युवकों को पुलिस पकड़कर थाने लायी और उन्हीं युवकों से पीडिता को 1500 रुपये दिलाकर घटना से पल्ला झाड़ लिया और मामले को ठंड़े बस्ते में डाल दिया। बताया जाता है कि पीडिता से छीना गया बैग अंबारा पश्चिम गांव के पास उसी गांव के एक सज्जन को मिला,जिसने किसी तरह पीडिता के परिजनों तक सूचना पहुंचाई कि उसका बैग उसे अंबारा पश्चिम गांव में मिला है, जिसमें पीडिता का आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजात हैं। सूचना मिलने पर मंगलवार को अंबारा पश्चिम गांव पहुंचे पीडिता के चचेरे भाई को सज्जन ने बैग सौंप दिया। लेकिन इतनी बड़ी घटना के बावजूद लालगंज पुलिस की चुप्पी कई सवाल खड़े करती हैं, जिनका जवाब सिर्फ लालगंज पुलिस के पास ही है।

### मतदाता नागरिकों में भ्रम एवं विभाजन का कारण बन रही है भारत जोड़ो न्याय यात्रा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायबरेली लोकसभा 36 के प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मतदाता नागरिकों में भ्रम एवं विभाजन का कारण बताते हुए कहा है कि कांग्रेस ने हरदम बाटों और राज करो की नीति अपनाकर देश को जातियों में बाँटने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता द्वारा यात्रा के दौरान वाराणसी में युवाओं को शराबी बताने तथा रायबरेली में पत्रकारों से उनकी जाति पूँछकर अपने लोगों से बर्बरता पूर्ण पिटवाने की निंदा करते हुए कहा कि रायबरेली जिले में उनकी यात्रा को जनसमर्थन न मिलने की बौखलाहट दिखायी दी। श्री तिवारी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार भाजपा रायबरेली लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस का अंतिम क़िला ढहायेगी।

# सहकारिता सम्मेलन में शिरकत करने पहुंची स्मृति ईरानी

- सौ करोड़ रुपये की लागत से सहकारी डेयरी खुलवाने का किया वायदा
- लोकसभा वासियों को रामलला के दर्शन करवाने का किया ऐलान



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने बुधवार रायबरेली में अमेठी लोकसभा के लोगों से बड़ा वायदा किया है।

उन्होंने अपने लोकसभा के एक एक लोगों को अयोध्या दर्शन कराने का वायदा किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने ग्रामीणों को रोज़ी रोटी से जोड़ने के लिए सौ करोड़ रुपये की लागत से सहकारी डेयरी खुलवाने का भी वायदा किया है। दरअसल स्मृति इरानी यहाँ अमेठी लोकसभा में आने वाली सलोन विधानसभा के परशदेपुर में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में शामिल होने पहुंची थी। यहाँ जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने जिले में सहकारिता के बढ़ते हुए कदमों की जानकारी दी। उनुहोने कहा कि जिले के सहकारिता विभाग में आज़ादी के बाद पहली बार पचास लाख का शुद्ध मुनाफ़ा हुआ है जो बढ़कर आगे दो करोड़ हो सकता है। कोऑपरेटिव अध्यक्ष की इस जानकारी से उत्साहित केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने इलाके में सौ करोड़ की लागत से दूध डेयरी खोलने का ऐलान कर दिया। इस दौरान स्मृति इरानी ने कई करोड़ की लागत से दर्जनों परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। स्मृति इरानी ने इस दौरान अपने लोकसभा के सभी लोगों को अयोध्या दर्शन कराने का भी ऐलान किया है।

### स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

जनपद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी परशदेपुर पहुँची। पार्टी पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्मृति ईरानी ने परशदेपुर के मटियारा चौराहे के पास आयोजित सहकारिता सम्मेलन में कांग्रेसियों पर तंज कस्ते हुए बड़ा प्रहार किया। उन्होनें कहा कि 2014 के चुनाव में जब मैं यहा आई तो लोगों के पास रहने के लिए घर नही था, अस्पताल न होने से लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। और जो भी अस्पताल थे उनमे कोई सुविधा न होने से लोगों को लखनऊ व

### 25 फरवरी को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बसंत उत्सव मेला के उपलक्ष्य में 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को प्रातः 11ः00 बजे से विकास क्षेत्र की पस्तौर ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर कंजेश्वर धाम में स्वामी विचित्रानंद जी महाराज के नेतृत्व में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगाद्य इस कवि सम्मेलन का कुशल संचालन कवि नीरज पांडे के द्वारा किया जाएगाद्य वहीं कवि सम्मेलन मे डॉक्टर देवी बक्स सिंह, श्यामल मजूमदार, प्रमोद पंकज, हरिहर दत्त पांडे, सुनीत बाजपेई, मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल, गीता गंगवार, रामश्रय सिंधु, जमुना पांडे अबोध, सुखदेव प्रसाद, भूखन भैया, अमलेश कुमार, श्याम किशोर, उत्तम सोनी सागर, निर्मल श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित, चंद्रहास सिंह, शैलेंद्र गुलशन आदि कवि अपना कविता पाठ कर विशेष आकर्षण बिखेरेंगेद्य कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था का जिम्मा राजेंद्र वर्मा को सौपा गया हैद्य वहीं इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक स्वामी श्री विचित्रानंद जी महाराज ने कहा कि हम जनपद एवं क्षेत्र के सभी नागरिकों से यह अनुरोध करते हैं कि वह सब इस कवि सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाएं।

# एस एम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ हवन पूजन

- इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई तथा हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं का शुभ आशीष कार्यक्रम संपन्न



**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विद्यालय एस एम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर दरियावखेड़ा मे रामचरितमानस पाठ के बाद हवन पूजन के साथ वर्तमान सत्र के इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह जबकि हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं का शुभ आशीष कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका सिंह के विदाई गीत पर सभी की आँखे नम हो गयी वहीं छात्र कुलदीप ने कहा कि मै तो डाली के उन पत्तों की तरह हूं जो न चाहते हुए भी टूट कर गिर जाते है साथ हि नई कोपलों के लिए स्थान छोड़ देते हैं। इस वाक्यांश को सुनकर उपस्थित सभी जनमानस भाव विभोर हो गये। प्रबंधक भीम सिंह ने कहा कि यह विदाई नही बल्कि उन्नति समारोह है हम सब की शुभकामनाएं हमेशा आप लोगों के साथ है कि आप सभी भावी जीवन में सफलता के नये सोपान स्थापित करें। प्रधानाचार्य मंजय सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार हर सुख दुःख में आपके साथ है। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका गायत्री सिंह ने कहा कि विदाई के क्षण तो हमेशा ही दुखदाई होते है किन्तु यह विदाई आगामी जीवन के पथ पर सफलताओं के लक्ष्य की ओर बढ़ने की शुभकामनाएँ देने हेतु है। अतः यह समारोह खुशी व गम का मिश्रण है। कार्यक्रम के अगले भाग में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में वर्तमान सत्र में शतप्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ ईनाम भी दिया गया। जिसमें कक्षा 10 से छात्रा वैष्णवी तिवारी राजनंदनी पायल व छात्र विनय जबकी इंटर में छात्रा भूमिका शिखा मीनाक्षी शामिल रहे। जिन्हे उनके कक्षाध्यापकों अंकुर सिंह आदित्य सिंह महेन्द्र सिंह व सावित्री यादव द्वारा पुरुस्कृत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय व्यवस्था प्रमुख अंजय सिंह ने बच्चों को परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्ति हेतु अनेक नुस्खे बताते हुए बिना भयभीत हुए परीक्षा में शामिल होने की बात कही साथ हि समस्त बच्चों को परीक्षा सामग्री वितरित की गयी। इस मौके प्रभाकर धर्मेंद्र उपेंद्र रोशन राहुल जितेंद्र राजेश सचिन राधेश्याम सत्यम अखिलेश बाबू नीरज सरेनी खंड कारवां राष्ट्रीय स्वयं सेवक सविता कीर्ती नेहा पूजा अंशिका सेजल अनामिका शिवानी पूजा अंकिता मुस्कान रचना आशा सुरेश दादा सहित समस्त विद्यालयी स्टॉफ उपस्थित रहा।

# कचरा प्रबंधन के लिए एमआरएफ सेंटर का हुआ उद्घाटन, गीले कचरे से बनेगी जैविक खाद



- बछरावां में जनपद के पहले एमआरएफ सेंटर का किया गया उद्घाटन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र में कचरे का प्रबंधन करने के लिए मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी द्वारा समस्त सभासद गणों व अधिशासी अधिकारी रामाशीष वर्मा की मौजूदगी में किया गया। यह जनपद में संचालित होने वाला पहला एमआरएफ सेंटर है। इस सेंटर में कचरा को अलग करने के लिए 16 लाख की लागत से मशीने लगाई गई। इस योजना से नगर में फैले कचरा को वाहन के माध्यम से इकट्ठा कर एमआरएफ सेंटर पर डंप किया जाएगा। पहले चरण में सूखा कचरा और प्लास्टिक प्रबंधन का काम होगा।

**क्या है एमआरएफ सेंटरः-** मटेरियल रिकवरी फैसलिटी (एमआरएफ) सेंटर में कई प्रकार की मशीन लगाई गई है। जिसके माध्यम से सूखा कचरा को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उपयोगी और गैर उपयोगी सामानों को अलग-अलग किया जाएगा। इससे नगर में कचरा प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी। इस एमआरएफ सेंटर के उद्घाटन समारोह के मौके पर वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार उर्फ मंशू धानुक, सौरभ कुमार, सतीश तिवारी सभासद, नदीम मोबाइल सभासद प्रतिनिधि, शंभू सभासद, आशीष कुमार सभासद प्रतिनिधि, रामकुमार सोनी सभासद प्रतिनिधि, सभासद बालकृष्ण पांडे सहित समस्त सभासद गण मौजूद रहे।

### सूखे अपशिष्ट को किया जाएगा अलग

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि सूखा कचरा प्रबंधन के लिए कन्वेयर वेल्ट के माध्यम से एसेम्बली लाइन बनाकर अपशिष्ट को अलग किया जाएगा। सूखे कचरे में कई तरह के सामान होते हैं। इन समानों को अलग-अलग कर आवश्यकतानुसार प्रबंधन किया जाएगा। जो वस्तु उपयोग के लायक नहीं रहेगा उसे कबाड़ी को बेच दिया जाएगा। वही गीला कचरा से जैविक खाद का निर्माण कराया जाएगा। इस मशीन में कई चैम्बर होगा। जिसमें अलग-अलग समानों को सफाई कर्मियों द्वारा अलग-अलग चैम्बर में डाल जाएगा। इसके संचालन के लिए चार नगर पंचायत कर्मियों की एमआरएफ सेंटर पर ड्यूटी लगाई गई है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

- ईंट भट्टे में मजदूरी करने जा रहा था युवक

**खीरों(रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** अपने साथी श्रमिकों के साथ ईंट भट्ठे में मजदूरी करने जा रहा खीरों क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी एक युवक मंगलवार की रात ऊंचाहार एक्सप्रेस के नीचे आ गया,जिससे उसकी मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने तकिया स्टेशन पहुंचकर घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना स्वजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मां बदहवास हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने पर गांव में मातम छा गया और सभी की आंखें नम हो गईं। खीरों क्षेत्र के गांव मोहनपुर मजरे लोदीपुर निवासी राम मोहन यादव और उनका बेटा राज बहादुर यादव पंजाब के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते थे। पिता राम मोहन पंजाब में ईंट भट्ठे पर ही था और बेटा राज बहादुर यादव (25) अपने गांव और आसपास के गांवों के कई श्रमिकों के साथ ऊंचाहार एक्सप्रेस से ईंट भट्ठे में मजदूरी करने पंजाब जा रहा था। वह अपने साथियों सहित रघुराजसिंह रेलवे स्टेशन पर ऊंचाहार एक्सप्रेस में सवार हुआ। जैसे ही ट्रेन रघुराजसिंह स्टेशन से आगे बढ़ी, तभी डिब्बे में अधिक भीड़ होने के कारण किसी ने उसे धक्का दे दिया। जिससे वह नीचे गिरने लगा तो उसने एक हाथ से दरवाजे की रॉड को पकड़कर खुद को बचाने का प्रयास किया। लेकिन कुछ ही देर में उसका हाथ छूट गया और वह ट्रेन के नीचे आकर कट गया। ट्रेन के चालक ने तकिया स्टेशन पहुंचकर स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी। रेलवे से मिली सूचना के आधार पर खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतक की मां रानी यादव, पिता राम मोहन यादव, भाई अमरेश यादव, शिवम यादव, बहन नीशू यादव सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एडीओ समाज कल्याण का फार्म स्वीकृत करने के नाम पर पैसे मांगने का ऑडियो वायरल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ ब्लॉक में तैनात एडीओ समाज कल्याण द्वारा एक ग्राम प्रधान से पेंशन के फॉर्म स्वीकृत करने के नाम पर रुपए मांगने का ऑडियो वायरल हुआ है वायरल ऑडियो में एडिओ समाज कल्याण प्रगति वर्मा विकासखंड डलमऊ के ग्राम पंचायत खड़कपुर सौताना के ग्राम प्रधान से पेंशन के फार्म से विकृत किए जाने के एवज में रुपए मांग रही हैं ग्राम प्रधान द्वारा असमर्थता जताने पर पेंशन फार्म स्वीकृत न करने की भी बात कही जा रही है हालांकि वायरल ऑडियो कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है लेकिन यह माना जा रहा है कि ब्लॉक में पेंशन फार्म स्वीकृत के नाम पर धन उगाही का खेल काफी दिनों से चल रहा है वायरल ऑडियो में जिस



प्रकार एडिओ प्रगति वर्मा बात कर रही हैं इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि विकास के नाम पर ब्लॉक के कर्मचारियों से अधिकारियों तक धन उगाही का खेल किया जा रहा है सरकार द्वारा बुजुर्ग विधवा एवं विकलांगों के जीवको पार्जन के लिए प्रतिमाह पेंशन की व्यवस्था की गई है गांव में आज भी बहुत से पात्र लाभार्थी पेंशन के लिए वर्षों से भटक रहे हैं जिनकी पेंशन स्वीकृत नहीं हो पा रही है एडिओ समाज कल्याण के ऑडियो से स्पष्ट है कि उन्हें सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति का कोई डर नहीं है खुलेआम ग्राम प्रधानों से पेंशन स्वीकृत के नाम पर वसूली की जा रही है इस संबंध में ग्राम प्रधान वीरेंद्र का कहना है कि पेंशन स्वीकृत के नाम पर एडिओ समाज कल्याण द्वारा प्रति फॉर्म ?500 की मांग की गई थी हालांकि प्रगति वर्मा ने अपना कोई ऑडियो वायरल होने की बात से साफ इनकार किया है खंड विकास अधिकारी डलमऊ सत्यदेव यादव ने बताया कि ऑडियो को संज्ञान में लेकर के समाज कल्याण एडियो प्रगति वर्मा से जवाब मांगा गया है जवाब आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण लीला का वर्णन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** धार्मिक नगरी डलमऊ के संकट मोचन में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा बीती 17 फरवरी से चल रही है सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक स्वामी कृष्णानंद भारती के द्वारा कृष्ण लीला का विस्तार से वर्णन किया गया। मठ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि संकट मोचन में राधा कृष्ण एवं चार धाम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 3 दिन तक चलेगा जिसमें दूसरे दिन शोभा यात्रा एवं विचरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया तीसरे दिन गुरुवार को मंदिर परिसर में मूर्तियों को प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस मौके पर राम चैतन्य सुशील शास्त्री स्वामी गीतानंद गिरि नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड पुरोहित व कस्बे वासी उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक को सौपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत लालगंज रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एक ज्ञापन डीआरएम को सौंपा है जिसमे उन्होंने कहा है कि रायबरेली जनपद की लालगंज सबसे बड़ी व्यापारिक मंडी के साथ-साथ यहां रेल कोच फैक्ट्री और छोटे-छोटे उद्योग हैं। यहां पर हजारों की संख्या में रोज यात्रियों का आना-जाना रहता है। ट्रेनों की संख्या कम होने से यात्रियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोरोना काल में रायबरेली से कानपुर- कानपुर से रायबरेली आरसी गाड़ी चलती थी जिसका संचालन बंद कर दिया गया था जिसका संचालन जनहित एवं व्यापारी हितों में चलाएं जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा गाड़ी नंबर 54211/54212 आरसी को प्रतापगढ़ से कानपुर वाया लालगंज के बीच, गाड़ी नंबर 14101/14102 इंटरसिटी कानपुर से प्रयाग संगम तक चलाई जाती है ।इसको कानपुर से बनारस चलाये जाने की मांग की एटीवीएम टिकट मशीन बन्द है ,उसको चालू कराने की मांग भी व्यापारियों ने की जिससे जनमानस और व्यापारियों को आसानी से टिकट मिल सके लालगंज स्टेशन पर आरक्षण का समय प्रातः 10 बजे से शाम 8बजे तक करने और लालगंज स्टेशन प्लेटफॉर्म पर गाड़ी आने पर एक नंबर से दो नंबर जाने के लिए यात्रियों को काफी आसुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके लिए एलाउंसमेंट व्यवस्था संचालित की भी पुरजोर मांग की गई है।

### मंडलायुक्त ने तीन अधिकारियों का रोका वेतन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** देवीपाटन मंडल के मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने मण्डलीय भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहे मेडिकल कॉलेज गोण्डा के प्रधानाचार्य, जिला चिकित्सालय गोण्डा के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा श्रावस्ती के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। मंडलायुक्त ने कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों की अनुशासनहीनता को लेकर यह कार्यवाही की गई है। इसके अलावा उन्होंने श्रावस्ती के सीएमओ के खिलाफ वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की मिली शिकायत पर जांच के लिए श्रावस्ती के मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी में कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और मुख्य कोषाधिकारी बहराइच को सदस्य नामित किया गया है। मंडलायुक्त ने बताया कि कमेटी के द्वारा जांच के उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।




### धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महावीर स्टडी इस्टेट स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अपनी मातृभाषा हिंदी के सम्मान में हिंदी की विभागाध्यक्षा नीरू वाजपेई की देखरेख में कक्षा 11 के बच्चों ज्ञानशू मनीषा मरियम खुशी शिवांगी महिमा सेजल शिवम शिखा नितिन विनय तथा कक्षा 9 के आहद सकिब सचिन आरव देवेश सुभाष प्रवीण श्रुति आराध्या अनुष्का जाह्नवी छवि देवयशी कृतिका अनमोल हर्ष ने अपने उद्गार पेंटिंग स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से व्यक्त किया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि 17 नवंबर 1999 को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को के सामान्य सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा की गई। उन्होंने बताया की भाषा अभिव्यक्ति का दूसरा नाम है ।मातृभाषा या भाषा है जिसमें बच्चे अपने मां से परिवार से बात करना सिखाते हैं आज का समय अपनी मातृभाषा से जुड़कर उसे और अधिक समृद्ध करने संकल्प के साथ उसके साहित्य को और अधिक समृद्ध करने का है। प्रधानाचार्य ने कहा की मातृभाषा के समृद्ध होने से देश के सभी भाषाएं समृद्ध होगी तभी देश भी समृद्ध होगा ।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्रम सं. : 1. ई–प्रापण निविदा संख्या :** उपमु0इं0नि0–1–बीएसबी–2024–01, दिनांकः 19.02.2024 **कार्य का नाम** : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में समापर सं0 20 स्पेशल किमी0 236/4–5 स्थित कछवारोड फाटक के बदले उपरिगामी सेतु (रेलवे भाग (स्टील गर्डर को छोड़कर) + राज्य भाग में पहुंच मार्ग) एवं सीमित उंचाई के सब–वे का निर्माण कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य : 37,58,60,426.25 बयाना राशि (रु.) : 20,29,300.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 28 (अठाइस माह), • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि –29/02/2024 • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि– 14.03.2024 14.30 बजे तक • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि–दिनांक 14.03.2024 14.30 बजे के उपरांत • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/नि0/I/ वाराणसी

मुजाधि/डबलू–551

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पारदर्शी चुनावी फंडिंग पर काम करे केन्द्र

भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं। ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था। तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी। पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया। इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि चुनावी बांड नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, मतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है।श् सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक को इन बांडों को जारी करने से रोकने और भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया है। यह फैसला पांच जजों के समूह ने दिया। न्यायाधीशों ने जांच की कि क्या चुनावी बांड योजना ने संवैधानिक नियमों को तोड़ा है, मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने से रोका है, दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए गुप्त दान की अनुमति दी है, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डाला है? पहले, राजनीतिक दलों को 20,000 रुपये से अधिक का योगदान देने वाले दानदाताओं की पहचान का खुलासा करना आवश्यक था। हालांकि, चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दानदाताओं की पहचान उजागर किये बिना प्राप्त धन की रिपोर्ट करने की अनुमति देते हैं। इन बॉन्ड्स की रेंज 1,000 से 10 करोड़ रुपये तक होती है। लोगों को जानना चाहिए कि राजनीतिक फंडिंग पारदर्शी है या नहीं। मुख्य आलोचनाओं में से एक यह है कि इन बांडों को खरीदते समय यह पता लगाना कठिन है कि पैसा कहां से आता है, जिससे धन के स्रोत की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। 2017 से 2022 तक के एडीआर आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान निगमों द्वारा दान की गई कुल राशि 3,299.85 करोड़ रुपये थी। इस रकम का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को 406.45 करोड़ रुपये, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 109.5 करोड़ रुपये और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को 49.7 करोड़ रुपये मिले। एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजनीतिक योगदान के बारे में जानकारी छिपाना अनुचित है। करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। पारदर्शिता की कमी जवाबदेही पर सवाल उठाती है। करदाताओं का पैसा बांड छापने में खर्च होता है और एसबीआई को उनकी बिक्री से मुनाफा होता है।

**दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था।**

# जम्मू कश्मीर : प्रभावी पहल का इंतजार

विकास सक्सेना



**(जम्मू-कश्मीर संकल्प दिवस/22फरवरी पर विशेष)**

**प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।**

बीते कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं।

पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है।

प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं।

दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है। इसके अलावा यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि हम जिसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी (पीओके) और पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है वह कश्मीर का हिस्सा है ही नहीं वह तो जम्मू का भाग है। वह न तो कश्मीर का अंश था और न ही इस रूप में उसका समझौता हो सकता था।

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की भाषा भी कश्मीरी नहीं थी यहां के लोग जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वह डोगरी और मीरपुरी का मिश्रण है। आजादी के बाद लगभग पांच सौ रियासतों का भारत में विलय हुआ लेकिन राजनैतिक नेतृत्व की ढुलमुल नीति के चलते जम्मू और कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। दरअसल स्वतंत्र राज्य की चाहत में कश्मीर के महाराजा हरीसिंह लम्बे समय तक असमंजस की स्थिति में रहे। निर्णय लेने में देरी के चलते शेख अब्दुल्ला जो पहले भारत के साथ विलय के पक्षधर से उनका मन बदलने लगा और वह स्वतंत्र राज्य की मांग करने लगे। इस बीच पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार और सेना ने कबाइली लड़ाकों के साथ मिलकर कश्मीर पर हमला कर दिया।

अत्याधुनिक हथियारों के साथ आए इन हमलावरों ने मानवता को तार-तार करते हुए गैर मुस्लिमों की हत्या, लूटपाट और महिलाओं के साथ बलात्कार शुरू कर दिए। हालात इतने खराब हो गए कि खुद महाराजा हरीसिंह ने श्रीनगर से पलायन कर 25अक्टूबर 1947 को जम्मू आकर सुरक्षित स्थान पर शरण ली। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने 26अक्टूबर 1947 को भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कश्मीर के भारत में विलय के बाद 27अक्टूबर 1947 को भारतीय सैनिकों का पहला जत्था जम्मू-कश्मीर पहुंचा।

## विचार

# मातृभाषा, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विन्यास

प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव

**मातृभाषा यह समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है कि भाषा कैसे काम करती है, जिसमें व्याकरण, वाक्य रचना और शब्दावली शामिल है। शोध से पता चला है कि जिन छात्रों की मातृभाषा में मजबूत नींव होती है, वे दूसरी भाषा सीखने में अधिक सफल होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने पहले से ही संज्ञानात्मक कौशल और भाषा-जागरुकता विकसित कर ली है जो भाषा सीखने के लिए आवश्यक हैं। वे नई भाषा में पैटर्न और संरचनाओं को पहचानने के लिए भी बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं, क्योंकि उनका संदर्भ-बिंदु उनकी मातृभाषा में है। कक्षा में मातृभाषा का उपयोग करने से छात्रों को नई जानकारी को बेहतर ढंग से समझने और बनाए रखने में मदद मिल सकती है। जब शिक्षक छात्रों की मातृभाषा में अवधारणाओं को समझाते हैं तो यह नई जानकारी को स्पष्ट और सुदृढ़ करने में मदद कर सकता है।**

भाषा शक्तिशाली उपकरण है। उसमें लोगों को जोड़ने, विचार व्यक्त करने और संस्कृति बनाने की क्षमता होती है। हममें से कई लोगों के लिए, हमारी मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम बोलना सीखते हैं और जिसका उपयोग हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। जिस तरह से हम अपनी मातृभाषा का उपयोग करते हैं उसका नई भाषाओं को सीखने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने की हमारी क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह वह भाषा है जो किसी व्यक्ति के परिवार या समुदाय द्वारा बोली जाती है और अकसर घरेलू वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा है।

मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भाषा सीखना तब आसान हो जाता है जब यह उन अवधारणाओं से संबंधित हो जिनसे बच्चा अपनी मातृभाषा में पहले से ही परिचित है। इसके अलावा, मातृभाषा सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण में मदद करती है। यह लोगों के लिए गर्व और अपनेपन का स्रोत है और उनकी पहचान का अभिन्न अंग है। इसलिए, मातृभाषा के महत्व को पहचानना और इसके उपयोग और सीखने को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। भाषा को समझने में मातृभाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह नींव है जिस पर अन्य सभी भाषाएं निर्मित होती हैं। बच्चे बिना किसी औपचारिक निर्देश के, अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को सुनकर स्वाभाविक रूप से अपनी मातृभाषा सीखते हैं।

मातृभाषा यह समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है कि भाषा कैसे काम करती है, जिसमें व्याकरण, वाक्य रचना और शब्दावली शामिल है। शोध से पता चला है कि जिन छात्रों की मातृभाषा में मजबूत नींव होती है, वे दूसरी भाषा सीखने में अधिक सफल होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने पहले से ही संज्ञानात्मक कौशल और भाषा-जागरुकता विकसित कर ली है जो भाषा सीखने के लिए आवश्यक हैं। वे नई भाषा में पैटर्न और संरचनाओं को पहचानने के लिए भी बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं, क्योंकि उनका संदर्भ-बिंदु उनकी मातृभाषा में है।

इसके अलावा, कक्षा में मातृभाषा का उपयोग करने से छात्रों को नई जानकारी को बेहतर ढंग से समझने और बनाए रखने में मदद मिल सकती है। जब शिक्षक छात्रों की मातृभाषा में अवधारणाओं को समझाते हैं तो यह नई जानकारी को स्पष्ट और सुदृढ़ करने में मदद कर सकता है। यह छात्रों के मौजूदा ज्ञान और उनके द्वारा प्राप्त किए जा रहे नए ज्ञान के बीच एक पुल बनाने में भी मदद करता है। जब कोई व्यक्ति एक नई भाषा सीखता है तो सबसे पहले वह अपने दिमाग में शब्दों और वाक्यांशों का अपनी मातृभाषा से नई भाषा में अनुवाद करता है। यह अनुवाद प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण और समय लेने वाली हो सकती है। यदि अनुवाद सटीक नहीं है तो इससे गलतफहमी और गलत व्याख्याएं भी हो सकती हैं।

इसके अलावा, मातृभाषा की संरचना और व्याकरण भी नई भाषा सीखने को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ भाषाओं में दूसरों की तुलना में अधिक जटिल व्याकरण संरचनाएं होती हैं। यदि किसी व्यक्ति की मातृभाषा में व्याकरण संरचना जटिल है, तो उन्हें सरल व्याकरण संरचना के साथ एक नई भाषा सीखना अधिक चुनौतीपूर्ण लग सकता है। नई भाषा में मातृभाषा के साथ समानताएं हों तो इससे व्यक्ति के लिए नई भाषा सीखना और समझना आसान हो सकता है। व्यक्ति कुछ शब्दों और वाक्यांशों को अधिक आसानी से पहचानने और याद रखने में भी सक्षम हो सकता है। इसके अलावा, अपनी मातृभाषा में सीखने से आपकी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को संरक्षित रखने में मदद मिलती है। यह आपको अपनी भाषा, इतिहास और परंपराओं को समझने और उनकी सराहना करने की अनुमति देता है, साथ ही आपको अन्य संस्कृतियों और भाषाओं की बेहतर समझ भी देता है। निष्कर्षतः, अपनी मातृभाषा में सीखने के लाभों को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह अन्य चीजों के अलावा प्रभावी शिक्षण, आलोचनात्मक सोच और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देता है। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के लिए इसे पहचानना और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि छात्रों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। बौद्धिक विकास पर द्विभाषावाद का प्रभाव एक दिलचस्प विषय है। द्विभाषी व्यक्तियों में दो भाषाओं के बीच निर्बाध रूप से स्विच करने की क्षमता होती है और इसका संज्ञानात्मक कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया है।

# लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है।

चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी।

पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्ठा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने श्देश की पीठ में छुरा घोंपा हैय। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा होनी चाहिए। कमिश्नर चट्ठा ने यह भी कहा कि वे 1971 वाला दौर फिर नहीं देखना चाहते हैं। गौरतलब है कि 1971 में ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था, क्योंकि तब भी शेख मुजीबुर्रहमान को चुनाव में जीत हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान की सैन्य हुकूमत सत्ता सौंपना नहीं चाहती थी। इसके बाद जो कुछ हुआ, उस इतिहास से सब वाकिफ हैं।पाकिस्तान का न्यायतंत्र, सैन्य तंत्र और सत्ता पर काबिज होने की इच्छा लिए राजनेता भले इस खूनी इतिहास से कोई सबक न लेना चाहें, लेकिन कमिश्नर चट्ठा ने एक रास्ता उन लोगों को दिखा दिया है, जो ईमानदारी के साथ लोकतंत्र के रास्ते पर चलना चाहते हैं।



# राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृष:-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**मिथुन:-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क :-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुला:-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

**वृश्चिक:-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनु:-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे।

**मकर:-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी।

**कुंभ:-** ''''खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

**मीन:-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

# मोदी के रामराज्य में सुदामा के चावल पर पीआईएल

डॉ. दीपक पाचपोर



**समारोह में मौजूद कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस से निकाले गये प्रमोद कृष्णम को सम्बोधित करते हुए मोदी ने तंज कसा कि श्यह तो अच्छा हुआ जो आपने (कृष्णम) केवल अपनी भावनाएं ही व्यक्त कीं। भावनाओं के अलावा मुझे कुछ नहीं दिया वरना यह ऐसा समय चल रहा है कि अगर आज कृष्ण होते और सुदामा उन्हें चावल की पोटली भेंट करते तो कोई उसका वीडियो बनाता और पीआईएल (जनहित याचिका) दायर कर देता कि पोटली में क्या है। मोदी के गुस्से का सबसे ताजा कारण निश्चित ही हाल का वह निर्णय होगा जिसमें मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने मोदी सरकार द्वारा 2017-18 में लाये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉड्स को असंवैधानिक, नागरिक अधिकारों का हनन और सूचना के अधिकार का उल्लंघन बतलाया है।**

भारत लोकतंत्र की जननी है- यह कहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में मंगलवार को कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास करते हुए नये तरीके से न्यायपालिका पर हमला बोल दिया है, जो बतलाता है कि वे सरकार के खिलाफ आ रहे अदालती फैसलों से खासे परेशान चल रहे हैं। उनकी परेशानी स्वाभाविक तो है लेकिन किसी भी देश के कार्यपालिका प्रमुख द्वारा ऐसी टिप्पणी न तो वांछनीय है और न ही शोभनीय। उन्हें अगर न्यायपालिका से किसी तरह की शिकायत है तो उन्हें यह द्वंद्व कोर्ट के भीतर ही निपटाना चाहिये। उस लड़ाई को इस प्रकार से किसी सार्वजनिक सभा तक ले जाना उचित नहीं। वैसे मोदी का गुस्सा इस लिहाज से जायज है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से कई फैसले केन्द्र सरकार के विरूद्ध तो आये ही हैं, निकट भविष्य में और भी सम्भावित हैं।

समारोह में मौजूद कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस से निकाले गये प्रमोद कृष्णम को सम्बोधित करते हुए मोदी ने तंज कसा कि श्यह तो अच्छा हुआ जो आपने (कृष्णम) केवल अपनी भावनाएं ही व्यक्त कीं। भावनाओं के अलावा मुझे कुछ नहीं दिया वरना यह ऐसा समय चल रहा है कि अगर आज कृष्ण होते और सुदामा उन्हें चावल की पोटली भेंट करते तो कोई उसका वीडियो बनाता और पीआईएल (जनहित याचिका) दायर कर देता कि पोटली में क्या है।

मोदी के गुस्से का सबसे ताजा कारण निश्चित ही हाल का वह निर्णय होगा जिसमें मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने मोदी सरकार द्वारा 2017-18 में लाये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉड्स को असंवैधानिक, नागरिक अधिकारों का हनन और सूचना के अधिकार का उल्लंघन बतलाया है। मोदी इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि जनता को कुछ बताया जाये। वे ऐसे हर नियम से खुद व उनकी सरकार को दूर कर देते हैं जिसमें जनता को जवाब देना पड़े। इसलिये वे मीडिया से बात नहीं करते, खुली परिचर्चाओं में हिस्सा नहीं लेते, कोई सवाल नहीं लेते। पत्रकार हों भी तो उनके अपने गोद लिये हुए अथवा अक्षय कुमार या प्रसून जोशी जैसे सिनेमा कलाकार-गीतकार हों जो उनसे पहले से दिये गये प्रश्नों के आधार पर आम चूसने के तरीकों और 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने का कारण जानना चाहते हैं।

ऐसे प्रायोजित सवालों के उत्तरों पर कुर्बान होने वाला उनके प्रशंसकों व समर्थकों का एक बड़ा वर्ग है, तो मोदी को अगर खुद को प्रधानमंत्री नहीं बल्कि सम्राट होने की गलतफहमी हो जाये, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। यही कारण है कि देश में लोकतंत्र का आग्रह ही नहीं बल्कि शर्त मढ़ने वाला ऐतिहासिक संसद भवन उन्हें खाने को दौड़ता है। इसलिये वे उसे बन्द कर सेन्ट्रल विस्टा बनवाते हैं, नये-नये परिधान पहनकर उसमें होने वाली कथित चर्चाओं में गेस्ट एपीयेरेंस देते हैं, विपक्ष को अपमानित करते हैं, पहले भ्रष्टाचार के अलावा कोई काम न होने का दुखड़ा सुनाते हैं। मोदी का विश्वास लोकतंत्र में नहीं राजतंत्र में है इसलिये वे नये भवन में राजदण्ड का प्रतीक सेंगोल स्थापित करते हैं।

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में धर्म के लिये कोई जगह नहीं है इसलिये वे इसे राजतंत्र में बदलना चाहते हैं। इससे धर्म की जगह बनती है। वैसे भी जनहित के काम करने के बनिस्बत धर्म के बल पर सरकार चलाना आसान होता है। जनता को राजतंत्र प्रणाली के पक्ष में सोचने व ढालने का एक और बड़ा फायदा मोदी जैसे राष्ट्राध्यक्षों को यह मिलता है कि विपक्ष जैसे तत्व से देश को मुक्त करने की अवधारणा बलवती होती है तथा (दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से) यह भी जनता द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है कि राजा की आलोचना नहीं की जा सकती। इसीलिये जब मोदी कहते हैं कि उन्हें श्विपक्ष गालियां देता है, तो उनका इशारा सरकार की आलोचना करने या सवाल करने से होता है।लोकतंत्र को छोड़कर राजतांत्रिक शासन प्रणाली में देश विश्वास करे या न करे, मोदी करते हैं, उनकी भारतीय जनता पार्टी करती है, मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है और उनके समर्थक तो करते ही हैं। इसलिये वे यह नहीं जानतेय और जानते भी हैं तो मानते नहीं, कि लोकतांत्रिक प्रणाली में शासन का कामकाज शक्ति पृथक्करण के आधार पर चलता है। सरकार से कामों से न्याय-अन्याय होने की मुहर लगाने का काम कोर्ट का होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सपा ब्लॉक प्रमुख ने थामा भाजपा का दामन

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सपा के बुंदेलखंड के इकलौते ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव का पंचायतों की राजनीति का लंबा अनुभव है। 16 वर्ष के इतिहास में इन्होंने 20 चुनाव लड़कर पूरे परिवार को चुनाव जीतने में कामयाब रहे। केवल दो चुनावों में इनको हार मिली है।

सुमेरपुर के ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव बुंदेलखंड में सपा के इकलौते ब्लॉक प्रमुख थे। सपा मे इनको मजबूत स्तंभ माना जाता था। बुधवार को इन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं केशव मौर्या, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, भाजपा नेता अमरपाल मौर्या की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया।

इनके राजनैतिक कैरियर में नजर डाली जाए तो 2005 से 2021 तक इन्होंने 20 चुनाव लड़े और 18 में जीत हासिल की। इन्होंने सचिवालय की नौकरी छोड़कर 2005 में प्रधान पद का चुनाव बड़ागांव से लड़ा और जीता। यह 10 वर्ष प्रधान रहे। 2015 में मां सुमित्रा देवी को प्रधान बनाने में सफल रहे। मां की मौत के बाद बहन सुमन यादव को इंचार्ज प्रधान बनवाया। उपचुनाव में अनुज बहू कुसुम उर्फ रूबी को प्रधान बनाने में सफल रहे। यह वर्ष 2010 में ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन बसपा विधायक अशोक सिंह चंदेल के कारण नामांकन नहीं करा सके थे। बाद में 2012 में इन्होंने ब्लॉक प्रमुख हरिदास सविता के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कराया और पत्नी सुमन यादव को ब्लॉक प्रमुख बनाने में सफल रहे। इसके बाद 2015 में यह बीडीसी बने और ब्लॉक प्रमुख बनने में सफल रहे। वर्ष 2018 में भाजपा इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लायी लेकिन यह अविश्वास जीतने में सफल हो गये।

2021 में हुए चुनाव में भाजपा के कड़े विरोध के बाद भी यह ब्लॉक प्रमुख बनने में कामयाब हो गए थे और बुंदेलखंड में सपा के इकलौते ब्लॉक प्रमुख बने थे। सपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने से सपा को करारा झटका लगा है क्योंकि सपा में इनको मजबूत स्तंभ माना जाता था। फरवरी माह में सपा को यह दूसरा झटका है। चरखारी की पूर्व विधायक अम्ब्रेश कुमारी भी सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई हैं।

## पुलिस ने चाकू सहित आरोपी को पकड़ा




**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना लवेदी पुलिस गश्त के दौरान ने एक शातिर युवक को चन्द्रपुरा नहर पुल से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष सनत चौधरी व उपनिरीक्षक सौरभ कुमार हमराही फोर्स के साथ रात्रि गस्त पर थे कि तभी जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में चन्द्रपुरा नहर पुल पर खडा हुआ है। जिस पर पुलिस टीम ने उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अनुज तिवारी उर्फ चिडचिडा पुत्र विनोद तिवारी उर्फ लटूरे निवासी ग्राम लवेदी बताया जामातलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया। थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करके उसे जेल भेज दिया। पकडा गया युवक शातिर आरोपी बताया गया है।

# सभासद शरद ने टूटी पाइप लाइन कराई सही

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने वैरुन पंसारी टोला एवं अकालगंज की टूटी पानी की पाइप लाइन को सही कराया। ये पाइप लाइन बिजली के खम्भें लगाने के दौरान सड़क खोदने से टूट गई थी।

भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि अकालगंज में मेंन रोड पर पानी की पाइपलाइन लगभग एक से डेढ़ फुट और वैरुन पंसारी टोला में लगभग 1 फुट टूट गई थी जिससे पानी बर्बाद हो रहा था सूचना मिलते ही नगर पालिका जलकल टीम को बुलाकर इसे तत्काल प्रभाव से मैंने सही कर दिया है सभी लोगों से निवेदन है कि पानी को किसी भी कीमत पर बर्बाद ना होने दें अगर कहीं भी टूटी पाइपलाइन दिखाई दे तो मुझे सूचित करें उस पानी की पाइपलाइन को तत्काल प्रभाव से सही कराया जाएगा और जिन लोगों के नल टूटे हैं या कहीं भी नलों की टोंटियां टूटी है उन्हें सही करा लें जिससे पानी बर्बाद ना हो। शरद बाजपेयी ने कहा कि मैं बिजली विभाग से भी निवेदन करता हूं कि जहां आवश्यकता हो वहीं पर खंबे लगाए जाएं किसी के मकान के सामने एवं दरवाजे पर खम्मा ना लगाया जाए, दो मकानों के जोड़ पर ही खंबा लगे किसी की मकान की परिधि के बीच में खंबा नहीं लगाया जाए जिससे किसी को भी परेशानी ना हो, बहुत अधिक आवश्यकता होने पर ही और उस मकान मालिक की सहूलियत के साथ ही खंबे लगाएं। और पानी की पाइपलाइन कहां है इसका भी ध्यान रखें। शरद बाजपेयी ने कहा कि जितनी भी स्ट्रीट लाइट है बिजली की नई लाइन पडने से कनेक्शन हटे थे सभी को एक साथ लगातार 3 दिन के अभियान चला कर सभी लाइटों को सही करा दिया है सबके कनेक्शन कराकर स्ट्रीट लाइटें चालू करा दी है। इस अवसर पर क्षेत्रवासी एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पोस्टर प्रतियोगिता में प्राची ने पाया प्रथम स्थान

▸ ब्रह्मानंद महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को आयोजित हुई प्रतियोगिता

राठ।सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को लेकर ब्रह्मानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रोवर्स रेंजर्स, एनएसएस, बीएससी होम साइंस, कृषि विज्ञान एवं विज्ञान के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पोस्टर की विषय वस्तु, रंगोली के रंगो एवं आशय को ध्यान रखते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की घोषणा की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी प्राची ने प्रथम स्थान, ममता एवं पूजा ने द्वितीय, मुकेश कुमार, शिवम पटेल ,शरण, विमल बीएससी एग्रीकल्चर के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी हिना, शकीरा ,सना, आकांक्षा राजपूत ने प्रथम स्थान पाया। नीलम देवी ,प्रियंका उपासना ने द्वितीय तथा प्राची गुप्ता, मुकेश कुमार, शिवम पटेल, शरण कुमार, विमल गुप्ता, राजकुमार ने तीसरा स्थान पाया। इस दौरान डा.सरजू नारायण ने अपने उद्बोधन के दौरान वाहन चलने वाले छात्र-छात्राओं को सड़क के नियमों के पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डा.दशरथ सिंह ने छात्र छात्राओं से सड़क के नियमों के पालन करने की अपील की। डा.कमलेश राजपूत ने रंगों के महत्व पर प्रकाश डाला। डा.शीला सिंह ने सड़क पर अंकित प्रतीक चिन्हो के बारे में बताया। डा.आरबी शर्मा ने वाहन को सही स्थिति में रखना, इंडिकेटर का एवं सड़क पर अंकित प्रतीक चिंहों के उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डा.कमलेश राम ने सभी से सड़क के नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित चलने की अपील की। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका नोडल अधिकारी डा.जितेंद्र सिंह, डा.शीला सिंह, डा.कमलेश राजपूत और शिल्पा सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्राध्यापक डा.एसजी राजपूत ,कीरत सिंह, समेत पूजा देवी, धर्मेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, कैलाश चन्द्र, राजेश चैरसिया आदि लोग रहे।

### भटेवरा खुर्द में हुई कबड्डी व रस्साकसी प्रतियोगिता



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले की कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के भटेवरा खुर्द गांव में कारक देव बाबा मेला में कबड्डी और रस्साकस्सी की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। रस्साकस्सी की प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया और अपना दमखम दिखाया। फाइनल मैच सेलाखालसा और बम्होरी खुर्द के बीच में संपन्न हुआ। जिसमें सात-सात खिलाड़ियों ने भाग लिया। ताकत के इस खेल में सेला खालसा ने बम्होरी खुर्द को हरा दिया। सभी ने खिलाड़ियों की हौसलाफजाई की। कबड्डी प्रतियोगिता में स्थानीय टीमों के बीच मैच कराए गए। जिसमें सोरा की टीम ने भटेवरा को 17-7 से, स्वासा की टीम ने भटेवरा को 25-5 से हरा दिया। आयोजक नरेंद्र यादव ,राजेश पाल,जयराम सेन, बद्री, प्रदीप राजपूत, प्रदीप यादव ने बताया कि अगले दो दिन में बुंदेलखंड के अलावा बाहर से आया टीमों के बीच मुकाबले होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।सभी ने प्रतियोगिताओं का जमकर आनंद लिया।

### व्यापारी उत्पीड़न को लेकर तीन व्यापार मंडल एक साथ आयें

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नुमाइश चौराहे स्थित एमपी सिंह तोमर के आवास पर तीन व्यापार मंडल अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष चौहान, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। तीनों व्यापार मंडलों ने व्यापारियों के उत्पीड़न को गंभीरता से लेते हुए एक साथ लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। विगत दिनों चौगुर्जी मैं चौधरी ऑटोमोबाइल के मालिक नरेंद्र चौधरी को सिविल लाइन थाना पुलिस एक साधारण शिकायत पर थाना ले गई और हिस्ट्रीसीटर अपराधी की तरह व्यापारी की एक भी सुने बगैर उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसकी चप्पल उतरवा कर अपराधी की तरह सिविल लाइन थाने में बैठाया गया और उसका मोबाइल ले लिया किसी से बात नहीं करने दी दबाव बनाकर उसका उत्पीड़न किया गया इस मामले को लेकर व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। तीनों सयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने आज इस घटना का विरोध किया और 22 फरवरी को संयुक्त रूप से समय प्रातः 11 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन देकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करेगा।

### इलाज के दौरान किसान की मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को आंधी-पानी के दौरान विद्युत पोल टूट कर गिरने से घायल किसान की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव का निवासी जनार्दन प्रजापति (45) मंगलवार को शाम खेतों पर मौजूद था। अचानक आंधी आने पर इसके ऊपर विद्युत पोल टूट कर गिर गया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने इसको उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर इसको रात में ही कानपुर रेफर किया गया था। कानपुर में रात को इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक अपने पीछे माता-पिता के अलावा पत्नी चंदा,पुत्र आदित्य, पुत्री आकांक्षा, पुत्र शिवांग के साथ छोटे भाई को रोता बिलखता छोड़ गया है। शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

## मकान पर कब्जे को लेकर पूर्व सैनिक उतरे मैदान में

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे में बेवा के मकान का फर्जी बैनामा और मकान पर कब्जे को लेकर अब सैनिक संगठन बेवा के पक्ष में आ गया है। इसी सिलसिले में संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।
कस्बे के मोहल्ला सिचौली पुरवा निवासिनी सुरजी बेवा रतिया कुशवाहा के पुस्तैनी मकान में राना बेगम पत्नी अब्दुल यूसुफ ने फर्जी बैनामा दिखाकर कब्जा कर लिया है और गरीब बेवा एक कोठरी में जीवन गुजार रही है। जिसको लेकर वीरभूमि बुंदेलखंड पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली प्रभारी को एक शिकायती पत्र सौंप कर बेवा के मकान को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही बताया है कि संगठन गरीबों, सैनिकों के परिजनों और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए हमेशा अग्रसर है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जानकारी है, दोनों पक्षों को अपने अपने कागजात लेकर बुलाया गया है। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# समाजवादी पार्टी से अजेन्द्र सिंह राजपूत बनाए गये हमीरपुर लोकसभा प्रत्याशी

▸ 2022 विधान सभा का प्रत्याशी घोषित होने के वाद काटा गया था टिकट

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा का आम चुनाव समीप देख समाजवादी पार्टी ने अन्य पार्टियो से आगे निकल हाई कमान ने अपने प्रत्याशियो की सूची घोषित कर मनोविज्ञानिक दवाव वनाते हुए इसी क्रम मे हमीरपुर लोकसभा का प्रत्याशी अजेन्द्र सिह राजपूत को घोषित किया है।पार्टी कार्य कर्ताओ एव समर्थको ने खुशी का इजहार वधाई देने वालो का ताँता लगा हुआ है।

वताते चले कि पनवाडी विकास खण्ड के ग्राम कनकुवा निवासी स्व चन्द्रनारायन सिह राजपूत पूर्व विधायक के पुत्र अजेन्द्र राजपूत समाज वादी पार्टी के सक्रिय कार्य कर्ता के रूप मे जाने जाते है और क्षेत्र मे इनका खासा जनाधार है।

2022मे आम विधान सभा चुनाव मे अजेन्द्र द्धारा चरखरी विधान सभा सीट से अपनी दावे दारी की थी जिस पर पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने उपरोक्त विधान सभा से टिकट की घोसडा की थी परन्तु ऐन वक्त पर नामकंन के एक दिन पूर्व मुह मे आया कौर छिनने वाली कहावत चरितार्थ होते हुए टिकट कट गया था।पर अजेन्द्र सिह की पार्टी मे निष्ठा एव सक्रियता मे कोई कमी नही आयी आज उसी का परिणाम है कि अजेन्द्र सिह को हमीरपुर लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है । पार्टी प्रत्याशी वनाये जाने के सम्वन्ध मे अजेन्द्र सिह राजपूत का कथन है पार्टी ने जो मेरे ऊपर विश्वास किया है उस पर मै पूर्ण रूप से खरा उतरूगा।

# घर भागा किशोर परिजनों के सुपुर्द

▸ पिता की डांट से नाराज होकर घर से चला गया था किशोर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने पिता की डांट से नाराज होकर गये किशोर को सूचना के 06 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द। गौरतलब हो कि 19 फरवरी को ग्राम गंज थाना कबरई हालपता राजकमल पैलेस के पास के रहने वाले ब्रजपाल प्रजापति द्वारा शहर कोतवाली पुलिस को दी सूचना में बताया था कि उनका 16 वर्षीय पुत्र पुष्पेंद्र अपने पिता की डांट से नाराज होकर कहीं चला गया। काफी खोजबीन करने पर भी उसका पता नहीं चल पा रहा है । उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर दुर्ग विजय सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुये थानास्तर पर टीमें गठित कर तत्परता से बस स्टैण्ड, कोचिंग सेंटर, रेलवे स्टेशन, मुहल्लों, गांव व आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए 06 घण्टे के भीतर किशोर को रेलवे स्टेशन बजरिया से सकुशल बरामद कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा किशोर को समझाया गया कि भविष्य में इस तरह परिजनों से नाराज होकर घर छोड़ने का विचार मन में न लाये । किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, पुलिस हर संभव मदद करेगीं । परिजनों द्वारा पुलिस के सहयोग की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम को धन्यवाद किया।

## जीजा साले की मौत के बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** कुछ दिनों पहले ट्रक की टक्कर से हुई जीजा साले की मौत के बाद अब मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 304-ए, 427 व 177 के तहत मामला दर्ज किया है। महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंदपुरा निवासी धरम सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका बड़ा भाई दिनेश सिंह अपने साले संदीप निवासी महुआ बांध थाना अजनर के साथ 8 फरवरी को संदीप की बाइक से महोबा से मुस्करा शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे। रास्ते में रिवई पुलिस चौकी से करीब एक किमी पहले बाइक रोककर किसी से बात करने लगे। शाम करीब सात बजे ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से बैक करते समय बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आयी और दोनों की मौके पर मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। भाई की सूचना पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के के खिलाफ धारा 279, 304-ए, 427 व 177 के तहत मामला दर्ज किया है।

# ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ितों के 1,18,000 खातों में वापस कराएं

▸ साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई कर दिलाए रुपए

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुड़ी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के कुशल निर्देशन में मो. फहीम अख्तर प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम के नेतृत्व में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक को आवेदक रामगोपाल निवासी चरखारी, श्याम करन निवासी चरखारी, आयुष यादव निवासी कबरई ने अपने साथ हुयी धोखाधडी के संदर्भ मे प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा प्रार्थना पत्रों की जांच की गयी, जांच के दौरान पाया गया कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा आवेदक के साथ साइबर फ्रॉड के माध्यम से 1,18,000 रुपये की ठगी कर ली गयी थी । आवेदकों के साथ हुयी साइबर ठगी में खाते से निकाली गयी धनराशि को वापस कराने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेण्ट गेटवे/संबंधित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीडितों की सम्पूर्ण धनराशि 1,18,000/- रुपये वापस करायी गयी, पीडितों द्वारा अपनी धनराशि प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की गयी। रामगोपाल के 60,000, श्यामकरन के 40,000 व आयुष के 10 हजार रुपए लौटाए गए। सभी ने पुलिस अधीक्षक व साइबर टीम का धन्यवाद दिया।

## परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान देखने पहुंचे परीक्षार्थी




**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** आज से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं के लिए सीटिंग प्लान देखने के लिए बुधवार को परीक्षा केंद्रों में छात्र-छात्राओं की दिन भर भीड़ उमड़ी रही। सभी सूची देखकर अपने कक्षो में जाकर बैठने का स्थान देखते नजर आए। गुरुवार से हाईस्कूल इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही है। बुधवार को परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान देखने के लिए छात्र छात्राओं की दिन भर भीड़ उमड़ी रही।

# शिवमहापुरण कथा सुनने से होती है पुण्य फल की प्राप्ति : पंडित अनिल शास्त्री

▸ चरखारी के गुमान बिहारी मंदिर में चल रही कथा

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



जिले के चरखारी कस्बे के गुमान बिहारी मंदिर परिसर में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित अनिल शास्त्री ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कथा सुनने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने अपने प्रवचन में संस्मरण करते हुए कहा कि चंद्रभान नदी तट पर ब्रह्म व दक्ष ने जमकर शिव आराधना की। जब शिव जी प्रसन्न होकर बोले वर मांगो संध्या। इस पर संध्या ने कहा कि महादेव प्रथम वर मुझे देना चाहते हो तो श्रृष्टि से जन्म से ही कोई कामांध न हो मेरी जैसी आपकी भक्ति करने वाली में ही रहूं। दूसरी कोई नहीं, मेरे पति की कभी मृत्यु न हो। इस पर शिवजी ने कहा कि जो तुम्हारा पति होगा वह सात कल्प तक जीवित रहेगा। श्री शास्त्री ने प्रवचन में कहा कि वही संध्या मेषा ऋषि की पुत्री वशिष्ठ की धर्मपत्नी अरुन्धति हुईं। कथा के दौरान मुख्यजजमान गायत्री देवी, हीरालाल कुमार व बलभद्र किशोर गोस्वामी, रमन किशोर गोस्वामी, राजकुमारी जयति सिंह बुंदेला, देवशरण तिवारी, जयहिंद सेन, राजकुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहें।

## ग्राम प्रधान संगठन ने 16 सूत्री मांग पत्रों का ज्ञापन सीएम को भेजा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने ग्राम पंचायतों एवं ग्राम प्रधानों के कार्य संचालन में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं एवं अधिकारों में की गई कटौती को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री सम्बोधित 16 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।
मंडल उपाध्यक्ष आनंद अशोक सचान की अगुवाई में सौपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि 73 वें संविधान संसोधन अधिनियम संख्या 9 सन 1994 में ग्राम पंचायतों को प्रदत्त अधिकार आज तक पूरे नहीं दिए गए बल्कि कई अधिकारों में कटौती कर ली गई जो कि गलत है। संसोधन बिल यथा प्रस्ताव पूर्ण रूप से लागू किया जाए। मनरेगा कार्य का भुगतान आज भी खंड विकास



अधिकारी के डोंगल से होता है जबकि सीएम ने पूर्व में की गई घोषणा के क्रम में यह अधिकार प्रधान व सचिव को दिया जाए। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों हेतु आए फंड से भुगतान ना कराया जाए। बीते रोज हुई बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से फसलों की हुई क्षति का आकलन करवा कर समुचित मुआवजा दिलाया जाए सहित 16 सूत्री मांग शामिल है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ईशू राजपूत, सुनील सचान, गोरेलाल, केशव प्रसाद, ममता तिवारी, रामपाल सिंह, जयकरन सिंह सहित अन्य ग्राम प्रधान मौजूद रहें।

# ईओ की जांच के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद इटावा के इओ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित जिला अधिकारी द्वारा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मलखान सिंह को विनोद सिंह चौहान संयोजक कर्तव्य एवं जन अधिकार आंदोलन के नेतृत्व में शिकायत पत्र सौंपा।

जन शिकायत में अर्जुन नगर पक्का बाग में राजेंद्र कुमार पुत्र मंगल सिंह ने बिना अधिकार के सार्वजनिक गली को उखाड़ कर अपने घर के सामने मलवा डालकर गली को ऊंचा करने का मामला है। उक्त कार्य के विरुद्ध पीड़ित लोगों ने शिकायत पत्र एक जुलाई 2023 को सिटी मजिस्ट्रेट को दिया जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने स्थलीय निरीक्षण किया और गली को ऊंचा पाया जिस पर उन्होंने राजेंद्र कुमार को गाली को 7 दिन के अंदर पूर्व की बात करने का नोटिस दिया अन्यथा की स्थिति में नगर पालिका द्वारा कार्यवाई करने की बात की गई। जब राजेंद्र कुमार ने आदेश का उलंघन किया तो पुनः अधिशासी अधिकारी द्वारा राजेंद्र कुमार को सार्वजनिक गली को तीन दिन के अंदर पूर्व की भांति समतल करने का दूसरा नोटिस दिया गया लेकिन फिर भी गली को पूर्व की भांति समतल नहीं किया गया। तब जिलाधिकारी को शिकायत की गई उन्होंने नगरपालिका को जांच के लिए कहा गया इसमें पुलिस ने तो राजेंद्र कुमार के विरुद्ध कार्यवाही की लेकिन अधिशासी अधिकारी ने तीसरी जांच आख्या में आम लोगों की आपसी सहमति का तर्क दिया और गली निर्माण के लिए नगरपालिका बोर्ड की स्वीकृति की बात कर झूठी व मनगढ़ंत आख्या दी गई। इस प्रकार अधिशासी अधिकारी ने अपने पूर्व के नोटिसों के ही विरुद्ध तीसरी आख्या में अवैध अतिक्रमण की समस्या को ही नकार दिया।इस तरह अधिशासी अधिकारी ने अपने पद का दुरपयोग किया है इसलिए आज नगरपालिका अधिशासी अधिकारी के भृष्ट आचरण की जनशिकायत माननीय मुख्यमंत्री मंत्री को जिला अधिकारी द्वारा भेजी गई इस दौरान सहसंयोजक दीपक राज, राजेंद्र सिंह, शिवानंद पासवान, महेश चौहान, मुकुल चौहान,बीके कुलश्रेष्ठ,डा कैलाश नारायण एवं धीरेंद्र यादव आदि लोग प्रमुख तौर से मौजूद रहे।

# कोरी समाज महासंस्थान पीड़ित परिवार को कराई मदद मुहैया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डा सुरेश कुमार कोरी की अगुवाई में पदाधिकारीयों ने गरीब और असहाय पीड़ित परिवार की हर सम्भव मदद के लिए कुरारा विकास खंड के ग्राम कुसमरा पहुँचे जहाँ उन्होंने शिक्षा के महत्व को देख परिवार के बच्चों को शिक्षित करने के लिए किताबों के साथ अन्य सामग्री का वितरण किया।
बता दे कि ग्राम कुसमरा निवासी राजकिशोर कबीर के घर में एक एक कर तीन लोगों की मृत्यु होने से नाबालिक चार बच्चों के भरण पोषण की इस ग़रीबी स्थिति में जिम्मेदारी उठानी पड़ रही थी। सूचना मिलने पर कोरी समाज महासंस्थान की पूरी टीम मौके पर पहुंची जहाँ उन्होंने पीड़ित परिवार



को खाद्ध सामग्री के साथ जरूरत की चीजे मुहैया कराई। इस दौरान उन्होंने शिक्षा से वँचित बच्चों को कॉपी किताबें उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उच्च कोटि की शिक्षा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह संस्थान समाज के हर गरीब असहाय लोगो की हमेशा मदद करेगा और लोगो को शिक्षित कर आगे बढ़ाने का काम करेगा।
इस मौके पर राजेश कबीर, किशोरी कबीर, मुकेश कबीर,संदीप कबीर, नीलू कबीर आदि महासंस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज आंधी व बरसात के चलते कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप्प

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** बीती शाम आई तेज आंधी व बरसात के चलते विद्युत विभाग के पोल टूट गए। तथा निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर गिर कर क्षतिग्रस्त हुए। पोल टूटने से कई गांव की विद्युत आपूर्ति दिन में बाधित रही। आंधी के चलते विद्युत विभाग का लाखो रुपए का नुकसान हुआ है। बीती शाम आई तेज आंधी व बरसात के चलते विद्युत विभाग की लाइन टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए।जिससे कई गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।लोगो को पेयजल आपूर्ति के लिए परेशान होना पड़ा। आंधी तूफान के चलते मनकी फीडर के चार पोल, जल्ला फीडर के 18 पोल,शंकरपुर फीडर के 14 पोल, बेरी फीडर के चार पोल, ककरोउ फीडर के 18 पोल , देवी गंज फीडर के 11 पोल टूट कर गिर गए हैं। इससे जखेला,पारा , कंडौर,मल्हारा,भेंसापाली ,कुशौली पुरवा, ककरोऊ,बेरी आदि गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।पारा गांव के दो निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर आंधी तूफान में डबल पोल से गिर कर क्षतिग्रस्त हो गए। एक विद्युत ट्रांसफार्मर निजी नलकूप कंडोर का डबल पोल से आंधी तूफान के चलते गिर कर क्षति ग्रस्त हो गया है। विद्युत पोल 70 के लगभग टूटे तथा तीन निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त हुए है। अवर अभियंता अभिषेक साहू ने बताया कि शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके लिए कार्य चल रहा है। आंधी तूफान में विद्युत विभाग का लगभग 28 से तीस लाख का नुकसान हुआ है।

# महिला सुरक्षा शक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




ब्रह्मानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में महिला सुरक्षा, शक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीति श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि अर्चना राजपूत रही। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में छात्रों एवं महिलाओं को विस्तार पूर्वक बताया। विशिष्ट अतिथि अर्चना राजपूत ने छात्राओं एवं महिलाओं से रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवा कर किट वितरित की। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से महिलाओं के खाते में रु. 2000 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग की ओर से आएंगे। इसी क्रम में डॉक्टर शीला सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉक्टर शिल्पा राजपूत ने महिलाओं को सशक्त एवं रोजगार संबंधी जानकारी दी। डॉक्टर कमलेश राजपूत ने महिला कानून एवं उत्पीड़न से निजात दिलाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की ।डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने महिलाओं के रोजगार हेतु लघु एवं कुटीर उद्योग के बारे में जानकारी दी। कुमारी पूजा राजपूत ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर कमलेश राजपूत ने किया।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन

- बुंदेलखंड में बसपा को लगा झटका
- पालिकाध्यक्ष उरई श्रीमती गिरजा चौधरी के साथ भाजपा में शामिल
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य रहे मौजूद



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी ने अपनी मां श्रीमती गिरजा चौधरी नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष के साथ भाजपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक तथा अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के साथ अच्छी ट्यूनिंग के चलते पिछले काफी समय से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकले लगाई जा रही थी। दरअसल प्रदेश भर में भाजपा ने कमजोर होती बसपा के मजबूत नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को अपने पाले में खींचने के लिए सर्दियों में अनुसूचित जाति खासकर चौधरी समाज के बीच पैठ बनाने के लिए पूरे एक पखवाड़े तक अभियान चलाया था। लेकिन इस अभियान को स्थानीय भाजपा नेताओं की उदासीनता के चलते पार्टी चौधरी समाज के किसी एक कार्यकर्ता को भाजपा की सदस्यता नहीं दिला पाई थी। बल्कि जिले की राजनीति में हावी अनुसूचित जाति के अन्य उप जातियों के नेताओं ने पार्टी हाईकमान के द्वारा चलाये जा रहे पखवाड़े भर के चौधरी, जाटव समाज के जोड़ने के अभियान को शायद इस लिए और गंभीरता से नही लिया था कि कहीं उनके बर्चस्व को खतरा पैदा न हो जाए।

हालांकि पखवाड़े भर के अभियान में चौधरी समाज को जोड़ने में पूरी तरह से बिफल रहे स्थानीय नेताओं की मंशा को भांप कर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जल संसाधन विकास मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करने और लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने के इरादे पिछले काफी समय से पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी को भाजपा में शामिल कराने के प्रयास किए जा रहे थे। बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य एवं अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। राजनैतिक समीक्षकों की माने तो पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी की चौधरी समाज में अच्छीखासी पैठ है और इस लाभ उनके भाजपा में शामिल होने से लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिल सकता है। क्योंकि बसपा से जुड़ा वोटर पार्टी सुप्रीमो की खामोशी, विधानसभा चुनाव में पार्टी का सफाये के चलते नये राजनैतिक फोरम की तलाश में था जहां वह अपने हक एवं अधिकार की बात मजबूती से रख सके। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में जालौन गरौठा लोकसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदारों की सूची में विजय चौधरी का नाम भी चर्चा में आ गया है।

## ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का दिलाएं मुआवजा : गौरीशंकर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि होने की जानकारी मिलते ही सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने इसके लिए आवश्यक पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने किसानों के खेतों में फसल नुकसान का सर्वे कराने को कहा है जिससे कि उन्हें समय से मुआवजा मिल सके। वह किसानों की समस्याओं का समाधान तुरंत कराना चाहते हैं। उक्त संबंध में जिलाधिकारी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की और पत्र भेजकर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। जिससे पांचों तहसीलदारों को आदेशित करते हुए ओलावृष्टि में हुए नुकसान का सर्वे कराकर जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिलाए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ओलावृष्टि हुई है उससे चना, मटर, मसूर व सरसों के सबसे अधिक नुकसान हुआ है। जिस क्षेत्र में फसलों को नुकसान हुआ है उस क्षेत्र में ईमानदारी से सर्वे कराया जाए जिससे कि हर किसान को मुआवजा मिल सके। अगर किसान की शत प्रतिशत फसल नष्ट हुई होगी तो उसका पूरा मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही जिन किसानों का बीमा है उनको इसी से लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी किसी किसान को लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा।

## सेतु निगम से पीड़ित दुकानदारों के पक्ष में उतरे सपा विधायक

- दुकानदारों का उत्पीडन रोकने के सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

शहर में सिविल लाइन्स स्थित मौदहा चौराहा परिक्रमा मार्ग पर सेतु निगम द्वारा दुकानदारों को बिना कोई आर्थिक सहायता प्रदान किए दुकानें हटाने का निर्देश दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।बुधवार को जब इन पीड़ित दुकानदारों द्वारा अपनी व्यथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक व लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जानकारी में लाई गई तो उनकी तरफ से पूर्व मंत्री श्री प्रसाद,मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मिर्जा सनी बेग और वरिष्ठ नेता छोटे लाल यादव द्वारा जिलाधिकारी नितीश कुमार को इस मामले में तत्काल पीड़ित दुकानदारों को राहत दिलाने के लिए ज्ञापन सौपा गया।इस ज्ञापन में दुकानदारों द्वारा यह मांग की गई है कि हम यहां कई वर्षों से हम एवं हमारी कई पुश्ते दुकान



करते आ रहे हैं तथा हम नगर निगम में माहवार किराया भी जमा करते आ रहे हैं।इसके साथ ही नगर निगम में हमारा आवंटन भी है और हम परिक्रमा मार्ग पर स्थापित है।यदि परिक्रमा मार्ग पर अन्य स्थानों पर दुकानदारों को उचित मुआवजा दिया गया है तो हम दुकानदारों के साथ इस तरह भेदभाव क्यों किया जा रहा है? ज्ञापन में दुकानदारों ने शासन से अन्य दुकानदारों की तरह उचित मुआवजा दिया जाने या कहीं अन्य पुनर्वास की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।इस दौरान पीड़ित दुकानदारों में हरिप्रसाद, राम सिंह यादव,अहमद बेग,प्रेम शंकर गुप्ता,निरंजन यादव तथा इशरतुल्लाह सहित बड़ी संख्या में दुकानदार शामिल रहे।

## वर्षा व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का एडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



- किसानों की समस्या देखते हुए मुख्यालय पर कंट्रोल रूम किया गया स्थापित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जनपद में बीते दिन हुयी असामयिक वर्षा व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर बताया कि तहसील जालौन के ग्राम- खनुवॉं, धनौरा कलॉं, खर्रा, कैथ, लहचूरा, धन्तौली, कुँवरपुरा, गुपलापुर, हथनाखुर्द, तहसील कोंच के ग्राम भेड़, तीतरा, सदूपुरा, कनासी, अकनीबा, तहसील उरई के ग्राम धगुँवा कलॉं, मिनौराकालपी तहसील माधौगढ़ के ग्राम कन्झारी तथा तहसील कालपी के ग्राम सुनेहटा आदि ग्रामों में कृषि फसलो में नुकसान होने की सूचना अभी तक प्राप्त हुयी है, सर्वे की कार्यवाही प्रचलित है।

जनपद की समस्त तहसीलो से प्राप्त प्रारम्भिक सूचना के अनुसार कई राजस्व ग्रामों में कतिपय कृषको की फसल क्षति 33%से अधिक है। यद्यपि मुख्य फसल गेहूँ का नुकसान कम है किन्तु मटर, सरसों तथा चने की फसल का अधिक नुकसान हुआ है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी जालौन, समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदार तथा अन्य राजस्व कर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रो में ओलावृष्टि से हुयी क्षति का आंकलन करने के लिये स्थलीय निरीक्षण किया गया है। सर्वे में पायी गयी क्षति के सम्बन्ध में शासनादेश में अंकित व्यवस्था के अनुसार कृषको को 33% से अधिक नुकसान पर सिचिंत क्षेत्र में 17000/-रु. प्रति हे. तथा असिचिंत क्षेत्र में 8500/-रु. प्रति रु. की धनराशि देय है। यह धनराशि न्यूनतम सिंचित क्षेत्र में 2000/-रु. व असिंचित क्षेत्र में 1000/-रु. बोये गये क्षेत्रो के अधीन निधारित है। इस सम्बन्ध में अपनी फसल के नुकसान से सम्बन्धित विवरण सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार/ नायब तहसीलदार/ राजस्व निरीक्षक अथवा लेखपाल के पास दर्ज कराया जा सकता है। कृषको की समस्या के निवारण हेतु जनपद जालौन मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम नम्बर 05162-257090 व 252516 प्रारम्भ किये गये है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये है कि जिन कृषको की फसलो की क्षति हुयी है उनका सर्वे कराकर नियमानुसार यथाशीघ्र भुगतान की कार्यवाही की जाये।

## छात्रों ने वर्कशॉप में वैज्ञानिक अन्वेषण, शिल्प कौशल का किया प्रदर्शन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

एमएल कांवेंट स्कूल में छात्रों ने खगोल विज्ञान और इंजीनियरिंग के मॉडल को समझा। इस कार्यक्रम में एक दूरबीन के माध्यम से सूर्य अवलोकन सत्र और रिमोट कंट्रोल नियंत्रित विमान निर्माण वर्कशॉप शामिल थी। जिसके माध्यम से वैज्ञानिक अन्वेषण और व्यावहारिक शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया गया। एमएल कांवेंट में व्योमिका स्पेस लैब के निदेशक नितिन कुमार, एविएशन व्योमिका स्पेस लैब के प्रमुख भरत कुमार और वैज्ञानिक अभिषेक ने छात्रों को दूरबीन के माध्यम से सूर्य का अवलोकन करया। सूर्य अवलोकन के माध्यम से वैज्ञानिकों ने सौर ऊर्जा के



रहस्यों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। बच्चों ने भी सूर्य अवलोकन कर युवा मन में आने वाली जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से पूछकर शांत किया। उन्होंने सनस्पॉट और सौर ज्वाला जैसी सौर विशेषताओं को देखा। इसके अलावा रिमोट कंट्रोल नियंत्रित विमान निर्माण वर्कशॉप ने छात्रों की रचनात्मक जिज्ञासाओं को शांत किया। विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ, उन्होंने इंजीनियरिंग सिद्धांतों और वायुगतिकी में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की।

## बच्चे माता-पिता को बोझ न समझें बल्कि बुढ़ापे का सहारा बनें : कुलपति

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा मणि पर्वत स्थित पुरुष तथा नयाघाट स्थित महिला वृद्धाश्रम में बुधवार को पूर्वाह्न स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर किया।कुलपति की मौजूदगी में चिकित्सकों ने 75 से अधिक वृद्धजनों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया।इनमें बीपी,शुगर, हीमोग्लोबिन,गठिया तथा कैलशियम की समस्या पाई गई। चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों के स्वास्थ्य समस्या का निदान

- अयोध्या के वृद्धाश्रम में अवध विवि द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण



करते हुए निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई।शिविर में कुलपति प्रो गोयल ने कहा कि इस भौतिकवादी युग में वृद्ध माता पिता अपने बच्चों पर बोझ बनते जा रहे है। ऐसे में उन्हें अपनों से दूर रहकर कठिन जीवन वृद्धाश्रम में गुजारना पडता है।बच्चें माता पिता को कभी बोझ न समझे उनके बुढ़ापे का सहारा बने।कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के अनुभूति एक प्रयास तहत अयोध्या के वृद्धआश्रम विश्वविद्यालय से जोड़े गए है। इसमें परिसर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य के विद्यार्थियों को अयोध्या स्थित वृद्धाआश्रम को जोड़ा गया है। जिससे उनमें वृद्धों के प्रति समाज की सहानुभूति को स्वानुभूति में परिवर्तित किया जा सके। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुलपति प्रो0 गोयल ने आश्रम के वृद्धजनों को फल,मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी व अन्य सामग्री भेट किया।

इस मौके पर पंजाब सरकार के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रेम भूषण गोयल, विश्वविद्यालय की चिकित्साधिकारी डॉ0 दीपशिखा चैधरी, डॉ0 दीपशा दूबे,आश्रम के परमानंद यादव,प्रद्युम्न मिश्रा, रीमा मिश्रा,डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, डॉ0 प्रतिभा देवी, डॉ0 प्रभात कुमार,पल्लव पाण्डेय, स्वतंत्र त्रिपाठी,डॉ प्रज्ञा पाण्डेय,आशीष मिश्र, गिरीश चंद पंत तथा सीमा तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## सीसीटीवी की निगरानी में नकलविहीन बोर्ड परीक्षायें संपादित होंगी

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार से वोर्ड परीक्षाए शुरू हो जाएगी। इसके लिए नगर में दो विद्यालयो को परीक्षा केन्द्र बनाया जाएगा जिसमें इंटर में 462 तो हाईस्कूल में 624 परीक्षार्थी परीक्षा देगे। 22 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कक्षाओं की वोर्ड परीक्षाए शुरू हो रही है। इसके लिए नगर में एम एस वी इन्टर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विभागीय सूत्रों की माने तो परीक्षाओं को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए विभाग ने पुख्ता इंतजाम कराया है जिसके तहत चहारदीवारी एवं कमरों में कैमरों का विशेष ख्याल रखा गया है और संसाधनों के अनुसार ही परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की संख्या तय की गयी है।

## किसान भाई तकनीक अपनाकर कृषि में पाएं अधिक उत्पादन : आर एस मिश्रा

**उतरौला/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बजाज चीनी मिल उतरौला परिक्षेत्र गोवर्धनपुर जोन के ग्राम तिलखी बढ़या में कृषक गोष्ठी करके किसानों को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील गन्ना प्रजाति की बुवाई संतुलित मात्रा में खाद का प्रयोग ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई भूमि एवं गन्ना बीज उपचार आदि विषयों पर बताया गया। किसान भाई अपने क्षेत्र (खेत) के अनुसार गन्ना प्रजाति का चुनाव कर गहरी जुताई एंव ट्राइकोडरमा द्वारा भूमि शोधन तथा प्रिज्म से गन्ना बीज उपचार करके बुवाई करें जिसके बारे आवश्यक जानकारी दिऐ।उप महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा ने बताया कि उन्नतिशील अगेती प्रजाति का अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्राजाति कोलख-14201 को0-0118,15023,98014 या को0शा0-13235 आदि का दो आंख के टुकड़े करके गन्ना बीज उपचार अवश्य करें। तथा बुवाई के पहले नालियों



मे कम्पोस्ट खाद को रसायनिक उर्वरको के साथ मिलाकर डाल दें।उसके बाद गन्ने की बुवाई करें।अधिक पैदावार पाने के लिए लाइन से लाइन की दूरी 4 फिट से कम नहीं करना चाहिए।समय-समय पर खरपतवार नियंत्रण अवश्य करें।अगर किसान भाई उक्त बातों को ध्यान में रखकर खेती करें तो निश्चित ही अधिक उत्पादन मिलेगा।उक्त अवसर पर जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला बजाज चीनी मिल के प्रबंधक योगेश त्रिपाठी विजय पाण्डेय फील्ड ऑफिसर रामायन पाण्डेय साकिब मैराज उमेश गुप्ता आलोक वर्मा एवं गन्ना कृषक राघवेंद्र मिश्रा दिलीप मिश्रा भगौती प्रसाद देवदत्त आदि लोग कृषक गोष्ठी में मौजूद रहें।

## पूर्व चेयरमैन विजय जैन समेत पांच आरोपी बाइज्जत बरी

- एक वर्ष पूर्व उरमौरा स्थित एक होटल में घुसकर दलित कर्मचारी के साथ मारपीट करने का था आरोप

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

एक वर्ष पूर्व राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उरमौरा स्थित एक होटल में घुसकर दलित कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने सुनवाई करते हुए नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के पूर्व चेयरमैन विजय जैन समेत पांच आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली में 7 सितंबर




2022 को दी तहरीर में रोहित सोनकर पुत्र बुलबुल सोनकर निवासी कम्हारी, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने आरोप लगाया था कि वह एक गरीब और दलित व्यक्ति है। वह उरमौरा स्थित एक होटल में काम करता है, जिससे उसके परिवार का भरण पोषण होता है। 6 सितंबर 2022 की रात करीब नौ बजे एक गाड़ी पर सवार होकर पूर्व चेयरमैन विजय जैन, साजिद अली, रजत जायसवाल, एखलाख उर्फ फौजी तथा अब्दुल्ला खान आ गए और आते ही होटल में घुसकर उसे रिसेप्शन से खींचकर बेरहमी से गाली देते हुए मारने पीटने लगे। जब उसे बचाने संदीप आया तो उसे भी ये लोग मारे पीटे। इस दौरान गाली भी दे रहे थे। इस तहरीर पर पुलिस ने मारपीट और एससी/ एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।इस मामले में 16 फरवरी को सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर साक्ष्य के अभाव में पाचों आरोपियों पूर्व चेयरमैन विजय जैन, रजत जायसवाल, साजिद अली, एखलाख उर्फ फौजी तथा अब्दुल्लाह खान को दोषमुक्त करार दिया।

## पौने छह करोड़ से निर्मित सड़क पांच माह में ही उखड़ने लगी

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 5 करोड 80 लाख रूपये से निर्मित सिकरी रहमानपुर मार्ग 5 माह में ही उखड़ने लगा। पूर्व विधायक की शिकायत पर वुधवार को शासन के द्वारा गठित तकनीकी टीम ने गुणवत्ता की जांच शुरू की है। विदित हो कि गत वर्ष 2023 में लोकनिर्माण विभाग के खण्ड 2 के द्वारा मदारीपुर स्टेट हाईवे से सिकरी रहमानपुर-खल्ला सम्पर्क मार्ग की 10 किलोमीटर लम्बाई की सडक का निर्माण 5 करोड 80 लाख लगभग की लागत से कराया था यह कार्य 2023 के अक्टूबर माह में पूरा हुआ था। लेकिन इस मार्ग के निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाये थे लेकिन कार्यदाई संस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड 2 ने इसे गम्भीरता से नही लिया था तो ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान को दी थी उन्होने निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी को गम्भीरता से लिया था और मामले की शिकायत शासन से की थी। शासन ने भी पूर्व विधायक की शिकायत पर सड़क की गुणवत्ता जांच के लिए टीम गठित कर दी थी और इसी के चलते वुधवार लोकनिर्माण विभाग के अभिन्ता वीरेंद्र कुश के नेतृत्व मे तकनीकी टीम ने सड़क की गुणवत्ता जांची है। इस दौरान टीम ने पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान व ग्रामीणो के सामने सडक निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का नमूना लिया है। टीम के अनुसार नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा और जाँच का परिणाम आने के बाद ही वह इस सम्बन्ध में कुछ कह सकेंगे।



## अपना दल एस के पदाधिकारियों का ओबरा में हुआ स्वागत

ओबरा/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज। अपना दल एस सोनभद्र में जिले स्तर पर नव नियुक्त पदाधिकारी बनाए जाने पर खैरटिया स्थित ओम चौराहे पर तमाम पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे नव नियुक्त पदाधिकारी शिवदत्त दूबे जिलाध्यक्ष (शिक्षक मंच ) एवम महेश अग्रहरी जिलाध्यक्ष बौद्धिक मंच बनाए जाने पर कार्यक्रम में माला पहनाकर स्वागत किया गया। अपना दल एस जिंदाबाद के नारों के साथ कार्यक्रम में सैकड़ों पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्याप्त किया। इस अवसर पर अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष विकास गौड़, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सैनी , ऋषभ मिश्रा विधानसभा महासचिव , शेषनाथ प्रजापति , राम दास विश्वकर्मा , धरमजीत जायसवाल , राम दरश सोनी , विकास पासवान , संतोष सहनी , अश्विनी दुबे, दीपक जायसवाल, गौरी अग्रवाल ,विकास , बाल खिला वर्मा, अंकित पांडेय, सिद्धनाथ जायसवाल, बी. एन.पांडेय , शेरू चेरो,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## यूपी पुलिस परीक्षा दुबारा कराए जाने की मांग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा पुनः कराए जाने को लेकर अभ्यर्थियों ने विधायक राम प्रताप वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहां है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 17व 18 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा संपन्न कराई गई चार पालियों के चार पालियों के पेपर के समय से पूर्व ही टेलीग्राम व्हाट्सएप के माध्यम से जो की परीक्षा में बड़ी धांधली हुई है। इसके साथ छाया प्रति टेलीग्राम व्हाट्सएप का संलग्न है। 5 वर्ष उपरांत भर्ती आने के बाद परीक्षा में गड़बड़ी होना बहुत दयनीय है उतरौला बलरामपुर जनपद नीति आयोग के



अनुसार अति पिछड़ा आकांक्षी साक्षरता में आता है किसी तरह आज का युवा बाहर जाकर कई वर्षों तक भर्ती परीक्षा की तैयारी करता है ताकि रोजगार मिले और उत्तर प्रदेश सरकारी नौकरी में रोजगार कर सके इसलिए परीक्षा को निरस्त कर दोबारा परीक्षा नए सिरे से जल्द से जल्द कराने की मांग की है। इस अवसर पर पूजाराम, आयुष जायसवाल, मनोज कुमार, विनोद सिंह यादव, अंकित नाथ, निर्मल गुप्ता ,अरुण कुमार, अरुण कुमार, अजय मिश्रा, अरबाज खान, रोशन सिंह, वैभव गुप्ता, कुलदीप नाथ, अजय कुमार ,विनोद वर्मा, गणेश कनौजिया, मनजीत गुप्ता, रुद्र प्रताप सिंह, शिवम कौशल, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

## नलकूप की मोटर खराब होने से पांच मोहल्ले में गहराया पानी का संकट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला कटरा में जल संस्थान के पंप की मोटर खराब हो गई है। मोटर खराब होने के कारण पांच मोहल्लों की पेयजलापूर्ति बाधित है। पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। नगर के मोहल्ला कटरा, गणेशजी, पुरानी नझाई, सहावनाका, मुरलीमनोहर मोहल्लों में जलापूर्ति के लिए जल संस्थान का मोहल्ला कटरा में पंप स्थापित है। मंगलवार की शाम पंप की मोटर खराब हो गई थी। मोटर खराब होने के कारण पांच मोहल्लों की जलापूर्ति बाधित हो गई। बुधवार की सुबह लोग दैनिक कार्यों के लिए लोग पानी के लिए परेशान रहे। मोहल्ले के रत्नेश, अजीत, संजीव, अशफाक, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, भगवती प्रसाद आदि बताते हैं कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पांच मोहल्लों में पानी की दिक्कत हो गई है। मौसम में ठंडक कम होने से पानी की मांग बढ़ गई है। ऐसे में जब पानी मिला तो परेशानी हुई है। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों से खराब मोटर को बदलवाने की मांग की है। ताकि पयेजलापूर्ति शीघ्र शुरू हो सके।

## लाख खर्च करने के बावजूद कूड़े का प्रबंधन नहीं

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में कूड़े को री-साइकिल करने के लिए चार वर्ष पहले शासन से आए 33 लाख रुपए का अधिकारियों की लापरवाही से उपयोग नहीं हो सका। कूडे की री-साइकिल न होने से नगर में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं ?।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छता अभियान में शासन ने आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला को 2020 में नगर के कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना बनाकर तैंतीस लाख रुपए आवंटित कर दिया। शासन से धन मिलने के बाद नगर पालिका परिषद उतरौला ने इस योजना में सयन्त्र लगाने व निर्माण करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन एसडीएम उतरौला को पत्र लिखा। एसडीएम उतरौला ने इस योजना के लिए ग्राम देवरिया मैनहा में जमीन आवंटित कर दी। योजना के लिए आवंटित जमीन गहरा होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इस पर नगर के क ई सभासदों ने नगर पालिका परिषद उतरौला की बैठक में मामला उठाते हुए तत्काल योजना पर कार्य शुरू कराए जाने की मांग की। इस पर वर्तमान अध्यक्षा श्रीमती सविता गुप्ता ने इस योजना में आवंटित जमीन को पाटकर निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया लेकिन करीब छः



माह बीतने के बाद निर्माण शुरू नहीं हो सका। योजना शुरू न होने से नगर के कूड़े की री-साइकिल नहीं हो पा रही है। कूड़े की री - साइकिलिंग न होने से जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। इससे दुर्गन्ध के साथ प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। नगर के ज्वाला महारानी मंदिर से होते हुए सीएचसी उतरौला के बीच कूड़े का ढेर लगा हुआ है। इससे सीएचसी उतरौला को जाने आने वालों का चलना मुश्किल हो जाता है। इस तरह से चार वर्षों से योजना धन होने पर भी अधिकारियों की लापरवाही से शुरू नहीं हो सकी। नपाप उतरौला के सफाई लिपिक ने बताया कि ग्राम देवरिया मैनहा में आवंटित भूमि पर अभी तक निर्माण शुरू नहीं हुआ है। नपाप जल्दी ही योजना पर कार्य शुरू करा देगी। नपाप उतरौला अध्यक्षा श्रीमती सविता गुप्ता ने बताया कि शासन से धन मिल गया है और राजस्व विभाग ने भूमि योजना के लिए आवंटित कर दिया है। इस पर जल्द काम शुरू करा दिया जाएगा।

## श्रीदत्तगंज ब्लॉक में अधिकांश राजकीय नलकूप खराब

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड उतरौला में लगे अधिकांश राजकीय नलकूप नाली दोष,विद्युत दोष व मोटर दोष के चलते काफी दिनों से बंद पड़े हैं।जिससे किसानों के समक्ष फसलों की सिचाई को लेकर समस्या बनी हुई है।

किसानों ने बताया कि कपौवा शेर,व रैगाई में लगा राजकीय नलकूप खराब हो जाने से सिचाई ठप पड़ा है नलकूप के ठप रहने से वह सब्जी व गन्ने की सिचाई नही कर पा रहे हैं।जिससे उनकी खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है।ऐसे में सिचाई के लिए स्थापित राजकीय नलकूप किसानों के लिए सफेद हाथी साबित



हो रहा है।इतना ही नही नलकूप की सारी नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी है जिससे पानी कुलाबे तक नही पहुंचता।इस बारे में जब राजकीय नलकूप विभाग के अवर अभियंता से बात करने के लिए मोबाइल पर संपर्क साधा गया तो फोन नही उठा।किसान जमी उल्ला, लवकुश जायसवाल, डॉ बालक राम, कंधई,ने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से नलकूप को ठीक कराने की मांग की है।

## बीईओ जालौन के ललितपुर स्थानांतरण पर बीआरसी में दी विदाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक जालौन में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास का स्थानान्तरण जनपद ललितपुर होने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीआरसी भिटारा में विदाई कार्यकम आयोजित किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में शासन द्वारा तीन वर्ष से अधिक समय से जनपद में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारियों के गैर जनपद में स्थानांतरण किए गए हैं। जिसमें बीईओ शैलजा व्यास का स्थानांतरण जनपद ललितपुर में किया गया है। उनके स्थानांतरण पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीआरसी भिटारा में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया।

## सूचना

मैंने व मेरी पत्नी सुशीला ने अपने पुत्र रजनेश कुमार व उसकी पत्नी प्रीति देवी के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों के द्वारा किये गए किसी भी कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।
**सुखवीर सिंह पुत्र श्रीराम/सुशीला पत्नी सुखवीर निवासी वार्ड नं 16 मंझना नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

# विजेताओं को शील्ड देकर किया सम्मानित

छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।






जेएस सेन सेक्रेडर स्कूल में पिछले हफ्ते संपन्न एनुअल स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को आज मंच पर शील्ड तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतियोगिताओं को सीनियर वर्ग (ब्याज एंड गर्ल) तथा जूनियर वर्ग (ब्याज एंड गर्ल) के विजेताओं को गोल्ड , सिल्वर तथा ब्रोंज मेडल पहनाकर हौसलाफजाई की गई। समस्त खेल प्रतियोगिताओं को हाउस वाइज कराया गया था। स्कूल के चारो हाउस क्रमशः रेड हाउस,ब्लू हाउस, यलो हाउस तथा ग्रीन हाउस के स्टूडेंट्स ने एक्टिवली पार्टिसिपेट किया। प्रतियोगिता के दौरान सबसे रोमांचक मुकाबला 100 मीटर तथा 200 मीटर रेस का रहा। इसके अलावा क्रिकेट , खो खो , बैडमिंटन , लंबी कूद टग ऑफ वार जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चारो हाउस की विजेता टीम्स के मध्य प्रत्येक खेल के सेमीफाइनल और फाइनल राउंड को संपन्न कराया गया।

विजेता छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। 100 मीटर स्प्रिंट रेस में कक्षा 9 के छात्र आयुष शाक्य ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा शिवम कुमार तथा रजत द्वारा क्रमशः सिल्वर और ब्रोंज मेडल प्राप्त किया गया 200 मीटर स्प्रिंट रेस में कक्षा 11 के छात्र रुद्र चौहान द्वारा स्वर्ण पदक जीता गया जबकि अजय प्रताप तथा अर्सलान द्वारा सिल्वर एवम ब्रोंज मेडल अर्जित किया गे बेस्ट बालर का खिताब कक्षा 8 के छात्र मोहम्मद हमजा को दिया गया तथा बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड कक्षा 9 के छात्र देवेश यादव की झोली में आया। लौंग जंप में कक्षा 11 के छात्र रजत में सोना बटोरा , रुद्र तथा अजय प्रताप ने क्रमशः सिल्वर और ब्रोंज मेडल से संतोष किया। ब्याज कटेगरी में 2 गोल्ड तथा 1 सिल्वर मेडल जीत कर कक्षा 11 के छात्र रुद्र चौहान को चैंपियन घोषित किया गया। इसी तरह गर्ल्स केटोगरी में अंशिका भदौरिया ने 3 गोल्ड तथा 2 सिल्वर मेडल जीत कर चैंपियन का तमगा हासिल किया।

# मीटिंग में जा रहे किसानों को कार्यालय पर रोक कर नहीं जाने दिया गया

छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर किसान महापंचायत का आयोजन होना था जिसमे प्रदेश अध्यक्ष चौ अवधेश सिंह के नेतृत्व में नोएडा जाना था।

लेकिन पुलिस प्रशासन ने पूरी टीम के साथ कार्यालय पर आए काफी निवेदन के बाद भी पूरी टीम को नोएडा नही जाने दिया गया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ,प्रदेश मीडिया प्रभारी एवम प्रभारी उत्तर प्रदेश संतोष पाठक ,प्रदेश महामंत्री इंजी सौरव यादव ,जिला अध्यक्ष कन्नौज चौ प्रताप सिंह ,जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद कुलदीप सिंह,जिला अध्यक्ष औरैया युवा पंकज कुमार,जिला अध्यक्ष मैनपुरी कुलदीप चौधरी,एवम सभी जनपदों की टीम के साथ प्रदेश अध्यक्ष को कार्यालय पर रोक कर नही जाने दिया गया।

# सीसीए में सी.आई.एस.सी.ई. की बोर्ड परीक्षाएं शुरू

छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



काउंसिल फॉर दी इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशनश नई दिल्ली के तहत सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी आईसीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं कल से आरंभ हो गई हैं छिबरामऊ के सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी मैं बोर्ड का परीक्षा केंद्र बनाया गया है परीक्षा में विद्यालय के कल 160 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं जिनमे 101 छात्र 59 छात्राएं शामिल हैं।

प्रबंधक प्रदीप प्रधान बा प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने बच्चों को प्रसन्न एवं शांतचित्त होकर प्रश्न पत्र हल करने की सलाह दी परीक्षा के प्रथम दिन विद्यालय प्रशासिका सुधा प्रधान बच्चों का मुंह मीठा करा कर परीक्षा हाल में भेजो बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लिया केंद्र व्यवस्थापक ने राम यादव ने बताया की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन सुपरवाइजिंग इग्जामिनर मॉडर्न पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद के अनुराग कुशवाहा एवं किस्टु ज्योति एक अकादमी कन्नौज के निखिल जेम्स केए की देख रेख में हो रहा है।

## बंटवारे के विवाद में युवक को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बंटवारे के विवाद को लेकर युवक के साथ परिवार के लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फ बेडा तोड दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम महोनापुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र छोटेलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार को परिवार के ही लोगो ने गालीगलौज करते हुये बटबारे का बेड़ा गिरा दिया। उसके द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## जनता की समस्याओं का निस्तारण ही ब्लॉक दिवस का मुख्य उद्देश्यः उमाशंकर साहू

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शासन ने तहसील दिवस के तर्ज पर माह के प्रथम व तीसरे बुधवार को ब्लॉक दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे ब्लॉक स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो सके। बुधवार को गुगरापुर ब्लॉक सभागार में खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें परिवार रजिस्टर को लेकर कुल एक शिकायतें दर्ज हुई। जिसका वीडीओ ने मौके पर निस्तारण कराया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण ही ब्लॉक दिवस का मुख्य उद्देश्य है। शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को जल्द निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तर की शिकायतों का जल्द निस्तारण किए जाने की मंशा से ब्लॉक दिवस का आयोजन शुरू किया गया।

# श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर उमड़ी श्रोताओं की भीड़



वृतांत सुनाती कथा व्यास व आरती उतारतीं पालिकाध्यक्षा।

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के तिर्वारोड पर श्रीजू महिला मण्डल के तत्वाधान में चल रही श्री रामकथा के पंचम दिवस पर पहुंची पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता नें आरती उतारकर पूजा अर्चना की। कथा व्यास रत्नीश द्विवेदी मानस मंजरी नें कहा कि जब तक मनुष्य के जीवन का अहंकार समाप्त नहीं होता है तब तक उसकी भक्ति प्रभु को समर्पित नहीं होती है।

### श्रीराम कथा का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुये श्रोता

बुधवार को आयोजित श्रीराम कथा में कथा व्यास रत्नीश द्विवेदी नें संगीत के माध्यम से विश्वामित्र ऋषि के साथ भगवान राम द्वारा जनकपुर के लिए प्रस्थान, अहिल्या का उद्धार करनें, जनकपुर नगरी पहुंचकर धनुष भंग करनें व परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं अयोध्या से भगवान की भव्य बारात सहित भगवान राम और माता जानकी का धूमधाम से विवाह के उत्सव का वृतांत सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

इसके बाद पालिकाध्यक्षा ने कथा विराम के बाद भगवान आरती उतारी और श्रोताओं को परसाद वितरित किया गया। इस दौरान मनोज गुप्ता, नवल गुप्ता, दीपक चक, गंगा सिंह कुशवाहा, कुलदीप बाथम व निशा गुप्ता, पूजा गुप्ता, प्रीती वर्मा सहित सैकडों श्रोता मौजूद रहे।




## भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रदेश अध्यक्ष ने कई पदाधिकारी को किया नियुक्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रदेश अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ अधिवक्ता चंद्रजीत यादव ने प्रदेश उपाध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ अजय यादव सचिन कानपुर गौरव चतुर्वेदी मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ पंकज वर्मा मंडल अध्यक्ष आगरा विकास मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष कानपुर चंद्रभान सिंह को संगठन की जिम्मेदारी सौंप है इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मोहित यादव युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शकील से जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह प्रदेश सचिव आलोक दिक्षित प्रदेश सचिव अभिषेक मंडल अध्यक्ष कानपुर रवि मिश्रा सिद्धार्थ शिवराम आज लोग काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नौ परीक्षार्थियों ने छोड़ी संस्कृत की परीक्षा

### केन्द्र परिवेक्षक ने सघन निरीक्षण कर दिये निर्देश

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के परीक्षा 2024 के केंद्र संख्या दो सौ बानवे श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरसहायगंज केंद्र पर केंद्र परिवेक्षक अर्चना यादव राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊमरपुर द्वारा सघन निरीक्षण किया गया।

बुधवार को श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरसहायगंज परीक्षा केंद्र पर केन्द्र व्यवस्थापक नरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रातः पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय विज्ञान विषय में चौंसठ में पांच परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा में मौजूद परिवेक्षक व केन्द्र व्यवस्थापक।

वहीं शाम की पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय रसायन विज्ञान के उन्तीस परीक्षार्थियों में चार अनुपस्थित रहे। बताया कि कैमरे की देखरेख में सख्त परीक्षा के चलते नौ परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इस दौरान सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी, सचिव कुमार तिवारी, देवेश चौरसिया, कामिनी देवी, श्वेता यादव, कंचन प्रभा तथा अंशुल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को कन्नौज जाते समय पुलिस ने रोका, की नारेबाजी

### जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में पुलिस प्रशासन की कार्यवाही से नाराज किसान नेताओं को पुलिस प्रशासन ने जिला मुख्यालय पर जाने से रोक दिया। जिससे किसान नेताओं एवं पुलिस प्रशासन के बीच जमकर नोक झोंक हुई। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को देकर समस्याओं के निस्तारण की जोरदार मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का निर्देश मिला तो भारी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली कूच करेंगे।

बुधवार को इस्माइलपुर स्थित जिला कार्यालय पर आधा सैकड़ा से अधिक ट्रैक्टरों दो पहिया वाहनों एवं मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भारी संख्या में किसान जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए निकल लिए जैसे ही वह जयसिंह पुरवा स्थित हाईवे कट पर पहुंचे पहले से ही बेरी केटिंग लगाकर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद छिबरामऊ एसडीएम के निर्देश पर किसान नेताओं का काफिला रोक लिया गया।

पुलिस प्रशासन एवं किसान नेताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई। जिस पर छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ने जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं किसान नेताओं को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन देकर शांत करवाया। जिस पर किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों की समस्याओं को अभिलंब दूर किए जाने की जोरदार मांग की गई है।

वही जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, जिला प्रवक्ता डॉ राकेश कटियार आदि ने कहा कि कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश व केंद्र सरकार गंभीर नहीं है किसानों को उनका अधिकार एसपी गारंटी कानून का दर्जा नहीं दिया जा रहा है सरकार फसलों का निर्धारित मूल्य तय नहीं कर रही है कृषि में उपयोग होने वाले यंत्रों एवं वस्तुओं पर लगने वाली जीएसटी खत्म की जाए। भूमि



हाईवे कट पर बेरी कटिंग लगाए पुलिस बल के साथ मौजूद छिबरामऊ एसडीएम एवं ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

अधिग्रहण की समस्या से देश के कई राज्य व्यवस्था है प्रदेश में सरकार ने किसानों की सिंचाई मुफ्त करने की घोषणा की थी लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी नलकूपों पर मीटर लगा रहे हैं। ऐसी ही तमाम समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि आज पूरा देश का किसान सरकार की असंगत नीतियों के कारण दुष्परिणाम झेल रहा है उन्होंने कहा कि शंभू बॉर्डर पर किसानों के साथ प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है जिसे भारतीय किसान यूनियन हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी उन्होंने कहा कि यदि हाई कमान का निर्देश मिला तो भारी संख्या में ट्रैक्टरों एवं अन्य वाहनों से जनपद कन्नौज के किसान दिल्ली जाएंगे।

इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। उधर कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, जिला प्रवक्ता डॉ राकेश कटियार, जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली, जिला महासचिव ठाकुर महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष मारूफ खान, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी रिजवान अहमद, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी उर्फ बबलू नेता, जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र सिंह एवं डॉ साजिद हुसैन, शबनूर खान, अरुण कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह वर्मा, मुईन अहमद, मो शहराज, जीतू यादव, राहुल कुमार, रंजीत कौशल, अनवर खान, सुरेश यादव, सत्यम प्रजापति, उपेंद्र सिंह राजपूत, सनी यादव, आलोक राजपूत, अकील फारुकी, रोहित राजपूत, राजा सिंह चौहान, सियाराम यादव, लाल बहादुर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीओ सदर ने अभिलेखों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अपराध नियंत्रण हेतु पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखनें के उददेश्य से सीओ सदर नें बीती शाम कोतवाली का औचक निरीक्षण कर जहां एकओर अभिलेखों की समीक्षा की तो वहीं दूसरी ओर कोतवाली में मौजूद कर्मियों की गणना कर अपनी अपनी बीट में रहनें के निर्देश दिये।




कोतवाली में कर्मियों की गणना करते सीओ सदर।

मंगलवार की शाम सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार नें कोतवाली में पहुंचकर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की गणना की। उसके बाद सीसीटीएनएस व कोतवाली कार्यालय में गहनता से निरीक्षण कर जमीन संबंधी विवादों में बीट सूचना, आईजीआरएस निस्तारण, रात्रि गस्त, लॉ एंड ऑर्डर की शॉप ड्यूटी, मंदिर मस्जिद ड्यूटी, जनसुनवाई, निरोधात्मक करवाई के संबंध में ब्रीफ करनें के उपरान्त आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरक्षक जेपी शर्मा, निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, महेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, चन्द्रभान सिंह, नीरज शर्मा, आनन्द मिश्रा, विनय शर्मा, आशीष सिंह, रावेन्द्र सिंह सहित कांस्टेवल अमन सिंह, राजेन्द्र, गजेन्द्र सिंह, दीपांशु गंगवार, समर बहादुर, डेबिड कुमार, प्रशांत कुमार, अनुज कुशवाहा, पवन कुमार, कौशलेन्द्र सिंह, अनुज कुशवाहा सहित महिला कांस्टेवल प्रियंका, राखी, विजय सिंह, रोशनी बालियान सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# कृषि वैज्ञानिकों की तकनीकी के आधार पर प्रजातियों का चयन कर, करें खेतीः कैलाश राजपूत

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जिले के किसानों को मक्का की उन्नतशील खेती कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को आयोजित हुए किसान दिवस कार्यक्रम में आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को उन्नत खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिले के किसान वैज्ञानिकों द्वारा बतायी गयी तकनीकी के आधार पर उन्नतशील प्रजातियों का चयन कर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करके ही खेती करें। वहीं जिलाधिकारी




ने अपने उद्बोधन में बताया कि जनपद में मक्का की खेती लगभग 50 हजार हेक्टेयर में की जा रही है तथा भरपूर उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में कृषकों एवं कृषक उत्पादन संगठनों को मक्का की प्रसंस्करण इकाईयों लगाये जाने पर ध्यान देना होगा, ताकि और अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। जायद मक्का को न्यूनतम समर्थन मूल्य अन्तर्गत शमिल किये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। प्रशिक्षण का प्रारम्भ में जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में की जा रही मक्का की खेती पर चर्चा करते हुए मण्डल के अन्य जनपदों से तुलनात्मक ऑकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमारे यहाँ जायद में सर्वाधिक मक्का की खेती की जाती है। उप कृषि निदेशक द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि जनपद में मक्का की उन्नतशील खेती कराये जाने के दृष्टिगत किसान दिवस एवं कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। कृषि विभाग कृषक हित में निरन्तर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराता रहेगा। कृषकों से आवाह्न किया गया कि वे समय निकालकर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर तकनीकी जानकारी प्राप्त करें।कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी के कृषि वैज्ञानिक डा. वीके कनौजिया ने कृषकों को मक्का की खेती में पोषक तत्व प्रबन्धन एवं जल प्रबन्धन पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि किसान भाई यदि 25 फरवरी तक मक्का की बुवाई कर लेते हैं तो प्रति हे0 लाखो लीटर पानी की बचत के साथ-साथ उत्पादन लागत में भी कमी की जा सकती है। कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी के कृषि वैज्ञानिक डा0 सुशील कुमार द्वारा जायद में मक्का की खेती करने की विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कृषकों को बताया कि मक्का से विभिन्न तरह के प्रसंस्कृत उत्पाद आटा, कॉर्न फ्लैक्स, कैटल फीड, पॉल्ट्री फीड, आदि तैयार किये जाते है इसलिए कृषकों से अपील है कि उच्च गुणवत्ता की मक्का का उत्पादन कर अधिक से अधिक लाभ उठायें।

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र मोहम्मद साजिद व पत्नी सीमा बेगम से चाल चलन सही न होने के कारण संबंध विच्छेद कर लिये है इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा मोहम्मद रज्जाक पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी कस्सावान छिबरामऊ कन्नौज।

# गैंगेस्टर के आरोपी सट्टा माफिया सहित तीन की 3.97 करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क

**सट्टा माफिया सर्वेश पाल, हसनैन, पारुल मिश्रा पर हुई कार्यवाही, 3 करोड़ से अधिक की बतायी जा रही सम्पत्ति, कार्यवाही जारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लंबे समय से सट्टे का कारोबार कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर तहसीलदार ने तीनों आरोपियों की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क कर ली है।

जिलाधिकारी वीके सिंह ने 15 फरवरी को कुर्की का आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक, फतेहगढ़ की आख्या दिनांक 8 फरवरी के साथ प्रभारी निरीक्षक मऊदरवाजा की जांच आख्या दिनांक 1 जनवरी को संलग्न करते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत उक्त अपराध में नामित अभियुक्ता पारूल मिश्रा पत्नी राजेश मिश्रा उर्फ टिंकू निवासी कुइयांबूट थाना मऊदरवाजा, गैंग लीडर हसनैन पुत्र जुम्मन खां निवासी खटकपुरा द्वारा सह अभियुक्तगण राजू उर्फइरसाद पुत्र नियाज खां निवासी गढ़ी अब्दुल मजीद खां, बक्कास पुत्र मोहम्मद सईद निवासी गढ़ी अब्दुल मजीद खां (जंगबाज खां), दिलसाद पुत्र हसनैन निवासी खटकपुरा। चांद मियां पुत्र सादिक अली निवासी खटकपुरा, सरताज पुत्र हसनैन निवासी खटकपुरा, सोहिल पुत्र अकील खां निवासी खटकपुरा (डबग्रान), गुड्डन उर्फ मनोज पुत्र जगमोहन निवासी दरीबा पूर्व, पप्पू उर्फ रामप्रसाद पुत्र नवल किशोर निवासी जंगबाज खां, अशफाक पुत्र मुख्तार निवासी खटकपुरा, सर्वेश पाल पुत्र मलखान निवासी पालीवाल वाली गली भोलेपुर, रोहित पुत्र छोटे निवासी खटकपुरा शामिल हैं। जिन्होंने अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु समाज विरोधी कियाकलाप में लिप्त रहते हुए विगत कई वर्षो से गिरोह बनाकर लगातार भा0द0वि0 के अध्याय 16, 17 व 22 में वर्णित अपराध अपने स्वार्थ के लिये कारित करते हैं। इस गिरोह का समाज में इतना भय व आतंक व्याप्त है कि जनता का कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ सूचना या गवाही देने के लिये तैयार नही होता है। पारुल मिश्रा के मकान एवं मारुति सुजुकी डिजायर, हीरो स्कूटर तथा टीवीएस अपाचे बाइक को सीज किया गया। जिसमें वाहनों की कीमत 15,80,586/- रुपए एवं मकान की कीमत 31,71,886/- है। बताया गया कि कुर्की कार्रवाई से गुस्साई पारुल मिश्रा की मां ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए काफी हंगामा किया। महिला पुलिस कर्मियों ने महिला को शांत किया।

इस कार्रवाई के बाद सट्टा माफिया हसनैन एवं उनके पुत्र सरताज व दिलशाद का मकान, अल्टो कार, रॉयल एनफील्ड, बुलेट एवं हीरो सुपर बाइक कुर्क किया गया। मकान की कीमत 30,91485/- एवं वाहनों की बाजारू कीमत 15,42,745/- रुपए आंकी गई।

सट्टा माफिया सर्वेश पाल के ग्राम बिजाधरपुर स्थित मकान कई आवासीय प्लाट दुकान एवं महिंद्रा स्कॉर्पियो, थ्री व्हीलर की की कुर्की की गई। बैंक खाता भी सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार ने बताया कि सर्वेश पाल की कुल सम्पत्तियों की कीमत 3 करोड़ 35 लाख 75 हजार है। जिन्हें कुर्क किया जा चुका है। तहसीलदार ने बताया कि अन्य सम्पत्ति की भी कुर्क करने की कार्यवही चल रही है।

## तत्कालीन क्षेत्राधिकारी ने कसा था शिकंजा, ध्वस्त कर दी थी कोठरी


सट्टा माफिया हसनैन की सम्पत्ति कुर्क के दौरान मौजूद पुलिस व तहसीलदार


सट्टा माफिया सर्वेश के मकान को कुर्क करती पुलिस

**फर्रुखाबाद।** सट्टा माफिया सर्वेश लंबे समय से सट्टे के कारोबार के साथ-साथ जुआ आदि जैसे अवैध कारोबार में लिप्त है। माफिया कोतवाली फतेहगढ़ की चौकी कर्नलगंज के क्षेत्र पालीवाल गली के निकट एक मकान में खाईवाड़ी का काम करता था। कई वर्ष पूर्व पुलिस को पैसा देने की बात सामने आने पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी हृदयेश कुमार ने इसके नकेल डालने के लिए इसकी घेराबंदी की थी। मौका पाकर भाग गया था। इस दौरान पुलिस ने जिस जीने के सहारे कोठरी में खाईवाड़ी का काम होता था उसे ध्वस्त कर दिया था, तभी से इसके पैर उखड़ गये और मैनपुरी में इसने अपना अड्डा बनाया। जहां से ऑनलाइन खाईवाड़ी का काम शुरु कर दिया। जिसके चलते यह पुलिस की पकड़ से दूर हो गया। एआरटीओ कार्यालय के निकट एक होटल भी खोल रखा है।

## एपल कम्पनी की नकली स्मार्ट वॉच बेचते तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


स्मार्ट वॉच के साथ गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एपल कम्पनी की नकली वॉच बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से काफी मात्रा में वॉच, मोबाइल, डाटा केबिल आदि बरामद हुईं।

जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक मोहम्मद सरताज, हेड कांस्टेबिल इशरार व हेड कांस्टेबिल आदेश व कांस्टेबिल प्रहलाद के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति जिनके पास प्रो पोड्स व स्मार्ट वॉच हैं। जिन्हें एपल कम्पनी की बताकर जिला जेल चौराहे पर बेच रहे हैं। जिस पर हम पुलिस वालों ने मौके पर पहुंचकर तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। नाम, पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम शादाब पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला मुस्तर्क थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर बताया। इससे जामा तलाशी में 200 रुपये व एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, इसके अलावा तीन स्मार्ट वॉच के डिब्बे बरामद हुए। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम शहनवाज पुत्र अमीर आजम निवासी मोहल्ला मुस्तर्क थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर बताया। इसके पास से तलाशी में इसके पास से 1800 रुपये, एक अदद मोबाइल फोन रेडमी-09 बरामद हुआ। जबकि तीसरे ने अपना नाम अजीम पुत्र मुस्तकीम निवासी मोहल्ला तीहाई थाना मवाना जनपद मेरठ बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 2200 रुपये, एक अदद मोबाइल एपिल का लोगो लगा हुआ बरामद हुआ। उसके पास से बरामद बैंग से कई वॉच प्रो पोड्स बरामद हुई। जिस पर एपल कम्पनी का लोगों लगा था। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर उनके पास दर्जनों की संख्या में वॉच प्रो पोड्स बरामद हुई। जो नकल एपल कंपनी का लोगों लगाकर बेच रहे थे। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को परिजनों ने रंगे हाथों पकड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का अपने गांव की ही निवासी युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। प्रेमिका ने अपने प्रेमी को मिलने के लिए कहा। जिस पर प्रेमी युवक ने प्रेमिका से रात के वक्त मिलने का वादा किया। वादे के मुताबिक प्रेमी प्रेमिका से मिलने के लिए रात्रि के समय उसके घर पर जा पहुंचा। जिस वक्त प्रेमी युवक माशूका के घर पहुंचा उस वक्त माशूका के परिजन सो रहे थे। दोनों अपने प्यार का इजहार करने लगे। उसी समय प्रेमिका के परिजनों को उनके घर में कुछ अजीब सा महसूस हुआ। जिस पर प्रेमिका के परिजनों ने घर में छानबीन शुरू कर दी। अपने को घिरता देख प्रेमी युवक ने छत पर चढ़कर नीचे छलांग लगा दी। छत से छलांग लगाने से युवक नीचे गिरा और घायल हो गया। घायल हुआ प्रेमी युवक चीखने चिल्लाने लगा। जिस पर मोहल्ले क लोग भी जाग गए और प्रेमी युवक के परिजन भी मौके पर जा पहुंचे। परिजनों ने घायल प्रेमी युवक को फर्रुखाबाद शहर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जहां समाचार लिखे जाने तक घायल प्रेमी युवक का इलाज जारी था। वहीं प्रेमी के प्रेमिका के घर पकड़े जाने के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद में तुर्कीपुर व चौरसिया मझोला ने मारी बाजी


विजेता टीम के कप्तान को सम्मानित करते कुलदीप पाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू युवा केंद्र द्वारा सभी ब्लॉकों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत ब्लॉक शमशाबाद की ग्राम पंचायत तुर्कीपुर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें रस्साकसी, वॉलीबॉल, खो-खो, रिले रेस और कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत तुर्कीपुर की टीम वॉलीबॉल के क्षेत्र में विजेता रही। वहीं कबड्डी में चौरसिया मझोला की टीम विजेता रही। इस आयोजन में खेल के साथ-साथ मतदाता जागरूकता का भी आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित नागरिकों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य कुलदीप पाल, डॉ0 राजेश बाबू दुबे और मोहम्मद बिलाल, सोल्जर मो. सुजात, सोल्जर विमल पाल रिटायर्ड आर्मी, मोहम्मद कमर क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

विजेता टीम के कप्तान अरमान को कुलदीप पाल ने सम्मानित किया। वहीं कबड्डी के विजेता टीम के कप्तान पियूष शाक्य को समाज सेवी डॉ0 राजेश बाबू दुबे सम्मानित किया। कार्यक्रम में हिमांशु यादव, मंगल यादव, अवनीश पाल, अरबाज मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहरु युवा केंद्र के ब्लॉक वालंटियर त्रिलोकीनाथ ने किया।


बीआरसी केंद्र पर मौजूद महिलायें

## छह माह से राशन न मिलने पर महिलाओं ने किया हंगामा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पिछले करीब छह माह से राशन न मिलने पर लाभार्थी महिलाओं ने बीआरसी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों पर राशन की कालाबाजारी करने का भी आरोप लगाया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र घसिया चिलौली स्थित बीआरसी कार्यालय पर एक दर्जन से अधिक लाभार्थी महिलाओं ने पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऑगनवाड़ी कार्यकत्री ने पिछले लगभग 6 महीनों से राशन नहीं दिया। हम सब लोगों से ओटीपी पूँछ लेती हैं, लेकिन हमें राशन नहीं देतीं। वहीं स्वयं सहायता समूह की पुष्पा व सविता ने कहा कि हम लोग हर महीने राशन उपलब्ध करा देते हैं, लेकिन ऑगनवाड़ी इस राशन का क्या करती हैं, पता नहीं। वहीं लाभार्थी महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा बचे हुए राशन की बाजार में बिक्री कर दी जाती है। लाभार्थी महिलाओं ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए कई योजनायें चलाये, लेकिन उसका लाभ उन्हें मिल पा रहा है। महिलाओं ने कहा कि वह इस बात की शिकायत जिलाधिकारी वी.के. सिंह से करेंगी। जिससे भ्रष्ट आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों पर कार्यवाही हो सके।

## मण्डी निरीक्षक दिव्यांशु शुक्ला पर भ्रष्टाचार का कर्मचारी ने लगाया आरोप

**मंत्री को भेजी गई शिकायत में कई गंभीर आरोप, करोड़ों का गोलमाल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को मण्डी के निरीक्षक पलीता लगा रहे है। उनके द्वारा किये जा रहे विभाग विरोधी कार्यो को लेकर विभागीय कर्मचारी खुलकर सामने आ गये है। एक कर्मचारी ने लिखित शिकायत प्रदेश सरकार के विभागीय स्वतंत्र प्रभार मंत्री को भेजकर कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।

सातनपुर स्थित मण्डी के निरीक्षक व प्रभारी मण्डी सचिव दिव्यांशु शुक्ला पर कर्मचारी ने गंभीर आरोप लगाये है। शिकायत में दर्शाया गया है कि दिव्यांशु शुक्ला वर्तमान में प्रभारी सचिव व मण्डी निरीक्षक द्वारा मण्डी समिति में कार्यरत कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे है। बिना किसी कारण कर्मचारियों को निलंबित कर कांटा आपरेटर को हटाकर बिना किसी योग्यता के अपने परचित को मण्डी में स्थापित कांटे पर लगाकर अवैध वसूली करायी जा रही है। कांटे पर अपने साले को लगाया है जो नियम विरुद्ध है। इस अवैध वसूली में मण्डी निरीक्षक पूरी तरह लिप्त है। इसके चलते किसान व व्यापारियों का भी उत्पीड़न हो रहा है। 30 जून 2023 को सम्भागीय उपनिदेशक कानपुर द्वारा दिव्यांशु शुक्ला प्रभारी सचिव का स्थानांतरण मण्डी निरीक्षक के पद पर जो कि इनका मूल पद है। मण्डी समिति फर्रुखाबाद से मण्डी समिति अच्छलदा (औरैया) किये जाने के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट/सभापति द्वारा 1 जुलाई 2023 को मण्डी समिति अच्छलदा औरैया के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया था, लेकिन अपने मनमाना रवैया अपनाते हुए कार्यमुक्त होते हुए भी औरैया जाकर अपना योगदान नहीं किया। सम्भागीय उपनिदेशक कानपुर ने औरैया के लिए किये गये स्थानांतरण आदेश को निरस्त किया, लेकिन उसके पश्चात भी शुक्ला द्वारा दोबारा अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत नहीं की गई और पद पर कार्य करते हुए निदेशक से पुनः अनुमोदन भी नहीं लिया।

सचिव पद पर नियमविरुद्ध तरीके से कार्य कर रहे है। प्रशासन के आदेशों की भी अवेहलना कर रहे है। 21 जून 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस में अनुपस्थित रहने के कारण कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल निलंबित किये जाने के निर्देश पारित किये थे। उसके बावजूद अनावश्यक रुप से अपने पद पर कार्य कर रहे है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि मण्डी सचिव द्वारा की जा रही अवैध वसूली जो सीसीटीवी कैमरे में कैद है देखी जा सकती है।

इनके संरक्षण में कुछ समय के लिए संचालित हुई फर्म मै कायम सिंह एण्ड संस व मैं अंजली ट्रेडर्स इनके प्रो0 की कोई जानकारी नहीं है। ऐसी दशा में उक्त फर्मों को अवैध रुप से कई लाख कुंटलों में आलू की क्यूआर जारी करायी गई तथा कई लाख कुंटल में अन्य फर्म मुकेश ट्रेडिंग कम्पनी, न्यू आलोक ट्रेडर्स, धनराज ट्रेडर्स, मुनीम जी ट्रेडर्स आदि लगाग दर्जन भर फर्मो को उपरोक्त लाखों कुंटल अवैध रुप से क्यू आर द्वारा ट्रांसफर कराया गया। जिसका रिकार्ड ऑन लाइन चेक किया जा सकता है। इन सभी फर्मो से मण्डी शुल्क व विकास शुल्क जमा कराये बगैर सचिव द्वारा बगैर सभापति के अनुमोदन से फर्मो को निलंबित किया गया। इसके अलावा कई गंभीर आरोप है, जिससे साफ जाहिर होता है कि मण्डी निरीक्षक दिव्यांशु शुक्ला पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। शिकायतकर्ता ने जांच कराकर कार्यवाही कराये जाने की मांग की। साथ ही राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद निदेशक उत्तर प्रदेश के अलावा संबंधित अधिकारियों को भी प्रतिलिपि भेजी है।

## शादी के नाम पर तीन साल से कर रहा है युवती से दुष्कर्म

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना कमालगंज निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि सोनू पुत्र अजब सिंह निवासी धूरीहार थाना नवाबगंज से फेसबुक के माध्यम से बात हुई और धीरे-धीरे हम दोनों के बीच बातचीत करने का सिलसिला बढ़ गया, तभी एक दिन उसने कहा कि हम तुमसे शादी करेंगे। तो मैने कहा कि इस संदर्भ में मेरे पापा और भाइयों से बात करें और यह सारी बातचीत अपनी मां को बतायी। मेरी मां के कहने पर मेरे पापा धूरीहार सोनू के घर बात करने गये। तो उसके घर वाले शादी के लिए तैयार हो गये और वह फिर चोरी छिपे मेरे घर आना जाना शुरु कर दिया। सोनू मुझे जहां बुलाता था मैं वहां चली जाती थी और हम दोनों मिलते थे मेरी मर्जी के विरुद्ध जबरदस्ती उसने दुष्कर्म किया और अब वह शादी करने से मना कर रहा है। कहता है कि अब शादी जब ही करेंगे कार व 5 लाख की नगदी दो। वह लगभग 3 वर्ष से मेरे साथ बुरा काम करता चला आ रहा है। इस दौरान सोनू के मौसेरे भाई संतोष से बात की तो उसने कहा कि अगर शादी की बात दोबारा की तो जान से मार दूंगा। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी।

## चोरी के आरोपी को छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तत्कालीन नायाब तहसीलदार के आवास पर चोरी करने वाले आरोपी घनश्याम शुक्ला ने चुन्नू उर्फ चुन्नूलाल नाई पुत्र नन्हेलाल निवासी मोहल्ला रकाबगंज मऊदरवाजा को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी करार देते हुए 6 वर्ष का कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 38 वर्षों पूर्व रामनरायन तत्कालीन नायाब तहसीलदार सदर ने थाना मऊदरवाजा पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया था कि 23 व 24 जुलाई 1986 की मध्य रात्रि में अज्ञात चोर तहसील परिसर में मेरे सरकारी आवास की दीवार फांदकर अंदर घुस आए तथा किचिन के दरवाजे पर लगा ताला खोलकर अंदर घुस गए। अंदर के कमरे में पहुंचकर एक बक्सा उठा ले गए। जिसमे मेरे शैच्छिक प्रमाण पत्र, 2400 रुपये नगद, एक कंबल, एक जोड़ी पायल, एक सोने की नथुनी, दो अंगूठी चांदी की चोरी हो गयी थी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार परचोर व चोरी के माल को बरामद कर चुन्नू, रज्जन, राजेन्द्र, घनश्याम के विरुद्धन्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व अभियोजन की पैरवी के आधार न्यायधीश घनश्याम शुक्ला ने चुन्नू को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारवास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। घनश्याम की पत्रावली पृथक हो गई। मुकदमा विचारण के समय रज्जन व राजेन्द्र की मृत्यु हो गयी थी।

### युवती को भगा ले जाने में चार के खिलाफ तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। थाना नवाबगंज के ग्राम उखरा निवासी मुकेश कुमार नट ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मेरी पुत्री को गांव का ही सुबोध पुत्र गिरिजा शंकर ११ फरवरी रात्रि लगभग ११ बजे बहला-फुसलाकर भगा ले गया और इस काम में सहयोग केशव पुत्र गिरीश चन्द्र, पप्पू पुत्र गंगाचरन व करू पुत्र शेर सिंह निवासी वीसलपुर वांगर ने किया है। मेरे पास करु, केशव, पप्पू की मोबाइल रिकार्डिंग भी मौजूद है। जब मैंने करु से बात की तो वह गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर पुत्री को वापस करने की मांग की।

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी मोहम्मद राशिद उम्र 46 वर्षीय पुत्र दीन मोहम्मद बाइक द्वारा अपनी ससुराल रोशनाबाद गये थे। वापस घर लौटते समय जैसे ही वह ग्राम पपड़ी थाना कायमगंज पहुँचे, तभी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ उपचार जारी है।

## मैजिक से गिरकर घायल बालक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ननिहाल आया मासूम चालक की लापरवाही से डग्गामार मैजिक से गिरकर घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के बिछुलिया निवासी राम रहीश अपने 5 वर्षीय पुत्र कर्तिकेय के साथ अपनी ससुराल नगला हूसा डग्गामार मैजिक में सवार होकर अपने ससुर रामगुलाम की तेरहवीं की दावत में शामिल होने आया था। बीती शाम लगभग 5 बजे नगला हूसा के निकट अचानक मैजिक की खिड़की खुल जाने से उस पर बैठा कर्तिकेय घायल हो गया। उसे तत्काल शहर के आवास विकास स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। जहाँ इलाज के दौरान कर्तिकेय नें दम तोड़ दिया। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे छोटा था। मृतक की माँ मीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी नें बताया कि मासूम की मैजिक से गिरकर मौत हुई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही होगी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## मत्स्य विभाग के अधिकारी कर रहे है समाज व सरकार विरोधी कार्य: अनिल कश्यप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अनिल कश्यप

भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद की निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के जिलाध्यक्ष ने मत्स्य विभाग के अधिकारी पर समाज व सरकार विरोधी कार्य करने का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में शिकायत कर जांच कराकर कार्यवाही कराये जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि गंगा के निकट वर्ती ग्रामसभा सिंघीरामपुर के अन्तर्गत ग्राम सभाओं की मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठित करने के लिए आवेदन मांगे गये थे। इसी के तहत ग्राम सभा सिंघीरामपुर व रामनगर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र महेश चन्द्र ने जो कि मछुआ समुदाय के है। अपनी जीविका के आवेदक है। इनकी मात्र एक जीविका साधन मत्स्य पर आधारित है। गंगा नदी लगभग पांच किलो मीटर दूरी पर है, लेकिन विभागीय अधिकारी आरके श्रीवास्तव का कार्य करने का रवैया सही नहीं है। वह नियम से हटकर कार्य कर रहे है। जिलाध्यक्ष का यह भी कहना है कि वह अपना निजी लाभ देख रहे है।

इसी संदर्भ में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप बाथम ने भी जिलाधिकारी से आरके श्रीवास्तव की कार्यशैली को लेकर लिखित शिकायत की है। जो समितियां गठित की जा रही है उसमें अधिकारी मनमानी कर रहे है। जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने बताया कि यदि समाज के जरुरतमंद लोगों को लाभ नहीं दिया गया और गलत तरीके से तिथि की घोषणा होने से पहले जो समितियां बना ली गई है उनकी यदि जांच नहीं करायी गई तो वह भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ की मौत, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मीठापुर निवासी काजल पुत्र राजेंद्र सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 12 फरवरी को 6.00 बजे पीड़िता के पिता रजीपुर से अपने घर आ रहे थे। रास्ते में ग्राम अलाउद्दीनपुर के पास जूनियर विद्यालय के नजदीक मोटरसाइकिल जिसका नंबर यूपी75एफ2998 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से पिता की साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिता राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार करने पर राहगीरों ने उन्हें उठाया और मोटरसाइकिल चालक को पकड़ लिया एवं 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। 112 नंबर पुलिस मौके पर आयी और मोटरसाइकिल एवं चालक को सौंप दिया। चालक एवं मोटरसाइकिल को थाने लेकर गई। पीड़िता अपने पिता को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल कमालगंज ले गई। जहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया रेफर कर दिया गया। वहां पर इलाज के दौरान सैफई अस्पताल रेफर किया गया। सैफई से घर लाने पर दिनांक 15 फरवरी को सुबह 6.00 उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## किसान दिवसः मंडी सचिव के न आने पर डीएम ने रोका एक दिन का वेतन

**किसानों ने रखी समस्यायें, अधिकारियों को निस्तारित करने के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारी समितियॉ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई खण्ड, अधिशाषी अभियंता नलकूप खण्ड, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक इफको, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक, मंडी सचिव कमालगंज, जिला प्रबंधक यू.पी. डस्प, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र जाजपुर बंजारा एवं वैज्ञानिक एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा गत माह के किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं की कार्यवाही से सम्बन्धित समीक्षा की तथा किसान दिवस में उपस्थित कृषकों से बिन्दुवार चर्चा करने को कहा गया।

जिसमें सुधीर कुमार शुक्ला प्रगतिशील कृषक द्वारा मूंगफली के बीज की उपलब्धता तथा कृषकों को सूचीबद्ध तरीके से प्राप्त कराने हेतु चर्चा की गयी।

जिसमें जिला कृषि अधिकारी द्वारा 120 कुंतल मूंगफली के मिनीकिट प्राप्त होने पर निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। जिसके अलावा उर्द व मूंग के बीज में वितरण समस्त बीज भण्डारों पर वितरित कराये जायेंगे। किसान भाई अपनी आवश्यकतानुसार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा अनुसार इस वर्ष दलहन व तिलहन का उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जरुरतमंद लघु एवं सीमान्त तथा छोटी जोत वाले कृषकों को अधिक से अधिक लाभांवित किया जाये।


डीएम को नई प्रजाति का आलू भेंट करता किसान

इसकी सूची वितरण उपरान्त गोदामों पर भी चस्पा की जाये। सातनपुर मंडी में आलू का भाव अंगौछे मे अड़तिया व व्यापारी द्वारा हो जाता है किसान को पता हीं चलता उसका उत्पाद किस भाव से विक्रय हुआ है। जिसको रुकवाने तथा खुला भाव निर्धारित करने हेतु किसान द्वारा मांग की गयी। मंडी सचिव सातनपुर द्वारा आज किसान दिवस की बैठक में उपस्थित न होने पर रोष व्यक्त करते हुए उनका एक दिवस का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को कहा गया। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत शिवप्रताप चौहान कतरौली पट्टी द्वारा अपनी समस्या रखते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया। कहा कि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक द्वारा उनके केसीसी में अधिक ब्याज लिये जाने की शिकायत की गयी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त समस्या का परीक्षण कर अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक आयावर्त बैंक से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अरविन्द सिंह गंगवार कृषक द्वारा कोल्ड स्टोरेज के मालिकों के द्वारा आलू भण्डारण का किराया एवं मानकों से ज्यादा लिया जता है। जिस पर डीएम से किराया (रेट सूची) कोल्ड स्टोरेज के बाहर चस्पा कराये जाने की मांग की गयी। जिस पर डीएम ने जिला आलू एवं शाकभाजी अधिकारी को कोल्ड स्टोरेज मालिकों के साथ एक बैठक कराने हेतु निर्देशित किया। सुधीर कुमार आलू व्यापारी द्वारा जनपद में आलू आधारित एक एफपीओ गठन कराये जाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेक/जिला प्रबंधक नावार्ड को एफपीओ गठन कराये जाने हेतु निर्देति किया गया।

# अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराने की उठाई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र के लीक होने पर न्यायिक जांच एवं पुनः परीक्षा कराये जाने के संबंध में अभ्यर्थियों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा है। साथ ही अभ्यर्थियों ने सांसद मुकेश राजपूत के आवास का घेराव कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद को सौपा। पुलिस भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को धांधली की गई है।

जो पेपर शाम तीन बजे होना था, उसे सोशल मीडिया पर मौजूद है। कई छात्रों के पास प्रमाण मौजूद है। अभ्यार्थियों ने कहा कि मेरे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो निंदनीय है। परीक्षा की चारों पालियों को निरस्त कराकर दोबारा निष्पक्ष रुप से पुनः करायी जाये। वहीं सांसद का घेराव करने के दौरान अभ्यार्थी रागिनी व शहर कोतवाली क्षेत्र के बजरिया हरलाल निवासी मनोज ने बताता है कि प्रश्न पत्र पहले ही आउट कर दिया गया। यह परीक्षा दोबारा कराई जाए। सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन देकर उसने दोबारा परीक्षा कराई जाने की मांग की है।

रागिनी ने बताया कि सांसद मुकेश राजपूत ने उन लोगों को न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिया है। इसी भरोसे के चलते वे लोग वापस लौट रहे हैं। यदि दोबारा परीक्षा न कराई गई तो परीक्षा में शामिल सभी परीक्षार्थी आंदोलन करके मुख्यमंत्री से मांग करेंगे और जब तक दोबारा परीक्षा नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान विकास कुमार, अभिषेक, सुब्रत दुबे, अमन चौहान, अंकित कुमार, अरुण कुमार, कुश सिंह, सुल्तान सिंह, सुमित सिंह, अमन, रनवीर, अंकित आदि के नाम शामिल है।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अभ्यार्थी

## गाड़ी पार्किंग को लेकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद के ग्राम दौलतपुर चिरा निवासी कृष्ण मोहन पुत्र ओमकार ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 15 फरवरी को शाम करीब 8.00 बजे विवाह समारोह में सम्मिलित होने मधुवन रिसोर्ट कमालगंज गया था। जहां गाड़ी पार्क करते समय सुनील कुमार एवं संजय कुमार पुत्रगण अमरपाल तथा अमन पुत्र संजय निवासी न्यू सैनिक कॉलोनी नगला दीना फतेहगढ़ ने पार्किंग को लेकर पीड़ित के साथ गाली-गलौज किया। गाली-गलौज का विरोध करने पर लात-घूसों से मारापीटा और धमकी दी अगर पुलिस के पास गया तो जान से मार देंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ व पैर कराये जायेंगे उपलब्ध: डॉ. रजनी सरीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा केन्द्र में वार्ता के दौरान डॉ रजनी सरीन ने बताया कि दिव्यांग सहायता शिविर आजादी के 75वें हीरक जयन्ती वर्ष को समर्पित है। हम सब एक दूसरे का दुख दूर करने का प्रयास करें।

इस शिविर में डॉ. सुबोध कुमार वर्मा (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. शिखर सक्सेना (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. कार्तिकेय सिंह (फिजिशियन) डॉ. केजी बाथम (फिजिशियन) का सहयोग रहेगा। कैम्प में कटे हुये हाथ वाले दिव्यांगजनों के लिये कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध होगें। इस शिविर में दिव्यांगो को कृत्रिम पैर, पोलियों ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर, बैसाखी आदि निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। सभी जरूरतमंद व्यक्तियों से अपील कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार निश्चित तिथि को शिविर में पहुंचकर निःशुल्क सुविधाओं का लाभ उठायें। कम सुनने वालों को कान की मशीन दी जायेगी। उसके लिए कान की जाँच (ओडियोमेटरी टैस्ट) और आधार कार्ड लाना आवश्यक है। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीज अपने आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण-पत्र की फोटो कापी अवश्य लायें। उदय, सुजीत, रोहित ने व्यवस्था देखी।


शिविर की जानकारी देती डॉ. रजनी सरीन मौजूद अन्य

# वक्फ की जमीन को बचाने की शिया सेन्ट्रल बोर्ड से मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शाही ट्रस्ट के प्रबंधक काजी जफर शाह रिजवी ने शिया सेन्ट्रल बोर्ड लखनऊ को वक्फ नम्बर 175 हकीम अकबर हुसैन को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में दर्शाया कि पत्र को संज्ञान में लेते हुए वक्फ को बचाया जाये और कार्यवाही की जाये। 15 सितम्बर 2023 व 17 सितम्बर 2023 को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जा चुका है। कार्यवाही न होने के कारण इमारत इमामवाड़ा ध्वस्त कर खंडहर में तब्दील कर दिया गया है। अवैध कब्जेदार अपने धन बल के चलते कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डलवा दिया है। 18 जनवरी 2022 को वक्फ का मुआयना कराया गया था और आश्वासन दिया था कि कार्यवाही होगी।

वक्फ नम्बर 182 नवाब शाकिर अली खां का 1852 से स्थापित है। तथाकथित असरदार लोगों ने इसे 3 करोड़ में खरीद लिया। जिसके कागजात भी है और जिसकी जानकारी शिया बोर्ड लखनऊ को दी गई थी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने भी संज्ञान में लिया था। अभी तक कार्यवाही नहीं की गई और न ही वक्फ को बचाया गया है। शीघ्र कार्यवाही की जाये।

**मुख्यमंत्री को भेजा जा चुका है ज्ञापन**

## सुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करायें सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी वीके सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा दिनांक 22 फरवरी (आज) से संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में तैनात किये गये सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्टेट को निर्देशित किया हैं कि वह निर्धारित डियूटी/तैनाती के स्थल/केन्द्र पर ससमय उपस्थित होकर परीक्षाओं को सुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। इसमें बरती गयी उदासीनता एंव लापरवाही पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक एवं वैद्यानिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान समस्त सीसीटीवी कैमरे भी दुरुस्त रखे जायें। साथ ही छात्र-छात्राओं की गहनता से तलाशी ली जाये। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# अन्नप्राशन संस्कार से संतान बलवान व चरित्रवान होती है: सोमवारपुरी


हवन में भाग लेते कल्पवासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीराम नगरिया के वैदिक क्षेत्र में आयोजित चरित्र निर्माण शिविर में संस्कारों का प्रशिक्षण दिया गया। आये हुए अनेकों विद्वानों ने मनुष्य के जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता महंत सोमवारपुरी महाराज ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों सभी संस्कार वैदिक रीति से नियमित होने चाहिए। जिससे संतान चरित्रवान व बलवान बने। अन्नप्राशन संस्कार का सामूहिक आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत सोमवारपुरी महाराज व आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने बालक उत्कर्ष आर्य को मधुर पदार्थ खीर खिलाकर की। आचार्य ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने संस्कार विधि में लिखा है कि अन्नप्राशन संस्कार सातवां संस्कार है। जब बालक छः मास का हो जावे तब उसकी आंतों में अन्न पचाने की क्षमता विकसित होने लगती है, तभी विद्वानों को बुलाकर यज्ञ कर का थोड़ा-थोड़ा मिष्ट पदार्थ बालक को रुचि अनुसार खिलाना चाहिए। इससे पूर्व बालक को अन्न खिलाना वैज्ञानिक रूप से भी निषेध है। ऋषियों ने सभी संस्कारों की जो अवधि निश्चित की है उसी अवधि में सभी संस्कार होने चाहिए। शिवनारायण आर्य व धर्मवीर आर्य ने ईश्वर भक्ति के गीत सुनाएं। उदिता आर्या ने ऋषि दयानंद की महिमा के गीत गाकर उनको गुणानुवाद किया। आचार्य विवेक ने यज्ञ की सम्पूर्ण विधि को सम्पन्न कराया। यजमान हरिओम शास्त्री व रेनू आर्या ने सपरिवार यज्ञ में आहुतियां डाली तथा भण्डारे का आयोजन कर साधु संतों व कल्पवासियों को ऋषि प्रशाद वितरित किया। कार्यक्रम में बाबा जमुना दास, दलवीर शास्त्री, सुरेश चंद्र वर्मा, शिशुपाल आर्य, उदयराज आर्य, रत्नेश द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, उपासना कटियार, ऋतु आर्या, नीलम राजपूत, उदिता आर्या आदि उपस्थित रहे।


पुलिस हिरासत में आरोपीगण

## पुलिस ने आठ वारंटियों को दबोचा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान आठ वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भाटी, वउनि नरेन्द्र सिंह, उनि चमन सिंह के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधियों की धरपकड़ अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से आठ वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम वीरपाल पुत्र छदामी उर्फ गयादीन, अरविन्द पुत्र सूरजपाल निवासीगण ग्राम निसाई, संजय राजपूत पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम लुकुटपुरा, अवनीश उर्फ तांत्रिक पुत्र अमर सिंह निवासी लगुनावारी, दीपू उर्फ दीपक कुमार पुत्र मुन्नालाल, अर्जुन पुत्र लालाराम निवासीगण गिहार बस्ती तकीपुर, नर सिंह पुत्र रामसरन निवासी राजीव नगर, मुन्ना पुत्र विजयपाल निवासी दहेलिया खिमसेपुर मोहम्मदाबाद बताया। पुलिस ने आठों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### राजेश अग्निहोत्री व ब्रह्मदेव मिश्रा की वरिष्ठ सहायक प्रधान पद पर प्रोन्नति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार्यालय शिक्षा निदेशक प्रयागराज द्वारा राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ में कार्यरत वरिष्ठ सहायक राजेश अग्निहोत्री की कार्यालय राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद में रिया प्रधान सहायक के पद पर प्रोन्नति तथा कार्यालय राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में कार्यरत वरिष्ठ सहायक ब्रह्मदेव मिश्रा की कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक की नगर में रिया प्रधान सहायक के पद पर प्रोन्नति की गई है।

### महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 22 फरवरी गुरुवार को होगा। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। यह जानकारी प्राचार्य डा0 शालिनी ने दी है।

### राजीव पाठक ने होने वाली किसान महापंचायत का किया समर्थन


किसानों को समर्थन देते डॉ. राजीव पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 26 फरवरी को होने जा रही विशाल किसान महापंचायत के लिए जनपद के प्रतिष्ठित लोगों का सहयोग व समर्थन लिया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित बब्लू व नरेन्द्र सोमवंशी व अवधेश सोमवंशी द्वारा शहर के विभिन्न लोगों से जन सम्पर्क कर समर्थन लिया जा रहा है। समाजसेवी चिकित्सक, राजनैतिक के अलावा अन्य संस्थाओं के लोगों से महापंचायत के लिए समर्थन मिल रहा है। फतेहगढ़ स्थित समाजसेवी डॉ. राजीव पाठक से किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल मिला और 26 फरवरी को होने वाली किसान महापंचायत के लिए डॉ. राजीव पाठक से समर्थन मांगा। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि किसान अन्नदाता है, उनकी समस्या हर व्यक्ति की समस्या है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए होने वाली किसान महापंचायत को उन्होंने अपना समर्थन दिया और आश्वासन दिलाया कि पूर्ण सहयोग किया जायेगा। शहर में बड़ी संख्या में लोगों से समर्थन मिल रहा है। 26 फरवरी को गंगापार क्षेत्र के राजेपुर के पास मैदान में किसान पंचायत आंदोलन होगा। जिसे सफल बनाने के लिए रुपरेखा बनायी जा रही है।

### एसपी ने बदले कई थानाध्यक्ष


एसपी विकास कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कई थानों के थानाध्यक्ष बदल दिये। जनकारी के अनुसार बुधवार को एसपी विकास कुमार ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से एसओजी प्रभारी अमित गंगवार को थाना मऊदरवाजा का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। वहीं थानाध्यक्ष मऊदरवाजा निरीक्षक आमोद कुमार सिंह को थाना नवाबगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। थानाध्यक्ष नवाबगंज उप निरीक्षक जेपी शर्मा को थानाध्यक्ष जहानगंज बनाया गया है।

बोर्ड परीक्षा विशेष....

# परीक्षा से डरे नहीं परीक्षा को अवसर समझें: सुनील कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला मनोविज्ञान प्रवक्ता सुनील कुमार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि परीक्षा से डरना नहीं है। परीक्षा को एक अवसर की तरह समझे। जिससे आपके उद्देश्य के मार्ग की प्राप्ती हो। बोर्ड परीक्षा में छात्र दबाव को महसूस करते है।

मनो विज्ञान के अनुसार जब किसी कार्य को परीक्षा का नाम दिया जाता है तो उस कार्य को करने वाले छात्रों में 43 प्रतिशत दबाव आना स्वाभाविक होता है। इस दबाव को दूर करने के लिए परीक्षा को अवसर समझे। जिससे आप 43 प्रतिशत दबाव से बच सकते है। परीक्षार्थियों को यह समझने की जरुरत है कि जिस अवसर का वह इंतजार कर रहे थे वह आज आपके सामने है। आपको आपने आत्म को यह बताना है कि आपने अभी तक सभी परीक्षायें 1 से 9 तक और 1 से 11 तक पास की है और यह परीक्षा पास करने वाला छात्र कमजोर और डरने वाला नहीं है। इतनी परीक्षायें पास कर चुके है तो इस परीक्षा को भी आराम से पास करेंगे। इससे आपके कार्य का परिणाम अच्छा रहेगा। आपको अपने विषय का पाठ्यक्रम शिक्षक से सावधानी पूर्वक अपनी किताबों से नोट करें और नोट करने तक सरलता से कठिनता की ओर वाले चैप्टर पढ़ते हुए पार करें। लघु उत्तरीय प्रश्न, अतिलघु उत्तरीय प्रश्न, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न तैयार करें। एक बाद ध्यान में रखे चैप्टर का नाम अर्थ परिभाषा व दायित्व आदि को पढ़े। जिससे आपके जहन में वस जाये। अपनी तुलना अन्य छात्रों से न करें और नींद अच्छी तरह से लें, जिससे पढ़ाई में मन लगे। प्रतिदिन 10 से 15 मिनट तक शारिक व्यायाम करें और अपनी चिंताओं एवं आकांक्षाओं को निगेटिव न लें। हताश होने की कोई जरुरत नहीं। बेचैनी मन में न पाले और परीक्षा में अध्ययन करें।


सुनील कुमार प्रवक्ता मनोविज्ञान

## युवा महोत्सव समिति ने डीएम को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति के प्रतिनिधि एवं मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे द्वारा नवांगतुक जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रत्येक युवाओं की तारीफ की एवम उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जनपद में होते रहने चाहिए।

जिससे गांव, क्षेत्र के बच्चों, युवाओं को एक अच्छा और सटीक मंच मिले।

जिसे से वह आगे चलकर देश के लिए अच्छा कर सके और खुद का विकास हो और नए राष्ट्र का निर्माण हो।

# व्यापार मण्डल के संरक्षकों को जिलाध्यक्ष ने किया सम्मानित


संरक्षकों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने अपने प्रतिष्ठान पर संरक्षकों का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। संरक्षक पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, अजय गंगवार सन्नू बाबू का माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।

उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं व व्यापार मण्डल की प्रगति के लिए सभी व्यापारियों को व्यापार मण्डल से जोड़ा गया है। कुलदीप गंगवार ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए हर समय तैयार हूं। भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि हर कोई व्यक्ति किसी न किसी तरह का व्यापारी होता है। इसलिए व्यापारियों का सम्मान करना मेरे खून में है। व्यापारियों के हितों के लिए हर सम्भव मदद के लिए मैं तैयार हूं। अजय गंगवार सन्नू बाबू ने कहा कि व्यापार मण्डल ने हमेशा व्यापारियों के लिए कार्य किया है। आज कुछ लोग लाभ के लिए व्यापार मण्डल में जुड़ रहे है। उन्हें अपनी सोंच बदलनी चाहिए। व्यापार मण्डल एक संगठन नहीं एक मिशन है। इसके लिए हर व्यापारी को तन मन धन से संगठन के प्रति सजक रहना चाहिए। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कोतवाली में बने मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

- धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर क्षेत्र कोतवाली के नवनिर्मित मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा कर भगवान शंकर, नंदी, मां दुर्गा, हनुमान जी की मूर्ति का आयोजन विधि विधान के साथ प्रतिष्ठित किया गया।

शहर कोतवाली परिसर में मन्दिर का निर्माण कराया गया है। जिसमें भगवान शिव, नंदी, हनुमान जी, दुर्गा मां की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। तीन दिन चलने वाले पूजा अर्चना कार्यक्रम को पं. रामनरेश दुबे व डोरी लाल मिश्रा ने विधि-विधान से पूजन कराया। भगवान को जलाधिवास, पुष्पधिवास, अन्नाधिवास कराया। मुख्य यजमान प्रमोद द्विवेदी, लक्ष्मी द्विवेदी, दयानिधि अग्निहोत्री व प्रीति अग्निहोत्री ने मूर्ति जागरण, मंडप पूजन आदि सम्पन्न कराया। पूजन के बाद शोभायात्रा कोतवाली से शुरू होकर घुमना, नेहरु रोड, चौक, मठिया देवी मन्दिर, पंडाबाग मन्दिर से पुनः कोतवाली में आकर महाआरती के साथ विराम हुआ। यात्रा में कोतवाल भोलेंद्र चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष कादरीगेट विनोद शुक्ला, यातायात प्रभारी रजनेश यादव व हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा व नगर के गणमान्य लोग व महिलायें मौजूद रही।


शोभायात्रा में शामिल भक्तगण

## मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम पकरिया निवासी सुदामा देवी पत्नी राधेश्याम ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 4 फरवरी को समय करीब 6.15 बजे पीड़िता का पुत्र रामचंद्र पुत्र राधेश्याम मेला रामनगरिया में आलू भट्टी की दुकान से अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था। छिबरामऊ रोड मंदिर के सामने जहानगंज की तरफ से आ रहे वाहन चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से राम मनोहर लोहिया भर्ती कराया गया। जहां पुत्र के गंभीर चोटें आई हैं और इलाज चल रहा है। चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने राजपूताना चौकी पर खड़ा करवा दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# मांगों को लेकर किसान यूनियन ने मुख्यालय पर दिया धरना

- ट्रैक्टर रैली निकालकर ताकत का कराया एहसास
- गेट बंद कर देने पर किसानों का फूटा गुस्सा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने ट्रैक्टर रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी व राष्ट्रपति को सम्बोधित मांग पत्र एसडीएम सदर को सौंपा।

भाकियू टिकैत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कानपुर मंडल प्रभाकांत मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नेकपुर चौरासी स्थित जिला कार्यालय से ट्रैक्टर रैली निकालकर जिला प्रशासन को अपनी ताकत का एहसास कराते हुए चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का निस्तारण जल्द न हुआ तो उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरविन्द सिंह शाक्य की अगुवाई में बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति व डीएम को सम्बोधित 20 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर गजराज सिंह यादव को सौंपा।

किसानों के ट्रैक्टरों को कार्यालय के मुख्य गेट पर रोक लिया गया। इससे आक्रोशित होकर पदाधिकारी डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये और डीएम को बुलाने की मांग करने लगे। लगभग 4:30 पर जब जिलाधिकारी आये तो उन्हें भी ज्ञापन दिया। प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि आज किसान परेशान है, उसको उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार फसलों पर एमएसपी लागू नहीं कर रही है। किसानों का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि फसल पैदा करने वाला किसान आज दर-दर की ठोकर खा रहा है, आंदोलन करने पर मजबूर है। किसानों का संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। विधिक सलाहकार अजय कटियार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के विरोधी है। अगर वह किसानों के हितैशी है तो सबसे पहले संगठन के मुखिया स्व. महेन्द्र सिंह टिकैट को भारत रत्न दें और हम लोग इसकी मांग भी करते है। लक्ष्मी शंकर जोशी, अभय यादव, कुलदीप दीक्षित, मुकेश शर्मा, रामबरन राजपूत, योगेंद्र सिंह, पुजारी कटियार, कृष्ण गोपाल मिश्रा, सोनू सिंह सोमवंशी, कमलेश शाक्य, राम नारायण पांडे, विपुल सोमवंशी, ज्ञानेंद्र सिंह सोमवंशी, सुधीर कटियार, दिनेश कटियार, राजीव कटियार, प्रभात कटियार, विजेंद्र सिंह, अभिषेक कटियार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।


मुख्यालय पर धरना देते अन्नदाता

# काशीराम कालोनी में टूटी सड़क व छज्जे सही कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिन्दू महासभा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष पुष्पा ठाकुर ने नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के पति मनोज अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि वार्ड नम्बर 18 काशीराम कालोनी में ब्लाक नम्बर 4 के सामने वाली सड़क काफी समय से टूटी है, वहां होली रखी जाती है। इस समस्या को लेकर काशीराम कालोनी के लोगों ने समाधान करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ब्लाक के पीछे बने चैम्बर ध्वस्त है, उनके ढक्कन भी नहीं है। कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में चैम्बरों पर ढक्कन लगवाये जाये। ब्लाक के पीछे छज्जे बने है उन पर बरगद व पकड़िया के पेड़ निकले हुए है। छज्जा गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। ब्लाकों के टूटे छज्जे सही कराये जाये। ब्लाक नम्बर 41, 29, 32, 26, 1,3 ,6 के छज्जे सही कराये जाये। 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान करने की मांग की गई है। इस दौरान काशीराम कालोनी के लोग मौजूद रहे।


पालिकाध्यक्ष के पति मनोज अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते काशीराम कालोनी के लोग

# भारत को विश्वगुरु बनाना प्रधानमंत्री का संकल्प

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकसित भारत संकल्प 2024 मेगा प्रदर्शनी का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में आयोजित विकसित भारत संकल्प 2024 मेगा प्रदर्शनी कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प महज एक संकल्प नहीं, बल्कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का दृढ़ विश्वास है।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से ऐलान किया था कि जब 2047 में देश आजादी के 100 साल मनाएगा, तब हमारा राष्ट्र ध्वज एक विकसित भारत का ध्वज होना चाहिए। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमें बिना रूके, बिना थके आगे बढ़ना है और इस संकल्प के लिए सुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। महज दो माह में ही इस यात्रा से लगभग 60 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री ने साढ़े 9 वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो सकारात्मक माहौल बनाया है, वह किसी भारतीय से छिपा नहीं है। इस संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं अत्यंत सहायक सिद्ध हुई हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, आने वाले कुछ वर्षों में विकसित भारत की संकल्पना को जन-जन तक पहुंचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ अवश्य मिला है। उसमें भी जब ये लाभ अंत्योदय की भावना को ध्यान में रखते हुए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है, जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है। 2014 से पहले भारत एक पिछलग्गू राष्ट्र की श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व का एक अग्रणी राष्ट्र बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने एक ओर जहां उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया। हमने देवभूमि में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कठोर कदम उठाए। इसके अलावा उत्तराखंड बनने के 23 वर्षों में पहली बार भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई। मातृशक्ति को मजबूत करने के लिए जहां हमने प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की।

### मोदी के नेतृत्व में बदली 34 साल पुरानी शिक्षा नीति

महिला सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 11.72 करोड़ इज्जत घर बनाए गए और दस करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन दिए गए। इसके अलावा रोजगार मेला लगाकर दस लाख भर्तियों का अभियान प्रारंभ किया गया। कोरोना जैसी महामारी का हमने डटकर मुकाबला किया और लोगों को इसके मुफ्त टीके लगाए गए। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना से दस करोड़ परिवारों का पांच लाख रुपए का बीमा भी कराया गया। पूर्वोत्तर में शांति व समृद्धि स्थापित करने के उद्देश्य से कई समझौते किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में 34 साल पुरानी शिक्षा नीति भी बदली गई और कश्मीर घाटी में घुसपैठ की घटनाओं में भी कमी आई। 2014 से पूर्व देश में सड़कों की खस्ता हालत किसी से छिपी नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश में प्रतिदिन 38 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश का सांस्कृतिक वैभव पुनः वापस लौट रहा है।

## ऊंची चोटियों पर होगी बर्फबारी, ठंड बढ़ाएगी झोंकेदार हवाएं

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड में 21 से 23 फरवरी तक पहाड़ों पर बर्फबारी का क्रम जारी रह सकता है। निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूरे प्रदेश में पिछले दो दिनों से बादल छाए हुए हैं। हालांकि दोपहर में धूप भी निकल रहे हैं, लेकिन सुबह-शाम कड़ाके की ठंड हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन मौसम का मिजाज बदला रहेगा। ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज 23 फरवरी तक बदला रहेगा। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर समेत अन्य जिलों में कहीं-कहीं गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमक सकती है। ओलावृष्टि एवं झोंकेदार हवाएं चलने की अधिक संभावनाएं हैं। उत्तराखंड में दो दिन बारिश, बर्फबारी सहित ओलावृष्टि एवं तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### राहुल के नजदीकी निकेत पटेल भाजपा में शामिल

**सूरत।** राम मंदिर मुद्दे पर उदासीन वाले रुख से कांग्रेस में भगदड़ सी मची है। लोकसभा चुनाव से पूर्व बड़े नेता से लेकर पार्टी के ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ता तक कांग्रेस छोड़कर केसरिया खेस धारण कर रहे हैं। बुधवार को सूरत में कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल ने भी कांग्रेस छोड़कर अपने दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सूरत शहर कार्यालय में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में निकेत पटेल ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का केसरिया खेस पहन लिया। इस अवसर पर निकेत पटेल ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे पर अपना रुख साफ नहीं कर पाई। राम मंदिर के निर्माण की बात हो या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, इन सभी पर कांग्रेस अपनी बात स्पष्टता से नहीं कह सकी। इसका उन्हें बहुत दुख था। पटेल ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी पहले की तरह ही है।

### डिजी यात्रा ऐप यूजर्स की संख्या 45.8 लाख के पार

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन पर डिजी यात्रा एप्लिकेशन इंस्टॉल कर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। नागर विमानन मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा है कि इस वर्ष एक जनवरी तक डीजी यात्रा एप का उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या 38 लाख थी। इस वर्ष 10 फरवरी तक बढ़कर यह संख्या 45.8 लाख के पार हो गई है। यह बढ़ोतरी 20.5 प्रतिशत तक दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में यह भी कहा है कि दिसंबर 2022 में तीन हवाई अड्डों, नई दिल्ली, बेंगलुरु और वाराणसी में डीजी यात्रा सुविधा की शुरुआत की गई थी। इसे बाद में 10 और हवाई अड्डों पर शुरू किया गया। इसी तरह से 31 मार्च, 2024 तक चेन्नई हवाई अड्डे पर डिजी यात्रा एप की सुविधा शुरू की जाएगी। दरअसल, डिजी यात्रा एक प्रक्रिया है, जो यात्रा, पहचान, स्वास्थ्य या हवाई यात्रा के अन्य आवश्यक डाटा को डिजिटली वेरिफाई करने के लिए चेहरे के बायोमेट्रिक्स का उपयोग करता है।

### टाइमिंग को लेकर हंगामा, 15 मिनट पहले आएंगे शिक्षक

**पटना।** बिहार में सरकारी स्कूलों की टाइमिंग को लेकर बुधवार को विधानसभा में विपक्ष ने फिर हंगामा किया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने साफकर दिया कि शिक्षकों को छात्रों के स्कूल आने से 15 मिनट पहले आना होगा। दरअसल, मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने स्कूल टाइमिंग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भी बात अधिकारी नहीं सुनते। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थिति साफकरते हुए कहा कि शिक्षकों को छात्रों से आने के 15 मिनट पहले यानी सुबह 9.45 बजे आना होगा और छात्रों के जाने के बाद यानी शाम को 4.15 पर स्कूल से जाएंगे। यही नियम है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष की शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक के तबादले की मांग को नकारते हुए उन्हें ईमानदार अधिकारी बताया। उन्होंने विपक्ष पर भड़कते हुए कहा कि जितना मुर्दाबाद के नारे लगाएंगे अगली बार विपक्ष की संख्या और कम हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम ने मंगलवार को ही साफकर दिया था कि स्कूल की टाइमिंग सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी कर दी।

### राकेश टिकैत की अगुवाई में किसानों ने तोड़ा बैरिकेडिंग

**मेरठ।** राकेश टिकैत की अगुवाई में किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और ट्रैक्टरों सवार होकर सैकड़ों किसान मेरठ कलेक्ट्रेट प्रदर्शन करने के लिए पहुंच गए। पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू टिकैत आज ट्रैक्टर मार्च निकाली है। विभिन्न जिलों में अलग अलग रास्तों से किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर कलक्ट्रेट तक पहुंचने लगे हैं। मुजफ्फरनगर में ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान व कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां किसान धरने पर बैठे हैं। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि एमएसपी और किसानों की अन्य समस्याओं का समाधान करने में सरकार नाकाम रही है। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत या राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी ट्रैक्टर मार्च में शामिल होकर मेरठ पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समर्थन में पूरे देश का किसान एकजुट है। हम किसानों के लिए कहीं भी जाने को तैयार हैं। कहा कि किसानों के लिए दिल्ली दूर नहीं है। उधर, पीनना गांव में थांबेदार मित्रपाल सिंह के आवास पर जुटे खाप चौधरियों ने किसान आंदोलन का समर्थन किया। पुलिस ने यातायात व्यवस्था के लिए एडवाइजरी जारी की है, विभिन्न मार्गों पर चौकसी बरती जा रही है।

## स्वस्थ व विकसित भारत बनाने की ओर हम बढ़ रहे आगे : मनसुख मंडाविया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना एक स्वस्थ भारत, एक विकसित भारत बनाना है। ऐसा भारत जिसमें प्रत्येक नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। सभी को आसानी से सही और सस्ती दवा उपलब्ध हो।

बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अनुसंधान प्राथमिकता पर क्षेत्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए डॉ. मंडाविया ने उक्त बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार आवश्यक चिकित्सा की तर्ज पर आवश्यक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है। ये प्रयास आने वाले समय में सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य तकनीकों को उपलब्ध, सुलभ, किफायती और न्यायसंगत बनाएंगे।



उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि अमीर-गरीब का भेद किए बिना सभी को समान रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।

इस कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, शिलांग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद - क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, डिब्रूगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मेघालय सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. माज़ेल अम्पारीन लिंगदोह भी उपस्थित थे।

## बगैर जातीय जनगणना के जनता को न्याय मिलना असंभव : राहुल

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कानपुर के घंटाघर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जातीय जनगणना के बाद ही न्याय मिल पाएगा। चाहे जितना चिल्लाओ इस सरकार में रोजगार नहीं मिलेगा। आपको सताया जा रहा है। भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। मोदी एवं योगी सरकार में युवाओं को रोजगार, महिलाओं एवं किसानों को न्याय पुलिस और न्यायालयों से नहीं मिल रहा है। पिछड़ो, दलितों एवं आदिवासियों को किनारे कर दिया गया है। राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर देश के राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया। वहां पिछड़ा, दलित और आदिवासी नहीं पहुंचे। वहां दिखाई दिए, अडानी और अम्बानी सहित देश के अन्य पंद्रह प्रतिशत के लोग ही वहां ऐसे मौके पर दिखे। देश में 85 प्रतिशत के लोगों को किनारे कर दिया गया है। महेज पन्द्रह प्रतिशत वालों का अब कब्जा हो चुका है।

## ग्रामीण भारत में अब किसी भी समय पहुंचेगी चिकित्सकीय सहायता : पाठक

▸ डिप्टी सीएम ने लोटस टीएमटी मेडिकल बस को दिखाई झंडी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ग्रामीण भारत में किसी भी समय और कहीं भी चिकित्सकीय सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से लोटस टीएमटी मेडिकल बस का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा शुभारंभ किया गया। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान ने भारत की इस सबसे बड़ी हॉस्पिटल ऑन व्हील्स सेवा को लॉन्च किया है।

32 फीट लंबी लोटस टीएमटी मेडिकल बस बीडीजी मेटल एंड पावर लिमिटेड द्वारा प्रायोजित है और इसे आनंदलोक अस्पताल, कोलकाता द्वारा चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। यह विशेष रूप से दूरदराज, कठिन और पहुंच से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को सुविधाजनक बनाने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है। इस रणनीति का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा को विशेष रूप से ग्रामीण, कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में रहने वाली आबादी के दरवाजे तक ले जाना है। पिछले 18 महीनों में इस मेडिकल बस ने लगभग 23 हजार किलोमीटर की यात्रा करते हुए 400 शिविरों में लगभग 56,000 मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई हैं। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, धीरज ओझा जी पूर्व विधायक, अनुप सिंह समाजसेवी जरियारी, सुमित भट्ट, बीडीजी समूह के निदेशक, राजीव कुमार मिश्रा, संयोजक-बीडीजी आरजीएसएस, विजय सिंह एरिया मैनेजर बी.डी.जी.ग्रुप उत्तरप्रदेश और कई अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ मिलेगा उक्त मेडिकल बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा, दन्त परीक्षण व चिकित्सा, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, सामान्य चिकित्सा ,इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी, एक्सरे सहित कई सुविधाएँ रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। इस 32 फीट लंबी मेडिकल बस के अंदर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ हैं, जैसे आँखों की जाँच और उपचार, दाँतों की जाँच और उपचार और एक सामान्य क्लिनिक। इसमें परीक्षण, एक्स-रे और ईसीजी सुविधाओं के लिए एक प्रयोगशाला भी है।

# हाई ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए रामबाण है चुकंदर



### चुकंदर के फायदे और सावधानियां

**आहार के एक्सपर्ट कहते हैं, चुकंदर खाने से शरीर को काभी लाभ प्रदान होता है, जिन लोगों को लो ब्लड प्रेशर की समास्या रहती है उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। ये ब्लड प्रेशर को और कम कर सकती है। आयरन की कमी दूर करने में, कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने से रोकने, लिवर में फैट का एकत्रित होने से रोकने में इसका सेवन करने में काफी लाभ होता है।**

### चुकंदर इतना फायदेमंद क्यों है?

**चुकंदर में डाइट्री नाइट्रेट होता है जिसे जैविक रुप से एक्टिव नाइट्राइट और नाइट्रिक ऑक्साइड परिवर्तित कर देता है। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को आराम देने और उन्हें चौड़ा करके रक्त के संचार को ठीक बनाए रखने में मदद करता है।**

थकान और तनाव भरी लाइफ में बीमारियां काफी बढ़ती जा रही है। गलत खान-पान की वजह से सेहत का ख्याल रखना मुश्किल हो गया है। हाई ब्लड प्रेशर को शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का मुख्य कारण माना जाता है। इससे अधिक नुकसान हृदय की सेहत पर होता है। आइए आपको बताते हैं चुकंदर के फायदे।

आजकल हाई ब्लड प्रेशर की समास्या काफी देखने को मिल रही है। काम में व्यस्त व्यक्ति अपना ख्याल ढंग से नहीं रख पाता है। तनाव की वजह से कई सारी बीमारियां होने लगती है। हाई बलड प्रेशर को शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। इस वजह से सबसे ज्यादा नुकसान हृदय पर ही पड़ता है। स्वास्थ्य एक्सपर्ट के मुताबिक, जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा रहता है उनमें हार्ट के अलवा आंखों, लिवर और किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसे कंट्रोल में रखने के लिए सभी लोगों को विशेष रुप से ध्यान रखना चाहिए। स्वास्थ्य एक्सपर्ट कहते है कि, आहार और लाइफस्टाइल को अच्छा रखकर ब्लड प्रेशर रोगियों की समास्या काफी कम हो सकती है। लाल रंग के चुकंदर का सेवन करना भी आपके लिए काफी फायदेमंद है।

अध्ययन में पता चला है कि अधिकतर लोगों ने दिन में एक गिलास चुकंदर का जूस पीकर रक्तचाप को काफी कम किया है। हाई ब्लड प्रेशर की समास्या दिल का दौरा, स्ट्रोक और लंबी हृदय विफलता जैसी खतरनाक स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा बढ़ सकता है। हाई ब्लड प्रेशर से किडनी और लिवर से संबंधित रोगों का भी कारक माना जाता है।

## सिख अधिकारी को खलिस्तानी कहने पर देश से माफी मांगे भाजपा : 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी( आप) ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में तैनात एक सिख आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया है और पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने आज कहा,÷ बंगाल में ड्यूटी पर तैनात आईपीएस अधिकारी को भाजपा नेताओं ने खालिस्तानी बोलकर अपमानित किया है। भाजपा नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर उस आईपीएस अधिकारी को केवल इसलिए खालिस्तानी बोला क्योंकि वह एक सिख परिवार में पैदा हुए और वह सर पर पगड़ी बांधते हैं। यह इस बात को दर्शाता है कि भाजपा के नेताओं में ऊपर से लेकर नीचे तक किस तरह की नफरत की विचारधारा को कूट-कूट कर भरा गया है। उन्होंने कहा, भारत के अंदर सिख धर्म को मानने वालों का एक लंबा इतिहास है।

# प्रधानमंत्री मोदी मेहसाणा में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को अपने गुजरात दौरे के दौरान राज्य के लिए अनेक विकास कार्यों की सौगात ला रहे हैं। प्रधानमंत्री मेहसाणा में विभिन्न विभागों के 13,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी इस कार्यक्रम के दौरान मेहसाणा में उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत भारतनेट चरण-2 के तहत 2042 करोड़ रुपये की लागत से तैयार गुजरात फाइबर ग्रिड नेटवर्क का लोकार्पण करेंगे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 22 जिलों में फैले 35,264 किलोमीटर फाइबर नेटवर्क के साथ 8030 ग्राम पंचायतों को कवर किया गया है। जिन्हें 100 एमबीपीएस तक की हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा प्रदान की जा रही है। नेटवर्क में बहुत ही कम अपग्रेडेशन करने के बाद इंटरनेट की गति को प्रति ग्राम पंचायत 1 जीबीपीएस तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत गुजरात बायोटेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के मुख्य अकादमिक भवन का लोकार्पण, ह्यूमन और बायोलॉजिकल साइंस गैलरी तथा गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में आकार लेने वाले गुजरात बायोटेक्नोलॉजिकल रिसर्च सेंटर (जीबीआरयू) के नए भवन का शिलान्यास भी किया जाएगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत 2500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क एवं भवन विभाग के अंतर्गत राज्य के सड़क एवं भवन विभाग (स्टेट आर एंड बी), राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और कैपिटल प्रोजेक्ट, गांधीनगर के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

### रेलवे की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेहसाणा में 2300 करोड़ रुपये से अधिक के खर्च से तैयार रेलवे की 5 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं में राधनपुर–सामखियाली (134.30 किमी) सेक्शन, मेहसाणा–जगुदण (10.84 किमी) सेक्शन, मेहसाणा–जगुदण (10.89 किमी) नई ब्रॉडगेज लाइन तथा मेहसाणा–भांडू मोटी दाऊ (8.89 किमी) सेक्शन आदि शामिल है। राधनपुर–सामखियाली सेक्शन पालनपुर–सामखियाली (247.73 किमी) रेल लाइन के दोहरीकरण का हिस्सा है, जो कच्छ के रण, जोधपुर, बीकानेर और आबू रोड जैसे पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी। परियोजनाओं के लोकार्पण से गुजरात के मेहसाणा, कच्छ, बनासकांठा, पाटण और अहमदाबाद के लोग लाभान्वित होंगे।

# आवाज के जादूगर दिग्गज रेडियो प्रेजेंटर अमीन सयानी का निधन

रेडियो जगत में आवाज के जादूगर कहे जाने वाले दिग्गज रेडियो प्रेजेंटर अमीन सयानी का निधन हो गया है। हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो गई। 91 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। इन दिनो मुंबई में थे अमीन सयानी। एक बड़ी खबर सामने आ रह है। रेडियो जगत के मशहूर अनाउंसर अमीन सयानी का हार्ट अटैक से निधन हो गया है।

अमीन सयानी की मौत से उनके बेटे रजिल सायानी गहरे सदमे में हैं। बेटे रजिल सायानी ने उनकी मौत की खबर मीडिया को दी थी। उन्होंने बताया कि अमीन सयानी को बीते दिन हार्ट अटैक हुआ था, जिसके बाद उन्हें तुरंत ही एनएच रिलायंस हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही अमीन सयानी ने दम तोड़ दिया। कल के दिन अमीन सयानी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। क्योंकि आज उनके कुछ रिश्तेदार उनके अंतिम दर्शन के लिए मुंबई आने वाले हैं। अमीन सयानी के अंतिम दर्शन को लेकर जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट भी जारी की जाएगी। अमीन सयानी का जन्म 21 दिसंबर 1932 में मुंबई में हुआ था। उनके भाई हामिद सयानी ने उन्हें यहां इंट्रोड्यूस कराया था। उन्होंने यहां 10 सालों तक इंग्लिश प्रोग्राम्स में पार्टिसिपेट किया। इसके बाद उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। अमीन सयानी कई फिल्मों में रेडियो अनाउंसर के तौर पर भी दिखे, जिनमें भूत बंगला, तीन देवियां, बॉक्सर व कत्ल जैसी मूवीज में काम किया है।



### अमीन सयानी ने किए 50 हजार से ज्यादा रेडियो कार्यक्रम

अमीन सयानी ने 50 हजार से ज्यादा रेडियो कार्यक्रम प्रोड्यूस/वॉयसओवर किए थे। करीब 19,000 जिंगल्स में आवाज देने के लिए भी अमीन सयानी जाने जाते थे, इसके लिए उनका नाम लिम्का बुक्स ऑफरिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। अमीन सयानी ने रेडियो की दुनिया में बड़ा नाम कमाया। उनकी आवाज का जादू लोगों के दिलों पर छाया हुआ था। अमीन सयानी रेडियो प्रेजेंटर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई से की थी।

# इन घरेलू उपायों से सुबह उठते ही बनेगा प्रेशर

खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के चलते कब्ज और पेट साफ न होना आम समस्या बन गई है। ये समस्याएं ज्यादा लंबे समय तक रहे तो बवासीर, भगंदार, आंतों में जख्मों समेत कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसे में पेट साफ होना बहुत जरूरी है। अगर लंबे समय से आपको पेट साफ न होने की समस्या है तो दवाओं के बदले ये असरदार घरेलू नुस्खे को आजमाएं। इससे आपको सुबह उठते ही प्रेशर बनेगा।



### चम्मच घी और गर्म पानी

घी एक गुड फैट है। इससे पेट के सारे टॉक्सिन निकल जाते हैं और डाइजेस्टिव सिस्टम बूस्ट होता है। वहीं ये पेट भी साफकरने में मददगार है। रोज सुबह 1 चम्मच घी को गर्म पानी के साथ लेने से आपको जल्दी फर्क नजर आएगा। इस उपाय को सुबह खाली पेट ही करें।

### त्रिफला चूर्णा

एक्सपर्ट्स की मानें तो त्रिफला चूर्णा भी पेट साफ करने में बहुत कारागार है। हर दिन रात को गुनगुने पानी से आधा चम्मच त्रिफला चूर्ण खाने से गजब का फायदा मिलता है। रात में त्रिफला चूर्ण खाने से अगली सुबह पेट अच्छे से साफ हो जाएगा और बाउल मूवमेंट भी बेहतर होगी।

### मुनक्का

कब्ज से छुटकारा पाने के लिए मुनक्का का सेवन भी किया जा सकता है। रात को सोने से पहले 5-10 मुनक्का को दूध में उबालकर इसका सेवन करने से कब्ज दूर हो सकता है और अगली सुबह आपका पेट साफ हो जाएगा। पाचन तंत्र के लिए मुनक्का बहुत लाभदायक है।

### दही

एक स्टडी में पाया गया है कि दही में मिलने वाला बैक्टीरिया गट माइक्रोबायोटा की संख्या में सुधार करता है। साथ ही दही में मिलने वाला लैक्टिक एसिड पेट की समस्याओं में लाभ देता है। हर दिन 1 कटोरी दही का सेवन करने पर कब्ज और डायरिया जैसी समस्या से निजात पाई जा सकती है।

### कान में जमी मैल सापफ करने के लिए आजमाएं ये नुस्खे



कान शरीर का सबसे नाजुक अंग होता है। ऐसे में इसके साथ कुछ भी ऐसा नहीं करना चाहिए जिसके कारण इसे नुकसान पहुंचे। कान के साथ की हुई थोड़ी सी भी छेड़छाड़ परेशानी का कारण बन सकते हैं। कान में गंदगी और खोट जमा हो जाना आम बात है ऐसे में इसे साफकरने के लिए अक्सर सभी ईयर बड्स, माचिस की तीली या किसी नुकली चीज का इस्तेमाल करते हैं लेकिन यह चीजें आपके कानों को नुकसान भी पहुंचा सकती हैं। ऐसे में आज आपको इस आर्टिकल के जरिए कान साफकरने के कुछ आसान से नुस्खे बताते हैं।

**डॉक्टर से भी लें सलाह** : यदि आपके कान में जमा खोंट बहुत ही ठोस हो गई है तो इसे खुद निकालने की जगह आप डॉक्टर से सलाह लें। वैसे तो ईयर वैक्स कानों को बाहर से आने वाली गंदगी से बचाने में मदद करती है परंतु जब ये ज्यादा मात्रा में हो जाए तो इससे साफ सुनाई भी नहीं देता। ऐसे में आपको कानों की सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए।

**तेल** : कान की खोंट या गंदगी निकालने के लिए आप तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम या फिर सरसों के तेल की दो बूंदे कानों में डालकर सिर को उसी डायरेक्शन में रखें। 5 मिनट तक इसे ऐसे ही रहनें दें।

**गर्म पानी** : कान की गंदगी साफकरने के लिए आप गर्म पानी इस्तेमला कर सकते हैं। एक कप गर्म पानी लें, फिर इस पानी को कानों में ध्यान से डालें और फिर साथ में ही निकाल दें इससे भी मैल आसानी से निकाल जाएगी।

**हाइड्रोजन पैरॉक्साइड** : कुछ लोग कानों की गंदगी निकालने के लिए हाइड्रोजन पैरॉक्साइड का इस्तेमाल भी करते हैं परंतु इसका इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह ले लें। इसके बाद ही इसे कानों में डालें।